24 अक्टूबर 2024

गुरुवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



सांसद के बयान पर नाराजगी, अररिया में जमकर मचा बवाल

2



## सीएम नीतीश ने सुपौल को दी 493 करोड़ की योजनाओं की सौगात

- मुख्यमंत्री ने किया महादलित बस्ती पोखर और स्कूल का निरीक्षण
- सीएम नीतीश ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के बीच किया चेक का वितरण



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सुपौल में 493 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच योजना लाभ का वितरण किया। वह मलाढ़ के वार्ड 12 महादलित टोला पहुंचे, जहां विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उनके साथ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने महादलित बस्ती का दौरा करते हुए पहले से सजाए गए पोखर और स्कूल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के बीच चेक का वितरण भी किया। उनके इस दौरे का उद्देश्य क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा और नई परियोजनाओं का शिलान्यास करना था, जिससे स्थानीय लोगों को आर्थिक और सामाजिक लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक पोखर का मुआयना के क्रम में सार्वजनिक पोखर में मछली का जीरा भी छोड़ा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि पोखर के तीनों तरफ सीढीनुमा घाट का निर्माण कराएं, ताकि लोगों को छठ व्रत, अनुष्ठान आदि के दौरान सहूलियत हो। मुख्यमंत्री ने 6.82 करोड़ की लागत से सुपौल जिला में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन भपटियाही सहित कुल दो पुलिस भवनों का उद्घाटन एवं 24.26 करोड़ की लागत से निर्मित 200 महिला सिपाही बैरक तथा छह थाना भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

शिक्षकों द्वारा कविता और खेल के माध्यम से छोटे बच्चों को दी जा रही शिक्षा की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग ठीक ढंग से बच्चों का ज्ञानवर्द्धन कर रहे हैं। इस तरीके से छोटे बच्चे जल्दी और ज्यादा सीखेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस तरह के 105 विद्यालय जिला में संचालित किए जा रहे हैं. इसके अलावा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र भी बनवा रहे हैं।

## प्रियंका गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट से भरा पर्चा, बोलीं- पहली बार अपने लिये मांग रही हूं वोट

**एजेंसी/वायनाड**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रोड शो के बाद वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मां सोनिया भाई और राहुल गांधी मौजूद रहे। प्रियंका गांधी ने पहली बार किसी चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। इससे पहले प्रियंका गांधी वाड्रा ने 2 किमी. लंबा रोड शो किया। रोड शो में सोनिया गांधी, राहुल गांधी भी शामिल हुए। रोड शो की शुरूआत सुबह 11 बजे कलपेट्टा बस स्टैंड से हुई। इसके बाद प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित किया। प्रियंका ने नामांकन भरने से पहले जनसभा को संबोधित करते हुए कहा पिछले 35 साल से अलग-अलग चुनाव में प्रचार कर रही हूं। यह पहली बार है, जब मैं अपने लिए वोट मांग रही हूं। यह बहुत ही अलग अहसास है।



वहीं वायनाड उपचुनाव को लेकर बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी को वायनाड के लोगों से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने यहां की जनता को बैकअप की तरह यूज किया। जब अमेठी ने उनको नकार दिया तो वायनाड ने उनको स्वीकार कर लिया। वे वायनाड के लोगों को बताए बिना दूसरी सीट से चुनाव लड़े। उन्हें लगता है कि यह एक पारिवारिक जागीर या निजी लिमिटेड कंपनी है।

### खबरें फटाफट

### इंडस्ट्रियल शराब पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों का है: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** इंडस्ट्रियल शराब पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों का है, इसे छीना नहीं जा सकता है। मामले पर सुनवाई के दौरान यह अहम टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने की है। 9 जजों की बेंच ने 7 जजों की बेंच के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि इंडस्ट्रियल शराब को रेगुलेट करने का अधिकार केंद्र के पास है। साल 2010 में यह केस 9 जजों की बेंच में ट्रांसफर हुआ था। इस साल अप्रैल में इस केस में 6 दिन लगातार सुनवाई हुई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज 9 जजों की बेंच ने 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने फैसले का विरोध किया। इंडस्ट्रियल अल्कोहल इथेनॉल का अशुद्ध रूप है। आमतौर पर सॉल्वेंट के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। ये लोगों के पीने के लिए नहीं होती। अनाधिकृत उपभोग से बचने के लिए, इंडस्ट्रियल शराब में उल्टी पैदा करने वाला पदार्थ मिलाकर भी बेचा जाता है।

### बिहटा से हथियार तस्कर गिरफ्तार

**पटना।** पटना के बिहटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां पुलिस ने बोलेरो से हथियार सप्लाई कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से तीन राइफल लगभग 100 से ज्यादा जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार हथियार भोजपुर जिले के आरा टाउन निवासी श्रवण कुमार है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। बिहटा पुलिस को सूचना मिली थी कि अमनाबाद बांध से एक बोलेरो सवार हथियार के साथ भोजपुर से बालू घाट पर हथियार सप्लाई करने जा रहा है।

### रूस दौरे पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने कजान में ब्रिक्स समिट को किया संबोधित

# भारत-चीन का संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति व स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण: मोदी

- ब्रिक्स की बैठक के बाद पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता
- बोले पीएम मोदी- सीमा पर शांति बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस दौरे पर हैं। बुधवार को पीएम ने कजान में ब्रिक्स समिट को संबोधित किया। ब्रिक्स की बैठक के बाद पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें पीएम मोदी ने कहा, भारत और चीन के संबंधों का महत्व हमारे लोगों के लिए ही नहीं बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी बहुत अहम हैं। सीमा पर बनी सहमित का हम स्वागत करते हैं। सीमा पर शांति बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि हम खुले-मन से बात करेंगे। बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों के लिए संवाद और सहयोग करना मतभेदों को दूर करना और एक-दूसरे की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायता करना है। दोनों पक्षों के लिए यह भी महत्वपूर्ण है कि वो अपनी अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारी को निभाएं. विकासशील देशों की ताकत और एकता को बढ़ाने के लिए उदाहरण स्थापित करें।



### बैठक में पीएम मोदी ने मतभेद सही ढंग से हल होने पर दिया जोर

जिनपिंग से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने लिखा, कजान ब्रिक्स समिट के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। भारत-चीन संबंध दोनों देशों के लोगों के साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक शांति व स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। मोदी-जिनपिंग की मुलाकात पर विदेश मंत्रालय ने भी जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि बैठक में पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि मतभेद सही ढंग से हल हों। बैठक में दोनों देशों ने सीमा पर शांति और स्थिरता पर जोर दिया। दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि जल्द मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री स्तर की बातचीत होगी।

### दोनों देशों ने एलएसी पर गश्त के समझौते पर जताई है सहमति

मोदी-जिनपिंग के बीच ये बैठक ऐसे समय हुई जब भारत-चीन ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर अपनी सेनाओं द्वारा गश्त के समझौते पर सहमति जताई है। चार साल से चले आ रहे इस गतिरोध को खत्म करने की दिशा में इसे बड़ी सफलता माना जा रहा है। इससे पहले 11 अक्टूबर 2019 को पीएम मोदी और जिनपिंग की मुलाकात हुई थी।

**2019 में महाबलीपुरम में हुई थी मुलाकात:** 2014 से 2019 के बीच पीएम मोदी और जिनपिंग की 18 बार मुलाकात हुई है। ये वो मौके थे जब मोदी-जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई थी। 18 सितंबर 2014 को जिनपिंग भारत आए थे। इसके बाद 14 मई 2015 को पीएम मोदी चीन गए थे। फिर 4-5 सितंबर 2016 को चीन में जी20 समिट हुई थी। इसमें दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद 8-9 जून 2017 को SCO की बैठक में दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई थी। फिर 26 अप्रैल 2018 में चीन के वुहान में और 11 अक्टूबर 2019 में महाबलीपुरम में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी।

## चक्रवाती तूफान दाना को लेकर अलर्ट जारी, मचा सकता है तबाही

- चक्रवाती तूफान दाना का असर पश्चिम बंगाल से लेकर ओडिशा, बिहार और झारखंड तक दिख सकता है
- बंगाल-ओडिशा समेत कई राज्यों में 24-25 अक्टूबर को भारी बारिश होने की है संभावना

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बंगाल की खाड़ी से उठने वाला चक्रवाती तूफान दाना अपना रौद्र रूप दिखानेवाला है। चक्रवाती तूफान दाना की वजह से 25 अक्टूबर तक हर ओर अलर्ट जारी किया गया है। साइक्लोन दाना का असर पश्चिम बंगाल से लेकर ओडिशा, बिहार और झारखंड तक दिख सकता है। मौसम विभाग ने बंगाल-ओडिशा समेत कई राज्यों में 24-25 अक्टूबर को भारी बारिश होने की संभावना जताई है। गंभीर चक्रवाती तूफान दाना से निपटने की तैयारियों में सरकार जुट गई है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने का काम जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र की मानें तो पुरी से लेकर पश्चिम बंगाल तट तक पूरे पूर्वी तट के चक्रवाती तूफान दाना से प्रभावित होने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के क्षेत्र के चक्रवाती तूफान में तब्दील होने और 25 अक्टूबर की सुबह पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और दक्षिणी पश्चिम बंगाल के तटों को पार करने की आशंका है। इस दौरान, 100-110 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। भारतीय तटरक्षक बल ने कहा कि वह हाई अलर्ट पर है और उसने अपने जहाजों और विमानों को तैयार रखा है ताकि चक्रवात के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### साउथ ईस्टर्न रेलवे ने रद्द की करीब 150 ट्रेनें

इस तूफान की वजह से साउथ ईस्टर्न रेलवे ने करीब 150 से अधिक ट्रेनें रद्द कर दी हैं। कोस्ट गार्ड को हाई अलर्ट पर रखा गया है। ओडिशा और बंगाल में प्रभावित होने वाले इलाकों के स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है। दोनों जगहों की सरकारों ने संवेदनशील इलाकों से लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने और शिक्षण संस्थानों को बंद करने का फैसला किया है।

## बेंगलुरु भारी बारिश के कारण एक निमार्णाधीन सात मंजिला इमारत ढही, सात लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

कर्नाटक में बेंगलुरु के बाबूसापल्या में एक निमार्णाधीन सात मंजिला इमारत ढह जाने के बाद खोज एवं बचाव अभियान के दौरान पांच और लोगों के शव बरामद किए गए हैं। इन शवों के मिलने के बाद, हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या अब सात हो गई है। यह घटना मंगलवार को हुई थी जिसके बाद से ही अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत-बचाव अभियान चला रही हैं। यह घटना उस दौरान हुई जब बेंगलुरु में भारी बारिश हो रही थी। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा है कि बेंगलुरु की यह निमार्णाधीन इमारत अवैध थी और इसके मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि कोई अनुमति नहीं दी गई थी। अवैध गतिविधियां चल रही थीं। पूरे बेंगलुरु में सभी अवैध निर्माण तुरंत रोक दिए जाएंगे। ठेकेदार, अधिकारी और यहां तक कि संपत्ति के मालिक, सभी पर कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा, मुझे मिली जानकारी के अनुसार, यहां 21 मजदूर थे। यहां रोजाना 26 लोग काम करते हैं।

**सीसीटीवी फुटेज आया सामने:** बिल्डिंग गिरने के समय का वीडियो भी सामने आया है। ये वीडियो घटनास्थल के पास ही मौजूद किसी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। वीडियो में पूरी मकान को एक साथ गिरते हुए देखा जा सकता है। घटना का वीडियो देखकर हर कोई हैरान है।

### तेजस्वी को भवन निर्माण विभाग ने दिया क्लीन चिट

**पटना।** पांच देश रत्न मार्ग वाले बंगले से सामान गायब होने का आरोप नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर लगा था। लेकिन अब भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने तेजस्वी यादव को क्लीन चिट दे दी है। भाजपा के आरोपों पर मंत्री जयंत राज ने कहा कि अभी तक आधिकारिक रूप से ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है। कोई सामान गायब हुआ है, ऐसी सूचना फिलहाल नहीं मिली है। निजी सचिव को हम नहीं जानते हैं, लेकिन अभी कोई नोटिस नहीं आया है कि कोई सामान गायब हुआ है। अगर ऐसा कुछ आता है तो हम जांच करवाएंगे।




### बाल संरक्षण में योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि, 1645 बच्चे किए गए पुनर्वासित

## परिवार से बिछड़े 93 हजार से अधिक बच्चे मिले अपने मां-बाप से

**केटी न्यूज/लखनऊ**

प्रदेश में बाल संरक्षण के लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रयासरत हैं। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज बाल संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश सरकार लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है। योगी सरकार की सक्रियता और जनहितकारी नीतियों के चलते अब तक 93,658 से अधिक बिछड़े हुए बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों से मिलाने में सफलता प्राप्त की है। इस अभूतपूर्व प्रयास ने हजारों परिवारों में खुशियां लौटाई हैं।



केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही योगी सरकार यूपी में विकास को एक नया आयाम दिया है। परिमाणस्वरूप उत्तर प्रदेश आज हर क्षेत्र में प्रगति की नई इबारत लिख रहा है। उत्तर प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित केंद्र सरकार की "मिशन वात्सल्य योजना" के अंतर्गत बाल संरक्षण के तहत राज्य सरकार ने 1645 बच्चों को गोद लेकर पुनर्वासित किया है। यह पहल न केवल इन बच्चों को सुरक्षित और प्रेमपूर्ण वातावरण में पलने-बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि उनके भविष्य को नई दिशा भी दे रही है। इस कदम से प्रदेश के अनेक बेसहारा बच्चों को एक नई जिंदगी मिली है।

इसके अलावा, योगी सरकार ने सभी जनपदों में टास्क फोर्स का गठन कर 1707 बाल विवादों का त्वरित निपटारा किया है। इन टास्क फोर्सों ने विवादित मामलों में तेजी से कार्रवाई करते हुए बच्चों को न्याय दिलाने में मदद की है। इस पहल से प्रदेश में बाल अधिकारों को सशक्त किया गया है और बच्चों के जीवन में सुधार लाने के प्रयासों को बल मिला है।

### बच्चों को प्रशिक्षित कर उन्हें स्वावलंबी बना रही योगी सरकार

योगी सरकार की बाल संरक्षण नीति के अंतर्गत 11,860 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिला है, जबकि 2 बच्चों को फॉस्टर केयर के जरिए सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया है। यह योजना बच्चों की सुरक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए एक बड़ा कदम साबित हो रही है। राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के तहत भी प्रदेश में 1015 किशोर-किशोरियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें से 29 किशोरों को रोजगार मिला है। प्रदेश में चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) सेवा भी 75 जनपदों में सक्रिय रूप से कार्यरत है, जिससे बाल संरक्षण के लिए त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बाल संरक्षण के लिए योगी सरकार की नीतियां और उनके क्रियान्वयन से बाल अधिकारों की सुरक्षा और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।

# आईएएस संजीव हंस को सच से सामना करायेगी ईडी, मिला 7 दिनों का रिमांड

- रेप का आरोप लगाने वाली के सामने बिठाकर होगी पूछताछ
- भ्रष्टाचार, अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में हो चुके है गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

आईएएस संजीव हंस की मुसिबतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। ईडी ने संजीव हंस को सात दिनों की रिमांड पर ले लिया है। इनसे रेप का आरोप लगाने वाली के सामने बिठाकर होगी पूछताछ होगी। भ्रष्टाचार और अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में गिरफ्तार किये जा चुके बिहार के आईएएस अधिकारी संजीव हंस का अब सच से सामना होगा। ईडी की अर्जी पर पटना की कोर्ट ने संजीव हंस को सात दिनों के रिमांड पर देने की इजाजत दे दी है। ईडी ने संजीव हंस से पूछताछ की सारी तैयारी पूरी कर ली है। पटना स्थित ईडी की विशेष अदालत ने 1997 बैंच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस को सात दिनों के लिए ईडी की रिमांड पर भेजा है। कोर्ट ने बेऊर जेल के अधीक्षक को आदेश दिया है कि संजीव हंस को आगे की पूछताछ के लिए दो दिनों के अंदर हैंडओवर कर दें। हालांकि ईडी





ने संजीव हंस की 14 दिनों की रिमांड की गुहार अदालत से लगाई थी लेकिन 7 दिनों की रिमांड मंजूर की है। सूत्रों के मुताबिक संजीव हंस से पूछताछ की तैयारी कर ली गयी है। ईडी ने अपने केस में कहा है कि संजीव हंस ने उन पर रेप का आरोप लगाने वाली महिला को हवाला के जरिये करीब ढ़ाई करोड़ रुपए भेजे थे। महिला ने ईडी के समक्ष ये स्वीकार किया है कि संजीव हंस का पैसा उसे मिला था। ईडी की टीम ने रेप का आरोप लगाने वाली महिला को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। दोनों को आमने-सामने बिठा कर पूछताछ की जायेगी। संजीव हंस पर कमीशन लेकर जल संसाधन विभाग, बिजली विभाग और पुल निर्माण निगम में टेंडर देने का आरोप लगा है।

### ईडी ने गुलाब यादव की रिमांड पर लेने की डाली अर्जी

ईडी ने इसी मामले में गिरफ्तार किये पूर्व विधायक गुलाब यादव को भी 14 दिनों तक रिमांड में लेने की अर्जी कोर्ट में लगा रखी है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला रिजर्व रखा है। गुरूवार को पटना की स्पेशल कोर्ट गुलाब यादव की रिमांड पर फैसला सुनायेगी। अगर गुलाब यादव को भी रिमांड पर देने का फैसला होता है तो ईडी संजीव हंस के साथ बिठाकर गुलाब यादव से पूछताछ करेगी। उधर, ईडी की रिपोर्ट के आधार पर बिहार पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ अवैध तरीके से आय अर्जित करने का केस दर्ज किया है। टेंडर लेने वालों से भी ईडी पूछताछ कर चुकी है। उनका भी सामना संजीव हंस से कराया जायेगा। इस मामले में भी गुलाब यादव और संजीव हंस को अभियुक्त बनाया गया है। संजीव हंस पर ऊर्जा विभाग में तैनात रहते हुए अपने पद के गलत इस्तेमाल करने का भी आरोप है। बता दें कि 18 अक्टूबर को ईडी ने आईएएस अधिकारी संजीव हंस को पटना स्थित उनके सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। संजीव हंस बिहार सरकार के ऊर्जा विभाग में प्रधान सचिव के पद पर तैनात थे। उन पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज होने के बाद सरकार ने उन्हें पद से हटा दिया गया था। मामले की छानबीन कर रही ईडी ने आईएएस अधिकारी संजीव हंस के अलावा पूर्व विधायक को गिरफ्तार किया गया था।

# पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द, सरकार ने जारी किया आदेश

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। त्योहारों में विधि व्यवस्था को बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार ने यह फैसला लिया है। राज्य पुलिस मुख्यालय ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। दरअसल, दुगार्पूजा के बाद अब दिवाली, कालीपूजा और छठ का महापर्व आने वाला है। ऐसे में सरकार ने त्योहारों में विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बड़ा फैसला ले लिया है। सरकार के आदेश पर पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। जिसमें बताया गया 9 नवंबर कर सभी पुलिसकर्मी, पुलिस पदाधिकारी की छुट्टी रद्द कर दी गई है। राज्य पुलिस मुख्यालय के आदेश के मुताबिक, दिवाली, कालीपूजा एवं छठ पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने को लेकर 29 अक्टूबर से 09 नवंबर तक सभी प्रकार की छुट्टी को रद्द किया गया है। किसी भी पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी की छुट्टी उस परिस्थिति में मिलेगी जब कोई आपात स्थिति हो। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी और अन्य पुलिस विंग को इसकी जानकारी दे दी है।

## उपद्रवियों को काबू करने में पुलिस के छूटे पसीने, दुकानें रहीं बंद

# सांसद के बयान पर नाराजगी, अररिया में जमकर मचा बवाल

**केटी न्यूज/अररिया**

अररिया शहर में जमकर उत्पात हो रहा है. लाठी-डंडे से लैस हजारों लोग सड़क पर गदर काट रहे हैं। वे स्थानीय बीजेपी सांसद प्रदीप सिंह के बयान के खिलाफ उतरे हैं। अररिया शहर में छठ-दीपावली की शुभकामना वाले पोस्टर और बैनर फाड़े जा रहे हैं। सड़क को भी जाम कर दिया गया है। घंटों हुए उत्पात के दौरान पुलिस पूरी तरह से बेबस नजर आयी। अररिया में दो दिन पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की हिन्दू स्वाभिमान यात्रा पहुंची थी। इस दौरान हुए जनसभा में अररिया से बीजेपी के सांसद प्रदीप सिंह ने कहा था कि अररिया में अगर रहना है तो हिन्दू बनकर रहना होगा। दो दिन बाद सड़क पर उत्पात होना शुरू हुआ है। बुधवार को हजारों की तादाद में जुटे एक समुदाय विशेष के लोगों ने अररिया शहर के गोढ़ी चौक को जाम कर दिया। सड़क पर अगजनी भी की गयी। इस दौरान वहां पुलिस की टीम पहुंची। लेकिन पुलिस पूरी तरह से बेबस नजर आ रही थी। हंगामा कर रहे लोगों के सामने अररिया के एएसपी राम पुकार सिंह ने बहुत मान-मनौव्वल किया। लेकिन, लोग हटने को तैयार नहीं हुए। छठ-दीपावली के पोस्टर-बैनर फाड़े। इस पूरे वाकये का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि कम उम्र के लड़के लाठी-डंडे से लैस होकर पहुंचे थे। उन्होंने सड़क किनारे लगे दीपावली और छठ के कई बैनर-होर्डिंग में तोड़ फोड़ की। सड़क से गुजर रही कुछ गाड़ियों में भी तोड़-फोड़ की गयी। ये सारा पुलिस के सामने हो रहा था लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। उत्पातियों के कारण शहर के बडे हिस्से में दुकानदारों ने अपनी दुकानें भी बंद रखीं। देर शाम तक अररिया की यही स्थिति बनी हुई थी। पुलिस स्थिति पर काबू पाने का पूरा प्रयास कर रही थी।



### माहौल खराब कर रहे हैं गिरिराज सिंह : लालू

लालू यादव ने कहा कि इस देश में हिंदू, मुस्लिम, सभी मिलकर रहेंगे। ऐसे बयान देश में नफरत फैलाने का काम करते हैं और हमें मिलजुल कर रहना चाहिए। लालू यादव ने गिरिराज सिंह की यात्रा को समाज में सांप्रदायिकता फैलाने का प्रयास बताया और जोर दिया कि भारत की ताकत उसकी विविधता और एकता में है। आरजेडी प्रमुख ने आगे कहा कि गिरिराज सिंह के राज में और नीतीश कुमार के राज में कोई अंतर नहीं है। बता दें कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को विवादास्पद टिप्पणी करते हुए लोगों से अपने घरों में ₹भाले, तलवार और त्रिशूल₹ का रखने का आह्वान किया, जिसका इस्तेमाल देवताओं की पूजा के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए भी किया जा सके। सिंह ने यह टिप्पणी अपनी हिंदू स्वाभिमान यात्रा के दौरान बिहार के एकमात्र मुस्लिम बहुल जिले किशनगंज में की। उन्होंने दावा किया कि हिंदू समुदाय खतरे में है और उन्हें संगठित करने की आवश्यकता है।

### डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने लालू यादव पर साधा निशाना

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू राज में सीतामढ़ी का वह भीषण दंगा आज भी लोग नहीं भूले हैं, जिसमें सैंकड़ों लोग घायल हुए और संपत्ति का भारी नुकसान हुआ था। 1992 में वहां दो समुदायों के बीच हिंसा भड़की और 65 लोग मारे गए थे। लालू प्रसाद दंगा क्यों नहीं रोक पाए? राबड़ी देवी के शासनकाल में बिहारशरीफ भी दंगों की आग में जला था। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में जब तक एनडीए की सरकार है, साम्प्रदायिकता, अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति कायम रहेगी। राज्य सरकार दंगाइयों पर कड़ी नजर रखती है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जिन लोगों ने भागलपुर दंगा, सीवान के आतंक शहाबुद्दीन को संरक्षण दिया, वे किस मुंह से दंगों को लेकर बयान दे रहे हैं? उन्होंने कहा कि राजद की जमीन खिसक गई है। वे लोकसभा में केवल 4 सीट जीत पाए। लालू परिवार अल्पसंख्यकों को भाजपा का भय दिखा कर वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है।

# मुजफ्फरपुर में जहरीली शराब पीने से एक शख्स की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुरा**

मुजफ्फरपुर जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जिले के हथौरी इलाके में मंगलवार को कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से श्याम साहनी (26) की मौत हो गई। श्याम के परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि उसकी मौत जहरीली शराब के कारण हुई। श्याम के पिता चंद्र किशोर साहनी ने दावा किया, ह्यह्यउसने अपने दोस्तों के साथ सोमवार को शराब पी थी। उसे अचानक उल्टी होने लगी और उसने सिरदर्द, बेचैनी और दृष्टिहीनता शिकायत की। हम उसे अस्पताल ले गए, जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई।" वहीं, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कहा कि हथौड़ी इलाके से एक मौत की सूचना मिली है, लेकिन सटीक कारण अज्ञात है क्योंकि परिवार ने पुलिस द्वारा जांच किए जाने से पहले ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। लोगों की आंखों की रोशनी खोने की रिपोर्ट के संबंध में हमारे अधिकारियों ने कल जिले के 70 चिकित्सा केंद्रों का निरीक्षण किया, लेकिन ऐसा कोई मरीज नहीं मिला। डीएम ने कहा कि प्रशासन स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। बता दें कि बिहार में जहरीली शराब पीने से मौत की यह घटना पिछले हफ़्ते सिवान, सारण और गोपालगंज जिलों में 37 से ज्यादा लोगों की जान लेने वाली शराब त्रासदी के कुछ ही दिनों बाद हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने पांच अप्रैल, 2016 को शराब की बिक्री और खपत पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

### विद्यालय में वीडियो बनाने पर दसवीं कक्षा के छात्र को शिक्षकों ने जमकर पीटा

**जमुई।** जमुई के झाझा प्रखंड में एक छात्र के साथ स्कूल के शिक्षकों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट किए जाने से घायल छात्र को अन्य सहयोगी छात्र के द्वारा इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक के द्वारा घायल छात्र का इलाज किया जा रहा है। घायल छात्र की पहचान दसवीं कक्षा के छात्र मो. आसीफ अंसारी के रूप में हुई है, जो बैजलपुरा गांव का रहने वाला है। अस्पताल में पहुंचे परिजनों ने विद्यालय के शिक्षकों पर इस लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आसिफ ने वीडियो बनाया तो प्रिंसिपल का पहला कर्तव्य था कि वे अभिभावकों को इसकी सूचना देते। लेकिन ऐसा न करके उसके के साथ बेरहमी से मारपीट की गई है। घायल छात्र आसिफ ने बताया कि मेरे विद्यालय में मासिक परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। तभी संजीव सर आए और मेरा बाल पकड़कर मारपीट करने लगे और फिर नीचे सीढ़ी पर धकेल दिया।

## एक नजर

### राजगीर में पहली बार एशियन महिला हॉकी प्रतियोगिता, शेखपुरा में हुआ गौरव यात्रा का स्वागत



**राजगीर।** राजगीर खेल एकेडमी राजगीर के नवनिर्मित नीले एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर 2024 तक एशियन महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर शेखपुरा विधायक विजय सम्राट एवं जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन ने एशिया महिला हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी का अनावरण जिला के टाऊन हॉल में आम लोगों के समक्ष किया। अपने संबोधन में विधायक विजय सम्राट ने कहा कि आज हमारे शेखपुरा जिले के लिए यह क्षण गौरव का है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक करार देते हुए इसे खेल की दुनिया का मील का पत्थर बताया। ज्ञात है कि दिनांक 11 नवंबर से लेकर 20 नवंबर तक राजगीर में आयोजित होने वाले इस हॉकी चैंपियनशिप भारत सहित कुल 06 टीमें जिसमें चीन, जापान, मलेशिया, साउथ कोरिया एवं थाईलैंड भाग ले रहे हैं। गौरतलब हो कि यह गौरव यात्रा नवादा जिला से होते हुए शेखपुरा पहुंची, जिसे अनुमंडल पदाधिकारी राहुल सिन्हा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा ने अपनी सीमा में पहुंचते ही स्वागत किया। यह ट्रॉफी यहां के उपरांत बेगुसराय की ओर प्रस्थान करेगी। जिला प्रशासन शेखपुरा द्वारा इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारी की गई थी। इस अवसर पर विधि व्यवस्था की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी।

### इमाम ने नाबालिग का किया यौन शोषण, परीक्षा पास कराने का दिया था प्रलोभन

**सुपौल।** सुपौल में एक इमाम पर नाबालिग ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर, प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल जांच और कोर्ट में बयान भी दर्ज करा लिया है। मामला दर्ज होने की जानकारी मिलते ही इमाम फरार हो गया। अब पुलिस आरोपी इमाम की तलाश कर रही है। मामला त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र का है। आरोपी इमाम की पहचान अब्दुल हाफीज के रूप में की गई है। पीड़िता की मां ने बताया है कि उसका पति बाहर रह कर मजदूरी करता है।

# आईफोन के चक्कर में घर में ही करवा दी लूट, तीन दोस्त समेत चार गिरफ्तार

**केटी न्यूज/नालंदा**

नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर निवासी शिवशंकर पांडे के द्वारा 22 अक्तूबर की शाम सूचना दी गई की अपने बेटे को घर में छोड़कर वह निजी विद्यालय में पढ़ाने चले गए थे। वापस आने पर उनके पुत्र द्वारा बताया गया कि चार व्यक्ति द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर उसको बंधक बना लिया गया एवं अलमीरा में रखा एक लाख 6 हजार नगद और कुछ गहने लूट लिए गए। बार-बार उन्हें जान से मारने एवं सारा पैसा गहना लूटवा देने की धमकी देती है। पूछताछ के क्रम में पिता एवं पुत्र की बयान में भिन्नता होने तथा संदेह की



स्थिति में कड़ाई से पूछताछ की गई। जिसके बाद पुत्र के द्वारा अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना की साजिश रचने की बात को स्वीकार की गई। शिवशंकर पांडे के बेटे ने बताया कि आईफोन खरीदना चाह रहा था। इसी योजना के तहत उसने घर के ताला को नकली चाबी बनवाई थी तथा दोस्तों के साथ मिलकर कटर से अलमीरा काटकर उसमें रखा रुपया एवं अन्य सामग्री लूटावाया तथा स्वयं को बंधक बनाए जाने की बात अपने पिता को कही। पुलिस ने सोने की 04 चूड़ी, 02 झुमका, 01 मंनटिका, 03 सीकरी, 01 जोड़ा कान का टॉप, 01 अंगूठी, 02 सोने के नाक का पिन, 01 पीस कान की लरछी, 01 जोड़ा कर्णवाली, चांदी की 05 चूड़ी, 02 जोड़ा पायल सहित अन्य सामान बरामद किया है।

### प्रेमिका के घर युवक का फंदे से लटकता मिला शव

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक युवक का शव अपने प्रेमिका के घर फंदे से लटकता हुआ बुधवार सुबह को मिला है। युवक गांव के ही पिंटू झा का पुत्र शिवम कुमार (18) बताया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। उधर घटना की सूचना के बाद पारिवारिक सदस्यों के बीच कोहराम मच गया। मृतक युवक के दादा रामाश्रय झा का कहना है कि गांव के ही एक लड़की से पिछले 3 महीने से वह बातचीत करता था। रात लड़की ने साजिश के तहत उसे अपने घर पर बुलाया और उसके परिवार वालों ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी।




## सरकार के आदेश पर शिक्षा विभाग ने छुट्टी के कैलेंडर में किया बदलाव

# शिक्षकों को बड़ी राहत, घमासान के बाद सरकार ने बढ़ाई छठ महापर्व की छुट्टियां

- छठ पूजा में शिक्षकों को चार दिनों तक छुट्टी रहेगी
- लगातार घमासान के बाद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने छुट्टी बढ़ाने का आश्वासन दिया था

**केटी न्यूज/ पटना**

बिहार में शिक्षकों को बड़ी राहत, घमासान के बाद सरकार ने छठ की छुट्टी बढ़ाई; अब महापर्व पर इतने दिन मिलेगी लीव बिहार में छठ पर्व की छुट्टी को लेकर मचे घमासान के बीच डबल इंजन सरकार ने शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। नीतीश कुमार की सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए छठ महापर्व में शिक्षकों की छुट्टी बढ़ा दी है। सरकार के आदेश पर शिक्षा विभाग ने छुट्टी के कैलेंडर में बदलाव कर दिया है। अब छठ पूजा में शिक्षकों को चार दिनों तक छुट्टी रहेगी। सरकार के इस फैसले के बाद शिक्षकों में खुशी का माहौल है।सीएम नीतीश कुमार के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने छुट्टी के कैलेंडर में बदलाव करते हुए तीन दिनों की जगह अब छठ की छुट्टी को चार दिन कर दिया है। बदलाव के बाद अब शिक्षकों या स्कूली छात्रों को खरना के दिन स्कूल आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की मांग को स्वीकार करते हुए अब छठ महापर्व



की छुट्टी 6 नवंबर से 9 नवंबर तक घोषित कर दी है।6 नवंबर को खरना के दिन भी शिक्षकों की छुट्टी रहेगी। सरकार के इस फैसले के बाद शिक्षक घर पर खरना पूजा में शामिल हो पाएंगे। बता दें कि शिक्षा विभाग के छुट्टी के कैलेंडर में पहले पहले 7,8 और 9 नवंबर को छठ महापर्व की छुट्टी दी गई थी लेकिन शिक्षक संघों का कहना था कि खरना के दिन छुट्टी नहीं दिए जाने से जिस शिक्षकों के घर में छठ महापर्व हो रहा है उन्हें परेशानी उठानी पड़ेगी। दरअसल, बिहार में छठ महापर्व की छुट्टी को लेकर शिक्षा विभाग में पिछले कुछ दिनों से घमासान चल रहा था। शिक्षा विभाग के पुराने कैलेंडर के मुताबिक, सरकारी स्कूलों में खरना के दिन यानी 6 नवंबर को छुट्टी नहीं दी गई थी। शिक्षक और शिक्षा संघ लगातार इसका विरोध कर रहे थे और सरकार से छठ की छुट्टी बढ़ाने की मांग कर रहे थे। लगातार घमासान के बाद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने छुट्टी बढ़ाने का आश्वासन दिया था।

# सभी लोगों के प्रयास और सहयोग से ही टीबी मुक्त होगा बक्सर जिला : केसठ बीडीओ

- केसठ प्रखंड में सामूहिक रूप से टीबी के 26 मरीजों को लिया गया गोद
- टीबी के इलाजरत मरीजों के बीच बांटी गई पोषण की पोटली

**केटी न्यूज/बक्सर**



प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को जिले के केसठ प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी के इलाजरत 26 मरीजों को गोद लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा की अध्यक्षता में निक्षय मित्रों ने टीबी मरीजों के बीच पोषण की पोटली का वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी मरीजों को इलाज के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व पौष्टिक भोजन के महत्व को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक रूप से काम करना होगा। सभी के प्रयास और सहयोग ये केसठ प्रखंड समेत पूरे बक्सर जिले को टीबी मुक्त बनाया जा सकेगा। इसके साथ-साथ प्रखंड के ऐसे क्षेत्र जहां पर टीबी के मरीजों के मिलने की संभावना रहती है, वहां पर फोकस कर लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित करें। ताकि कोई भी टीबी रोग पीड़ित उपचार से वंचित न रहे। प्रखंड में टीबी को खत्म करने के लिए सभी एकजुट होकर साथ आएंगे। जब सभी का सहयोग मिलेगा, तभी हमारा ३टीबी हारेगा, देश जीतेगा३ का नारा सफल होगा।

## छह माह तक मरीजों को दी जाएगी पोषण की पोटली

इस क्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार ने बताया कि गोद लिए गए टीबी के इलाजरत मरीजों के बीच अगले छह महीनों तक इन मरीजों को पोषण की पोटली उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। ताकि उनके सेहत में तेजी से सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि टीबी के मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिसके कारण बीमारी से उबरने में उन्हें सामान्य मरीजों की तुलना में काफी समय लगता है। ऐसे में दवाओं के साथ साथ संतुलित और पौष्टिक आहार की जरूरत होती है। ताकि मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके। जिसे देखते हुए सरकार और विभाग ने निक्षय मित्र योजना की शुरूआत की है। ताकि कमजोर वर्ग के मरीजों को पोषण से संबंधित सहयोग देकर, ठीक होने में उनकी मदद की जा सके। साथ ही, उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को दो हफ्ते से अधिक समय तक खांसी, बलगम और बुखार जैसे लक्षण दिखते है। तो उसे तुरंत टीबी की जांच करानी चाहिए। इस दौरान एसटीएलएस पंकज जायसवाल, एसटीएस कुमार वरूण मौर्य के अलावा स्वास्थ्य कर्मी रोहित कुमार, अमर, विक्की, पप्पू आदि मौजूद रहे।

**इन लोगों ने टीबी मरीजों को लिया गोद :** केसठ उप मुखिया अमरेंद्र कुमार, कतिकनार सीएचओ प्रियंका कुमारी, बीडीसी असलम हुसैन व मनरेगा जेई वीर बहादुर सिंह ने दो-दो टीबी मरीजों को गोद लिया। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा, एमओआईसी डॉ. विनय कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार पांडेय, रामपुर मुखिया अनामिका पांडेय, कतिकनार मुखिया छठु राम, फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार, हेल्थ एजुकेटर अयोध्या प्रसाद, बीएमएनई विनोद कुमार, एएनएम शांति कुमारी, एएनएम रंजु कुमारी, एटी आनंद कुमार सिंह, प्रधानाचार्य लाल बाबु, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, कृषि समन्वयक हरीष चंद्र पासवान, रामपुर बीडीसी मंजू कुमारी, केसठ पंचायत सचिव अभय कुमार व कतिकनार पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद ने एक-एक टीबी मरीजों को गोद लिया।

## खबरें फटाफट

### मुंशीडेरा गांव में बिजली चोरी करते पांच धराये

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के मुंशीडेरा गांव में बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिजली चोरी रोकने को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व विद्युत आपूर्ति प्रशाखा चौंगाई के कनीय विद्युत अभियंता शैलेश कुमार ने किया। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने पांच उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा तथा उन पर जुमार्ना लगाते हुए स्थानीय थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस दौरान इन उपभोक्ताओं पर कुल एक लाख 29 हजार 338 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। स्थानीय पुलिस ने बताया कि इन उपभोक्ताओं पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामले को दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

### हेरोइन, कट्टा व कारतूस के साथ महिला गिरफ्तार

**ब्रह्मपुर।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव स्थित एक घर में छापेमारी कर 24.12 ग्राम हेरोइन, एक इलेक्ट्रानिक तराजू, एक कट्टा तथा पांच कारतूस के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला नेहा दूबे के पति संतोष दूबे पर ही हेरोइन तस्करी का आरोप है, हालांकि पुलिस की छापेमारी के दौरान वह घर में मौजूद नहीं था। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर की गई है। हालांकि पुलिस की इस छापेमारी पर सवाल उठने लगे है।

## एडीएम के निरीक्षण में गायब मिले चौसा के राजस्व अधिकारी समेत सात कर्मी

# एडीएम ने अधिकारी एवं कर्मियों का एक दिन का काटा वेतन, पूछा शो-कॉज



**केटी न्यूज/चौसा**

- कर्मियों के गायब रहने से ही म्यूटेशन
- अभियान बसेरा-2 व परिमार्जन में फिसड्डी है चौसा अंचल

ऑनलाईन म्यूटेशन, परिमार्जन, अभियान बसेरा-2, ई-मापी, एलपीसी आदि में चौसा अंचल के फिसड्डी साबित होने तथा अंचल कर्मियों के कार्यसंस्कृति की पोल बुधवार को एडीएम कुमारी अनुपम सिंह के औचक निरीक्षण में खुल गई। उनके निरीक्षण के दौरान अंचल के राजस्व अधिकारी व प्रधान सहायक समेत कुल सात कर्मी गायब पाए गए।

एडीएम ने इसे बेहद गंभीर मामला माना तथा कर्मियों के इस लापरवाही पर उनका एक दिन का वेतन काटते हुए, बिना सूचना अनुपस्थित रहने के लिए शो-कॉज किया है। मिली जानकारी के अनुसार एडीएम सुबह में कार्यालय खुलने के समय ही पहुंच गई थी। इस दौरान कर्मियों की मनमानी तथा लेटलतीफी को अपने आंखों से देखी। एडीएम कुमारी अनुपम ने कर्मियों से कार्य संस्कृति में अविलंब सुधार लाने को कहा है, जिससे राज्य प्रायोजित योजनाओं तथा आम जनता की समस्याओं का समय से निष्पादन हो सकें।

मिली जानकारी के अनुसार एडीएम के निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक विनोद कुमार सिंह, डाटा इंट्री ऑपरेटर विजय कुमार, अंचल अमीन संतोष कुमार, तीन राजस्व कर्मचारी राजू रंजन प्रसाद, श्रीकांत एवं आरती कुमारी के साथ ही राजस्व अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित कर्मियों एवं पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने के साथ ही उनका एक दिन का वेतन या मानदेय स्थगित करने का निर्देश एडीएम ने दिया। एडीएम के इस तेवर से पूरे दिन अंचल कार्यालय में हड़कंप मचा रहा। वही, आम लोग इस कार्रवाई से खुश नजर आ रहे थे। लोगों का कहना था कि चौसा अंचल कार्यालय में कभी भी कर्मी समय से अपनी ड्यूटि नहीं बजाते है। जब भी लोग दाखिल खारिज, परिमार्जन या अन्य कार्यों को लेकर आते है तो उन्हें संबंधित अधिकारी या कर्मी से मिलने के लिए कई दिनों तक कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। लोगों का कहना था कि लापरवाह कर्मियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। बता दें कि चौसा में सीओ का पद प्रभार में चल रहा है। ऐसे में राजस्व अधिकारी की भूमिका काफी बढ़ जाती है, लेकिन वे खुद समय से कार्यालय नहीं आए थे।

**निरीक्षण में संतोषजनक नहीं मिला काम, लगी फटकार :** निरीक्षण के क्रम में एडीएम ने पाई कि ऑनलाईन म्यूटेशन, परिमार्जन, अभियान बसेरा-2, ई-मापी व एलपीसी निर्गत करने में चौसा अंचल की प्रगति असंतोषजनक है। एडीएम इससे खासे नाराज दिखी तथा सभी कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कर्मियों के लापरवाही से ही यह स्थिति बनी हुई है। एडीएम ने निर्देश दिया कि आम नागरिकों के कार्यों में प्रगति प्राप्त करें। वही, उन्होंने कहा कि यदि कर्मियों के प्रवृति में सुधार नहीं होता है तो संबंधित कर्मी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए सेवा या संविदा समाप्ति की कार्रवाई की जायेगी।

## जनता दरबार में आए मामलों का 7 दिनों में करें निष्पादन : डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**



बुधवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा आम जनता से मुलाकात के क्रम में कुल 25 आवेदनों पर समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में सुनवाई की गई एवं संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान डीएम ने फरियादियों से उनका हाल चाल भी जाना तथा उनके आवेदनों को गौर से पढ़ा। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को उन आवेदनों का एक सप्ताह में निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि आम जनता के कार्यों का समय से निष्पादन करना होगा। उन्होंने कहा कि जनता को आपसे बड़ी उम्मीद रहती है, हमे उनके विश्वास पर खरा उतरना चाहिए। वही, डीएम ने कहा कि जनता के कार्यों के निष्पादन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब हो कि जिले में जब से डीएम अंशुल अग्रवाल आए है तब से वे नियमित जनता दरबार का आयोजन करते है तथा लोगों के कार्यों का निष्पादन भी काफी सक्रियता से कराते है। यही कारण है कि उनके जनता दरबार में फरियाद लेकर आने वालों को बड़ी उम्मीद रहती है। डीमए के कार्यशैली से आम जनता उनसे काफी प्रभावित रहती है। यह उनके जनता दरबार में भी देखने को मिलता है।

## एक नजर

### एमवी कॉलेज में लगेगी महर्षि विश्वामित्र की प्रतिमा, कुलसचिव ने किया निरीक्षण



**बक्सर।** एमवी कॉलेज परिसर में लगने वाले महर्षि विश्वामित्र की मूर्ति के लिए चयनित स्थल का बुधवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुल सचिव रणवीजय सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक एवं शिक्षाकर्मियों को संबोधित भी किया तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन व कर्मियों से मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को भव्य बनाने का अनुरोध भी किया। स्थल निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य सुभाष पाठक, सुजीत कुमार, राकेश त्रिपाठी, बिरेन्द्र, डॉ. अमित मिश्र, डॉ. अरबिंद सिंह, कन्हैया प्रसाद, दया शंकर त्रिपाठी, चिन्मय प्रकाश, श्वेता प्रकाश, शैलेन्द्र पाठक इत्यादि मौजूद थे। इसके पहले अंत में प्रभारी प्राचार्य एवं अतिथि शिक्षक नवीन पाठक एवं प्रिय रंजन चौबे, अनुराग आदि ने कुलसचिव को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### रात्रि प्रहरी की अनुपस्थिति नहीं देने वाले 21 प्रधानाध्यापकों से शो-कॉज

**बक्सर।** सितंबर माह का रात्रि प्रहरी का अनुपस्थिति विवरणी डीपीओ स्थापना कार्यालय नहीं जमा करने वाले जिले के 21 प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण की मांग किया गया है। स्पष्टीकरण को लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना ने पत्र जारी किया है। वही सभी 21 संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने की मांग की गई है। जिला अंतर्गत संचालित विद्यालयों में कार्यरत रात्रि प्रहरी के मानदेय भुगतान को लेकर संबंधित विद्यालयों को निर्देशित किया गया था। इसके बावजूद निर्धारित समय तक कार्यरत रात्रि प्रहरी का सितंबर माह का अनुपस्थिति विवरणी डीपीओ स्थापना कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्रधानाध्यापकों का यह कार्य स्वेच्छाचारिता, कर्तव्यहीनता एवं अनुशासनहीनता का दशार्ता है। जिसको देखते हुए स्पष्टीकरण डीपीओ ने किया है। स्पष्टीकरण उपलब्द्ध नहीं कराने वाले प्रधानाध्यापकों पर कारवाई की जाएगी।

### बंगला घाट का स्थानीय लोगों ने शुरू की सफाई

**बक्सर।** नगर के गंगा घाटों की छठ को लेकर प्रशासनिक व नगर परिषद के स्तर से केवल पक्के घाटों की सफाई शुरू कराई गई है। जबकि शहर में कुल 32 घाट छठ को लेकर चयन किया गया है। इस क्रम मे नगर परिषद केवल पक्की घाटों से गंगा के बाढ़ का गाद व सिल्ट हटाने का कार्य छठ की सफाई के नाम पर शुरू किया है। जिसके कारण स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर नगर के कच्चे घाटों की सफाई शुरू कर दिया है। जिससे छठ व्रतियों को स्वच्छ पूजा स्थल उपलब्द्ध कराया जा सके। नगर के बंगला घाट पर अभी नगर परिषद का सफाई कर्मी नहीं पहुंच पाये है। वहीं स्थानीय लोगों ने नगर परिषद की लचर सफाई व्यवस्था की बजाय श्रमदान के माध्यम से प्रतिदिन नगर के घाटों को स्वच्छ बनाने में लग गये है। जिसका असर भी बंगला घाट पर दिख रहा है। बंगला घाट की सफाई लोगों ने कर दिया है। इसके साथ ही छठ पर्व करने को लेकर आवश्यकतानुसार अपना जगह भी आरक्षित कर लिया है. वहीं घाट पर जाने के रास्ते पर मैरिन ड्राइव बना हुआ है। जिसके नीचे से घाट पर पहुंचने का रास्ता है। मैरिन ड्राइव को पार करने के लिए कोई जगह नहीं है। जिसके कारण मैरिन ड्राइव के नीचे से होकर ही घाट पर जाना है। जहां छठ कें प्रसाद का दउरा लेकर जाने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### शिक्षकों को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर प्रोफाईल अपलोड करने का डीपीओ ने दिया निर्देश

**बक्सर।** जिले के 61 शिक्षकों निर्देश के बावजूद अभी तक ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपना प्रोफाईल अपलोड नहीं किया है। जिसके बाद डीपीओ ने उन्हें अविलंब अपना प्रोफाईल अपलोड करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर उन शिक्षकों का वेतन बाधित होगा। बता दें कि एक अक्टूबर से ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करने एवं माह अक्टूबर का वेतन भुगतान को लेकर विभागीय स्तर पर निर्देश दिया गया है। जिसमें बक्सर जिलान्तर्गत कुल 61 शिक्षकों का प्रोफाइल ई. शिक्षा कोष पोर्टल पर अपडेट नहीं हुआ है। जिन्हें वेतन भुगतान को लेकर समस्या हो सकती है। जिनकी सूचि के साथ डीपीओ स्थापना विष्णुकांत राय ने निर्देश जारी किया है। पत्र में संबंधित शिक्षकों का प्रोफाइल पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है। संबंधित शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे ई. शिक्षा कोष पोर्टल पर शिक्षक प्रोफाईल हेतु विहित प्रपत्र भरकर प्रधानाध्यापक तथा विहित प्रपत्र अग्रसारित कर 24 घंटे के अन्दर डीपीओ स्थापना के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## ट्रेनों की चपेट में आने से तीन की मौत

**बक्सर।** डीडीयू-दानापुर रेल खंड के बक्सर व आरा रेलवे स्टेशनों के बीच बीते 36 घंटे में तीन अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन की चपेट में आकर महिला-पुरुष समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वही रेल पुलिस इन घटनाओं को प्राकृतिक मौत मान रही है, लेकिन आत्महत्या के बिंदु पर भी जांच जारी है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को टुड़ीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई। जबकि, दूसरी घटना बुधवार की सुबह डुमरांव रेलवे स्टेशन के पास हुई, जहां 35 वर्षीय महिला श्रमजीवी एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। वही विगत सोमवार की शाम बरुना रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया था, जिसकी पहचान बक्सर नगर के बारी टोला निवासी प्रेम शंकर वर्मा (46) के रूप में हुई थी।

इस सम्बंध में जीआरपी थानाध्यक्ष विजेंद्र कुमार ने बताया कि टुड़ीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 656/6 के बीच ट्रैक पर लगभग 55 वर्षीय अधेड़ का शव मिला था, जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। वही, दोपहर में डुमरांव रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग के समीप अप लाइन पर श्रमजीवी एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। उनका शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पहचान की कोशिश की जा रही है। बुधवार को हुई घटना के बाद बक्सर-आरा के बीच बीते 36 घंटों में ट्रेन की चपेट में आकर मौत की तीसरी घटना हुई। सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें किसानः डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**



कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्सर द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के ज्ञान एवं तकनीकी दक्षता संवर्धन के लिए आयोजित समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि डीएम अंशुल अग्रवाल मौजूद थे।

डीएम ने प्रशिक्षणार्थियों समेत उपस्थित स्नातक कृषि के 14 प्रशिक्षु छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन मे संतुलित मात्रा मे उर्वरकों के प्रयोग को किसानों के बीच बढ़ावा देने के बारे में बताया। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सूक्ष्म सिंचाई तकनीकी, फसल अवशेष प्रबंधन, जलवायु अनुकूल तकनीकियों के प्रति भी किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया। प्राकृतिक एवं जैविक खेती के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों जैसे-जल, मृदा एवं वायु का संरक्षण व नवीन तकनीकियों तथा प्रमाणित नवाचार को किसानों के बीच अधिक से अधिक पहुंचाने पर बल दिया।

**अधिक से अधिक किसानों को तकनीकी की जानकारी दें :** कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्सर के प्रक्षेत्र भ्रमण व प्रदर्शन इकाईयों के अवलोकन के दौरान डीएम ने ज्यादा से ज्यादा किसानों के बीच तकनीकियों के प्रचार-प्रसार का सुझाव दिया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. देवकरन ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्सर द्वारा की जा रही कृषि गतिविधियों एवं तकनीकी विस्तार की विस्तृत जानकारी से डीएम को अवगत कराया। विशेषज्ञ एवं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्द्धक्रम समन्वयक हरिगोबिन्द ने बताया कि 30 सितम्बर से आयोजित प्रशिक्षण मे 32 प्रायोगिक एवं 12 सैद्धांतिक कक्षाएं आयोजित की गई हैं। जिसमे संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के विभागाध्यक्ष एवं वैज्ञानिक, निकटवर्ती कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिकगण व विशेषज्ञों आदि द्वारा रिसोर्स पर्सन के रूप मे भागीदारी कर विषयगत कृषि तकनीकियों की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई हैं।

इस दौरान समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन तिलहन कार्यक्रम अन्तर्गत पांच किसानों कों सरसों की अधिक उपज वाली प्रजाति आरएच 725 के गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराये गये। जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अन्तर्गत अंगीकृत ग्राम हरिकिशुनपुर के किसानों को सब्जी मटर के बीज उपलब्ध कराये गये।

## फाउंडेशन स्कूल के छात्रों ने की पेंटिंग के माध्यम से गंगा को स्वच्छ बनाने की अपील

# व्यवहार परिवर्तन से ही स्वच्छता अभियान होगा सार्थकः डीडीसी

- बिहार सरकार व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देश पर आयोजित हुआ था कार्यक्रम

**केटी न्यूज/बक्सर**



प्रतियोगिता के दौरान शपथ लेते डीडीसी, निदेशक व अन्य।

अपर निदेशक नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा, विशेष अभियान 4.0 के तहत जिला गंगा समिति, बक्सर द्वारा फाउंडेशन स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से गंगा की स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित किया।

मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता के अभियान को जन जन तक पहुंचाने में हम सबकी सहभागिता अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने व्यक्तिगत व्यवहार में स्वच्छता के गुणों को समाहित कर समाज व राष्ट्र को हम स्वच्छता का संदेश दे सकते है। उन्होंने कहा कि व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से स्वच्छता अभियान के मुहिम को सार्थक बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के भाव को लोगों के बीच बताकर जगाया जा सकता है। डीडीसी ने कहा कि छात्राओ ने पेंटिंग बनाकर समाज को जागरूक करने का कार्य किया हैं। उन्होंने गंगा के स्वच्छता के प्रति पेंटिंग के माध्यम से अलख जगाने वाले छात्रों की जमकर तारीफ की और कहा कि इस बहाने छात्रों ने एक तरफ जहां अपनी पेंटिंग कला का प्रदर्शन किया है, तो दूसरी तरफ उनके इस प्रयास से लोगों में गंगा के सफाई के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कला व संस्कृति की विरासत को बचाना हम सबका कर्तव्य है। इस आयोजन के लिए उन्होंने स्कूल प्रबंधन की तारीफ भी की और उम्मीद जताया कि आने वाले दिनों में गंगा स्वच्छता का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

पेंटिंग प्रतियोगिता में काजल कुमारी प्रथम, रत्ना कुमारी द्वितीय एवं अदिति कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति, प्राचार्य संतोष ओझा, अकेडमिक हेड अभिराम सुंदर के साथ सोनू दूबे एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# विरोध: मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए मसर्हिया पैक्स के किसानों ने किया प्रदर्शन

♦ बोली बीडीओ सिस्टम के तहत हो रहा है काम

**केटी न्यूज/चौगाईं**



बुधवार को चौगाईं प्रखंड कार्यालय में उस समय अफरा तफरी मच गई जब मसर्हिया के दर्जनों ग्रामीण अचानक प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय पहुंच गए तथा पैक्स चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़वाने तथा पूर्व में जमा किए गए आवेदन के पावती रशीद की मांग करने लगे।

पहले तो प्रखंड विकास पदाधिकारी संजू कुमारी ने आक्रोशित किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब लोग शांत नहीं हुए तो प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सभी को सिस्टम के तहत पावती रशीद दिया जाएगा। उन्होंने तत्काल मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए आवेदन देने वालों को लाइन लगा कतार में खड़ा होने तथा पहचान के लिए आधार कार्ड दिखाने का निर्देश दिया। इस दौरान वहा मौजूद प्रखंड सहकारित पदाधिकारी राजू कुमार ने भी कहा कि सभी किसानों को सिस्टम के तहत ही पावती दिया जाएगा तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाएगा।

इस दौरान कई लोग तो आधार कार्ड नहीं लाने के कारण किनारे खिसक गए, जबकि आधार कार्ड लाने वाले सरोज कुमार, सुभाष सिंह, पूजा देवी, हरे राम सिंह, नीरज कुमार, विकाश कुमार, उषा देवी, उर्मिला कुमारी, अमित कुमार, गीता देवी समेत कई अन्य लोगों को बीडीओ ने पावती रशीद दिया और कहा कि नियमों के मुताबिक ही मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाएगा। वही, पावती रशीद मिलने के बाद लोगों ने कहा कि उनका नाम इस बार मतदाता सूची में जुड़ना चाहिए।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अए 375 आवेदन

मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजू कुमारी की माने तो मसर्हिया पैक्स चुनाव से लगाव रखने वाले एक व्यक्ति के इशारे पर ही लोग यहां आए थे। बीडीओ ने बताया कि पूर्व में इस पैक्स के मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 375 आवेदन दिए गए है।

एक व्यक्ति सभी की पावती रशीद मांग रहा था, लेकिन मैने मना कर दिया और कहा कि सिस्टम के अनुसार एक-एक कर सभी की पहचान सुनिश्चित करने के बाद ही उन्हें पावती रशीद दी जाएगी। इसके बाद ही लोग यहां आए थे। बीडीओ और बीसीओ ने बताया कि मतदाता सूची का प्रकाश तथा पैक्स का चुनाव पूरे पारदर्शी तरीके व निष्पक्ष रूप से कराया जाएगा। बता दें कि मसर्हियां पैक्स का चुनाव प्रथम चरण के तहत 26 नवंबर को होने जा रहा है। इसके लिए 25 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

**काफी कठिन होने जा रही है मसर्हिया पैक्स की लड़ाई :** वहीं, इस मामले में पैक्स के राजनीति के जानकारों का कहना है कि इस बार मसर्हिया पैक्स का चुनाव की राह काफी कठिन होने जा रही है। पैक्स के चुनाव को लेकर एक तरफ जहां नये उम्मीद्वार चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे है तो दूसरी तरफ निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष भी अपनी कुर्सी बचाने की जुगत में जुट गए है। जानकारों का कहना है कि इस बार का पैक्स चुनाव को लेकर अभी से महौल गरमा गया है। बुधवार को चौगाईं प्रखंड कार्यालय पर इसका नजारा देखने को भी मिला।

## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी करते पांच धराये, केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुंशीडेरा गांव में बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिजली चोरी रोकने को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व विद्युत आपूर्ति प्रशाखा चौंगाई के कनीय विद्युत अभियंता शैलेश कुमार ने किया। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने पांच उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा तथा उन पर जुमार्ना लगाते हुए स्थानीय थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं, मामले को दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

### बाइक पर उचक्कों ने किया हाथ साफ

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय मुख्य चौक के सड़क किनारे खड़ी एक बाइक पर उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया। बाइक स्प्लेंडर प्लस जिसका नंबर बीआर ए 3210 बताया जाता है। मामले में कोरानसराय निवासी शुभम कुमार ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं। पीड़ित ने अपने दिए गये आवेदन में बताया हैं कि मैंने अपनी बाइक को अर्द्धसैनिक बल कैंटीन के समीप खड़ा कर बाजार आया था। इसी दौरान जब वापस लौटा तो बाइक उक्त जगह से नदारद थी।

## बांस के सहारे चोरों ने घर में किया प्रवेश, कमरे लोगों को बंद घटना को दिया अंजाम

# पुराना भोजपुर में चोरों ने घर से उड़ाए 3 लाख के आभूषण और 35 हजार नगदी

♦ बक्सर एसपी के निर्देश पर चोरी की इस घटना की गुत्थी सुलझाने आई एसएफएल की टीम

**केटी न्यूज/डुमरांव**





सर्दी शुरू होते ही चोरों का तांडव शुरू हो गया है। चोरों ने पुलिस गश्त को धत्ता बताते हुए पुराना भोजपुर गांव से बाहर स्थित एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की यह वारदात ग्रामीण राजू सिंह के घर में मंगलवार की रात की है। घरवालों को इसकी जानकारी सुबह में हुई। इसके बाद पीड़ित गृह स्वामी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल के बाद गुत्थी सुलझाने के लिए एसएफएल टीम का सहारा लिया है।

जानकारी के अनुसार राजू सिंह गांव से बाहर अपना घर बनाए है। मंगलवार की रात वे अपने परिवार के साथ खाना खाकर सो रहे थे। इसी दौरान देर रात्रि उनके घर के दरवाजे पर पहुंच उसे बाहर से बंद कर दिया तथा बांस बल्ला लगा अंदर प्रवेश कर घर में बक्से व बिफकेश उठा ले गए, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण के अलावे कीमती कपड़े भी थे। सुबह में गांव से बाहर एक बागीचे में घर से चोरी गया बक्सा व ब्रिफकेश को पुलिस ने बरामद किया। हालांकि, उसमें रखे आभूषण व कपड़े गायब थे। गृह स्वामी राजू की मानें तो चोरों ने उसकी पत्नी के सोने के मंगलसूत्र, दो मंगटीका, एक सिकड़ी, चांदी की पायल समेत करीब तीन लाख रूपए मूल्य के गहनों के अलावे ब्रिफकेश में रखे 35 हजार रुपए नगद तथा एक मोबाइल फोन चुरा लिए है। चोरी की इस वारदात के बाद पूरा परिवार मायूश है। राजू का कहना है कि वह पैसा कमाने दुबई गया था, दो वर्ष पूर्व आने पर हाड़तोड़ मेहनत कर जैसे तैसे घर बनाया था तथा पत्नी के आभूषण भी बनवाए थे, लेकिन चोरों ने उसके अरमान पर पानी फेर दिया है। कहते है ओपी प्रभारी

इस संबंध में नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पीड़ित का आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है। जल्दी ही घटना में शामिल चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### सुबह में नींद खुलने पर हुई घटना की जानकारी

घटना के बाद सुबह में जब गृह स्वामी की नींद खुली और उन्होंने दरवाजा खोलना चाहा तो उनका दरवाजा बाहर से बंद मिला। तब उसने पड़ोसी को फोन कर दरवाजा खुलवाया। कमरे से बाहर निकलने के बाद उन्होंने देखा कि घर के सामान बिखरे पड़े थे। जैसे ही इस बात की जानकारी ग्रामीणों को हुई, दर्जनों की संख्या में ग्रामीण वहां पहुंचे। इस दौरान किसी ने बागीचे में पड़े बक्से व ब्रिफकेश की जानकारी भी राजू को दी। वही जानकारी मिलते ही नया भोजपुर ओपी पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने इस घटना को काफी गंभीरता से लिया है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने एसएफएल टीम का सहारा लिया है।

### सर्द रातों में बढ़ जाती है चोरी की वारदात

बता दें कि सर्दी की रात में चोरी की वारदात बढ़ जाती है। इस बार अभी सर्दी ठीक से शुरू भी नहीं हुई है कि चोरों का तांडव शुरू हो गया है। इसके पहले भी सर्दी के मौसम में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है। वही इस बार भी सीजन के शुरूआत में ही चोरों ने पुराना भोजपुर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्शा आम लोगों के साथ ही पुलिस को भी तगड़ी चुनौती दी है।

## एक नजर

### भटौली नहर पुल के पास उतराया मिला अज्ञात किशोरी की शव, क्षेत्र में सनसनी

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरांव राजवाहां स्थित भटौली पुल के पास नहर में उतरा एक अज्ञात किशोरी की शव मिली है। इसको लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया है। बहरहाल पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के प्रयास की जा रही हैं। बताया जाता है कि बुधवार की शाम नहर मार्ग से राहगीर जा रहे थे। तभी उक्त स्थान पर नहर में किशोरी की शव उतराया हुआ देखा। जिसके बाद राहगीरों ने इसकी सूचना इस पड़ोस के लोगों को दिया। थोड़ी देर में उक्त स्थान पर लोगों का भीड़ जुट गई। इसी बीच ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस पहुंचने के बाद किशोरी की शव को नहर से बाहर निकाल पहचान कराने की पुलिस ने पूरी कोशिश की। पर उक्त स्थान पर जुटे लोगों में से किसी ने किशोरी की पहचान नहीं कर सके। बाद में पुलिस ने शव को थाना ले आए । साथ ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। किशोरी की शव को शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि प्रथमदृष्टया में किशोरी की हत्या करने के बाद नहर में फेंकने का मामला प्रतिक हो रही है। चूकि मृत किशोरी के कान के पास गंभीर जख्म हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी कि किशोरी की हत्या हुई है या फिर कुछ और मामला है।

### निरंजनपुर में मां-बेटी की पिटाई, दो पर केस दर्ज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव में विवाद को लेकर मां-बेटी की पिटाई कर दी गयी। इस मामले में निरंजनपुर निवासी मनोज कुमार की पत्नी आरती देवी ने कोरानसराय थाने में आवेदन देकर दो लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया हैं। पीड़िता ने पुलिस को दिए गये आवेदन में बताया हैं कि वह अपने घर पर थी। इसी दौरान रितेश कुमार अपनी मां के साथ घर मे घुस आया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी गयी। जब बेटी बीचबचाव करने आयी तो उसके साथ भी मारपीट की गयी। जिससे दोनों जख्मी हो गयी। आरोपियों ने बेटी के गले से सोने का लॉकेट और पीड़िता के हाथ से अंगूठी छीन कर लेते गये। शोरगुल मचाने के बाद मोहल्ले के लोग पहुंचे। लोगों की मदद से मुझे अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज किया। कोरानसराय पुलिस ने बताया कि मामले को दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी हैं।

### दूसरे दिन भी 5 लाभुकों पर भेजा गया रिकवरी का नोटिस, गबन करने वालों में मचा हड़कंप

**केसठ।** पीएम आवास की अंतिम चयनित सूची जारी होने के साथ ही प्रखंड प्रशासन पूरी तरीके से एक्टिव मोड में नजर आ रहा है। डीएम के निर्देश पर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जा रही है। वहीं समीक्षा के दौरान खामियां पाए जाने पर कार्रवाई भी की जा रही है। एका-एक प्रखंड प्रशासन के कार्रवाई से दहशत मचा हुआ है।इसी बीच अब प्रखंड प्रशासन ने पीएम आवास योजना का लाभ उठाए लाभुकों को रडार पर लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। आवास योजना का लाभ उठाने वालों में दहशत पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा उठाने के बाद लाभुकों के द्वारा आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने पर विभाग के द्वारा सर्टिफिकेट केस किया जा रहा है। बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि वैसे लाभुक जिन्होंने योजना का पहला किस्त उठा लिया है, उठाव करने के बावजूद आवास निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया है।तो वैसे लाभुकों को नोटिस भेजा जा रहा है। पहले पीला नोटिस तब लाल नोटिस भेजा जा रहा है।

## दिव्यांगजनों के लिए शिविर, बिजली कटौती के कारण अधिकतर का नहीं बना कार्ड



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के दिव्यांग जनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। लेकिन बिजली कटौती के कारण अधिकतर दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड नहीं बन पाया शिविर में वैसे दिव्यांगजन जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है, उनका नया यूडीआइडी कार्ड बनाया गया। वही जिनका पूर्व से प्रमाण पत्र बना है, उनका यूडीआइडी कार्ड के लिए आनलाईन निबंधन किया गया। शिविर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग के तहत संचालित योजनाओं यथा संबल योजना अंतर्गत मोटर ट्राई साइकिल का आनलाइन आवेदन व अन्य सहायक उपकरण के लिए ऑफलाइन आवेदन एवं परिवार लाभ व कबीर अंत्येष्टि योजना से संबंधित ऑफलाइन आवेदन पत्र प्राप्त कर निष्पादन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि शिविर में 5 काउंटर बनाए गए थे।जिसमे स्वास्थ विभाग से चार चिकित्सक आए हुए थे।वही कुल 61 रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें में नया 30 और यूडीआइडी कार्ड के लिए 31 का आवेदन मिला। वहीं 9 कार्ड जनरेट हो गया।

## डुमरांव नगर परिषद प्रबंधन चौराहों पर लगा रहा है चार-चार सीसीटीवी कैमरा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नप ने अपने नगरवासियों को सुरक्षित रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगा रहा है। इधर नप ने यह फैसला लिया है कि हर चौक-चौराहों पर चार-चार सीसीटीवी कैमरा लगाएगा। इस नये फैसले से 100 जो सीसीटीवी कैमरा नप ने खरीदा है कम पड़ जाएंगे। इस संबंध में ईओ मनीष कुमार, चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया की पहले जो स्थल चयन किये गए थे, उसी के अनुसार सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए एक सौ की खरीदारी की गई थी।




इस संबंध वार्ड पार्षदों ने अपनी राय दिया है कि चौक-चौराहा पर चार सीसीटीवी कैमरा लगना चाहिए, जिससे कि हर दिशा कवर हो जाए। इस संबंध में चेयरमेन व ईओ मनीष कुमार का कहना है कि तकनीसियन से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने वार्ड पार्षदों की बात को सही ठहराया। सभी वार्ड पार्षदों ने अपनी राय दिया है कि चौक-चौराहों पर एक सीसीटीवी कैमरा लगने से सिर्फ एक दिशा ही कवर हो पाएगा, तीन दिशाएं अछूता रह जाएंगी। लिहाजा यह फैसला लिया गया कि हर चौक-चौराहा पर हर दिशा की तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। चौक-चौराहों पर चार-चार कैमरा लगाए जाने से एक सौ कम पड़ जाएंगे, ऐसे में जरूरत के अनुसार खरीदारी की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार नगर में लगभग 70 कैमरा लगाया जा चुका है, जबकि विस्तारित क्षेत्र नयाभोजपुर, पुरानाभोजपुर लगाना बाकी है। इतना ही नहीं नगर के चौक-चौराहों पर केवल एक ही कैमरा लगाया गया है। नई मांग के अनुसार हर चौक-चौराहों पर चार सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा, लिहाजा जरूरत के अनुसार ही उसकी खरीदारी की जाएगी। मांग के अनुसार कैमरा लगाने का फैसला लिये जाने से वार्ड पार्षदों सहित आम नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। मालूम हो कि चौक-चौराहों में ट्रेनिंग स्कूल चौराहा, शीला सिनेमा, छठिया पोखरा, शहीद मर्द रोड चौक, राज अस्पताल मोड़, नायाथाना मोड़, शहीद गेट, राजगढ़ चौक, विष्णू मंदिर, पुरानाभोजपुर चौराहा, नयाभोजपुर चौराहा, दुगामंदिर रेलवे स्टेशान सहित ऐसे अन्य स्थल हैं, जहां पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जा सकता है। ईओ ने बताया की जरूरत वाले चौक-चौराहों को चिन्हित किया जा रहा है।

### नहीं आया रबी फसल का बीज, निराश लौटे किसान

**डुमरांव।** बीते सोमवार से ही किसान रबी फसल के बीज लेने के लिए ई-किसान भवन पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें मसूर के अलावे अन्य का बीज नहीं मिल रहा है। इस संबंध में जब बीएओ से बात की गई तो उन्होंने बताया की विभाग से बात की गई है, अगले सप्ताह में गेहूं, चना, सरसो सहित अन्य फसल की बीज उपलब्ध हो जाएगी। इधर किसानों का कहना है कि कई दिन से टरकाया जा रहा था।




## महारानी उषा रानी बालिका मध्य विद्यालय की छात्रा के उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय में खुशी की लहर

# डुमरांव की शिखा ने राज्य स्तरीय एकल नृत्य में लहराया परचम

♦ प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षकों ने शिखा कुमारी को दी बधाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**



महारानी उषारानी बालिका मध्य विद्यालय की छात्र शिखा कुमारी ने राज्य स्तरीय एकल नृत्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल सहित पुरे जिले का नाम रौशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताई है।

राजगढ़ परिसर स्थित महारानी उषारानी बालिका मध्य विद्यालय की छात्रा शिखा कुमारी ने तरंग प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल सहित पूरे जिले का नाम रौशन किया है। शिखा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद शरीफ अंसारी ने बधाई दी है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इस अवसर पर शिखा के वर्ग शिक्षक उपेंद्र कुमार दूबे ने बताया कि शिखा शुरू से ही मेधावी छात्र रही है तथा पढ़ाई के साथ-साथ कला के क्षेत्र में भी इनका प्रदर्शन काफी उत्तम रहा है।

विद्यालय की हिन्दी की शिक्षिका सविता सिंह ने शिखा के बारे में बताया कि शिखा आरंभ से अनुशासन प्रिय लड़की रही है। कला के क्षेत्र में उसका प्रदर्शन काफी उम्दा रहा है। विदित हो कि बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक वर्ष तरंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत कला और खेल के क्षेत्र में प्रतिभागी अपना प्रदर्शन करते हैं। उनके प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन विद्यालय, जिला और राज्य स्तर पर किया जाता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाता है। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डुमरांव में हुआ था, जिसमें शिखा ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान लाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। इस प्रतिभा के आयोजन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य विवेक मौर्य, नवनीत सिंह और अजीत कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना चयन जिला स्तर पर कराया था। प्रत्येक विद्या से प्रथम प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर पर किया गया था। इसी विद्यालय की पूर्ववर्ती छात्रा कोमल कुमारी ने भी गायन के क्षेत्र में अपना प्रदर्शन राज्य स्तर पर किया जिसकी सबने सराहना की। विद्यालय स्तर पर इस प्रतियोगिता के तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका विद्यालय की शिक्षिका आरती कुमारी,अनीता चौबे, सुनीता, चंचल कुमारी, कांति कुमारी, दिव्यांशु कुमार, उपेंद्र कुमार दुबे, सोनू वर्मा, ददन प्रसाद ने किया था।

# विधानसभा उपचुनावः जनसुराज ने घोषित किया संशोषित उम्मीदवारों के नाम

♦ बेलागंज से प्रो. खिलाफत हुसैन की जगह मो. अमजद और तरारी से लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह की जगह किरण सिंह उम्मीदवार

**केटी न्यूज/आरा**

जन सुराज के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज भारती ने यह घोषणा किया कि कुछ विशेष कारणों से बिहार के आगामी उप-चुनाव से पहले पार्टी को अपने कुछ उम्मीदवारों को बदलना पड़ा है। इस महत्वपूर्ण बदलाव की जानकारी देते हुए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि गया के बेलागंज और भोजपुर के तरारी क्षेत्र में पार्टी के उम्मीदवारों को बदल दिया गया है। प्रशांत किशोर ने बताया कि बेलागंज से अब अमजद भाई और तरारी से किरण सिंह जन सुराज के नए उम्मीदवार होंगे। प्रशांत किशोर ने इस बदलाव के कारणों को बताते हुए कहा कि बहुत से लोग अब इस बदलाव को लेकर टिप्पणियां करेंगे और कहेंगे कि जन सुराज ने अपने पहले ही कदम पर धक्का खा लिया। लेकिन मैं इसमें कुछ भी छिपाना नहीं चाहता। हम एक नई पार्टी हैं, और हमसे एक-दो गलतियां





हो सकती हैं, परंतु हमारे प्रयासों में कोई कमी नहीं होगी। तरारी के पूर्व उम्मीदवार कृष्ण सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि इनसे बड़ा उदाहरण कोई नहीं हो सकता। ये भारतीय सेना में सेवा कर चुके हैं, सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्रों में सेना का नेतृत्व कर चुके हैं, लेकिन तरारी के बेटे तरारी में चुनाव नहीं लड़ सकते क्योंकि उनका नाम यहां की मतदाता सूची में नहीं है। कृष्ण सिंह एक जिम्मेदार नागरिक हैं, और प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि इस स्थिति में या तो हम इसे राजनीतिक मुद्दा बना सकते थे या फिर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ सकते थे। जनरल साहब ने मझसे कहा कि वह यहां सेवा करने आए हैं, और अगर भगवान की मर्जी यही है कि वह पहले सेवा करें और फिर पद पर जाए, तो इसमें कोई समस्या नहीं है। इसी विचार के आधार पर हमने किरण सिंह को उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया है। प्रशांत किशोर ने किरण सिंह के बारे में बताते हुए कहा, किरण सिंह ने समाज में कई अच्छे कार्य किए हैं, खासकर बच्चों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए। उनके अच्छे कामों को देखते हुए उन्हें तरारी से उम्मीदवार बनाया गया है। बेलागंज के बारे में बोलते हुए प्रशांत किशोर ने बताया कि यह क्षेत्र भी काफी चुनौतियों से भरा हुआ है। हमने पहले अमजद भाई को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन अमजद भाई ने खुद सुझाव दिया कि उनकी जगह प्रोफेसर खिलाफत हुसैन चुनाव लड़ें। जब मैंने उनसे पूछा कि वह खुद चुनाव क्यों नहीं लड़ना चाहते, तो उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ना आसान नहीं है, खासकर उनके जैसे सामान्य परिवारों के लिए। अमजद भाई ने पहले भी 2-3 चुनाव लड़े हैं, और इन चुनावों ने उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि अमजद भाई ने यह निर्णय लिया कि प्रोफेसर खिलाफत हुसैन चुनाव लड़ें, लेकिन बाद में जनता और पार्टी के दबाव के चलते अमजद भाई ने खुद चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

## एक नजर

### कलयुग में भगवान के नाम मात्र से मनुष्य भवसागर से होता है पार : श्रीधर बाबा



**छपरा।** कलयुग में केवल जैसे मनुष्य का कर्म होता है, वैसे ही फल भोगने को मिलता है। सुख-दुख उनके कर्मों के अनुसार ही मिलता है। भगवत भजन में वह शक्ति है, जो मनुष्य के जीवन में परिवर्तन ला सकती है।व्यक्तियों को अपने जीवन में काम, क्रोध, मद, लोभ त्याग कर श्रेष्ठ कर्म करना चाहिए। उक्त बातें सराय बक्स में विराट विष्णु महायज्ञ में यज्ञकर्ता संत श्रीधर दास जी महाराज ने कही। गुरुदेव श्रीधर बाबा ने कहा कि भगवान का नाम लेने मात्र से ही व्यक्ति भवसागर को पार हो जाता है क्योंकि राम चरित मानस में बताया गया है कि कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरही पारा-भागवत कथा जीवन में प्रकाश का कार्य करती है और जीवन के अंधकार को दूर करने के लिये भगवत चिंतन आवश्यक है। इससे मानसिक विकास होता है। मनुष्य के द्वारा प्रतिदिन जाने अनजाने में हुए पाप को ईश्वर के सामने प्राश्चित करना ही एक मात्र उपाय है। जीवन को सार्थक करने का एक मात्र सरल उपाय भागवत चिंतन से जुड़ना है। भगवान को प्रसन्न करने का सुगम व सुलभ साधन यह है कि जो मिला है, उसी में संतुष्ट रहो, प्राणी मात्र पर दया करो। सतत प्रभु का चिंतन करो। ये तीन साधन ही ईश्वर से मिलाने का प्रसस्त मार्ग है और इंसान इन्हीं चीजों से अनभिज्ञ है। मनुष्य बहुत ही स्वार्थी हो गया है। मनुष्य के जीवन में तीन बातें बड़ी ही अनमोल है।समीक्षा, परीक्षा और प्रतीक्षा कहा गया है कि मनुष्य को अपनी समीक्षा करनी चाहिये ना कि दूसरों की। परीक्षा अपनों की लें ना कि भगवान की। ईश्वर मिलने की प्रतीक्षा करें जीवन में भगवत प्राप्त हो जायेगी।

### मखदुमपुर गांधी मैदान में दशरथ मांझी नामक नाटक का हुआ मंचन



**जहानाबाद।** मखदुमपुर गांधी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला के दूसरे दिन लेखक एवम निर्देशक मिथलेश सिंह द्वारा रचित दशरथ मांझी नामक नाटक का मंचन हुआ। नाटक में दशरथ मांझी के जीवन एवं उसकी पत्नी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया । मांझी पत्नी के प्यास बुझाने के लिए पानी लाने पर चोर की तरह पिटाई ,जमींदार के जमीन को कार्य करने पर मजदूरी एक घड़ा पानी लेने, फगुनिया के पहाड़ी पर पानी का घड़ा फुट जाना एवं उसका प्यासा रह जाना का चित्रण किया गया । वही पत्नी को प्यासा रह जाने की घटना से दुखी होकर मांझी ने पहाड़ में रास्ता बनाने का धुन सवार हुआ और एक दिन पहाड़ को काटकर इतिहास बन गए नाटक में दशरथ मांझी का रोल कर रहे उदय कुमार शंकर एवं फगुनिया का अभिनय कर रहे रजनी शरण में लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया । ज्ञात हो माउंटेन मैन दशरथ मांझी गया जिले के गलहोर में पहाड़ को काटकर रास्ता का निर्माण किया था ।नाटक के निर्देशक मिथिलेश सिंह ने बताया नाटक पूरे देश मे आयोजित किया था। लेकिन मेरा और आप सभी के इच्छा से गांधी मैदान में आयोजित कराया हु। उन्होंने उपस्थित जन समूह के समझ अपने मिट्टी को नमन किया। इसके पूर्व मंच का दूसरे दिन उद्घाटन मखदुमपुर वीडियो मृत्युंजय कुमार अंचलाधिकारी रंजीत कुमार उपाध्याय वार्ड पार्षद संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा बाजार के व्यवसायी विवेक कुमार समेत आगत अतिथियों ने किया । आगत अतिथियों के सम्मान में नाट्य मंडली के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही गया से आए संजीत बैक्टीरिया द्वारा चक चंदा गीत की प्रस्तुति की गई वही मसौढ़ी से आए धर्मेंद्र कुमार के द्वारा मगही लोक गीत प्रस्तुति किया गया कार्यक्रम में गया से ही आए निखिल ग्रुप के द्वारा जट_जतियन नृत्य का प्रस्तुति किया गया ।कार्यक्रम में मुंगेर से आये लोहा सिंह का एकल अभिनय प्रस्तुत भी किया गया। मंच का संचालन दीपक कुमार ने किया। मौके पर कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार तक चार ने किया नामांकन

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार तक चार नामांकन हुए है। सोमवार को जहां भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था।अभी तक मैदान में कुल चार उम्मीदवार मौजूद हैं। अभी नामांकन भरने को तीन दिन शेष हैं।रिटर्निंग ऑफिसर सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता मोहनिया के द्वारा निर्गत आम सूचना के अनुसार 25 अक्टूबर तक नॉमिनेशन फॉर्म लिए जाएंगे तथा 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन पेपर का स्क्रूटनी होगा। 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी नाम वापसी कर सकते हैं। रिटर्निंग ऑफिसर कमला कांत त्रिवेदी ने बताया कि आज तक 07 अभ्यर्थियों ने नाजिर रसीद कटवाया है।अभ्यर्थियों के सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।हेल्प डेस्क पर पर्याप्त संख्या में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो अभ्यर्थियों को नामांकन फॉर्म भरने से लेकर जमा करने तक में सहायता करेंगे।नामांकन स्थल के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। नामांकन प्रक्रिया को लेकर अनुमंडल कार्यालय के आसपास काफी चहल-पहल देखी जा रही है।

### डीएम ने धान अधिप्राप्ति को लेकर टास्क फोर्स के साथ की बैठक

**सासाराम।** डीएम उदिता सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि जिलान्तर्गत अब तक कुल निबंधित किसानों की संख्या 558 (रैयत 467 एवं गैर रैयत 91) है। खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत प्रत्येक पैक्स में धान बेचने वाले किसानों का अधिक से अधिक संख्या में निबंधन कराने हेतु प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। प्रखण्ड अंतर्गत सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक पैक्स में धान बेचने हेतु इच्छुक किसानों को अधिक से अधिक पंजीकृत करने का निर्देश दिया गया। मिलों का निबंधन एवं भौतिक सत्यापन जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगमको निर्देश दिया गया कि सासाराम, डिहरी एवं बिक्रमगंज के अनुमण्डल पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मिल का भौतिक सत्यापन दिनांक 31 अक्टूबर तक करना सुनिश्चित करेंगे। सभी क्रय केन्द्रों पर धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व भण्डारण की व्यवस्था, नमी मापक यंत्र, माप तौल का नवीकरण, पोस्टर बैनर युक्त वाहनों, बायोमेट्रिक फिगर प्रिंटर स्कैनर आदि का अधिष्ठापन 31अक्टूबर तक उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया। जिलान्तर्गत धान अधिप्राप्ति करने वाले सभी गैर प्रमादी समितियों का चयन करने का निर्देश डीसीओ को दिया गया। जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को क्रय केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी एवं गुणवत्ता नियंत्रक की प्रतिनियुक्ति होगी।

## खबरें फटाफट

### अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

**छपरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मरहिया गांव के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई ।मृतक जिले के खैरा थाना क्षेत्र निवासी स्व० शिवनारायण शर्मा का पुत्र शोभनाथ शर्मा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बीती रात छपरा किसी निजी क्लीनिक से इलाजरत मरीज को खाना व दवा देकर घर जा रहा था कि तभी मरहिया गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया,सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस के द्वारा उसे सदर अस्पताल भेजा गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस के द्वारा परिजनों को इस संदर्भ में सूचना दी गई,जिसके बाद सदर अस्पताल मे परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल हो गया।

### वाहन चेकिंग में 11 हजार रुपये जुर्माना वसूला

**नासरीगंज।** कछवां पुलिस ने थाना मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अवर निरीक्षक शालू कुमारी के नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने कागजात, हेलमेट सहित विभिन्न तरह के वाहन अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में विभिन्न वाहनों से 11 हजार रुपए जुमार्ना वसूल किया है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अब वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वालों की खैर नहीं है।

### विभूति ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के समीप सोमवार की रात गाड़ी संख्या (12334) विभूति एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर पश्चिम बंगाल निवासी एक बुजर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतक बुजुर्ग पश्चिम बंगाल के 24 नॉर्थ परगना जिला के हबेरा थाना क्षेत्र के सलतिया गांव निवासीगौरहरी विश्वास है।

## काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरावरपुर के समीप हुई घटना

# बाइक सवार युवक को बालू लदे ट्रक ने कुचला, मौके पर हुई मौत

♦ वृद्ध बाप के कंधे पर निकला जवान बेटे का जनाजा
♦ बहन से मिलकर लौट रहा था अपने घर
♦ मृतक कछ्वां थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौना गांव का था निवासी

**केटी न्यूज/काराकाट**

कभी-कभी विधाता भी अजीबों गरीब खेल इंसान के साथ खेल देते है । जो काफी दिल को झकझोर देने वाली होती है । जी हां एक ऐसा ही मामला रोहतास जिले के कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौना गांव की है। जहां पर 72 वर्षीय वृद्ध बाप के कांधे पर बेटे की अर्थी निकली । जिस वक्त बाप के कंधे पर बेटे की अर्थी निकली होगी उस वक्त का दृश्य दिल को झकझोर देने वाली ही होगी । आप सब अंदाजा लगा सकते है कि जीते जी बाप के सामने जब बेटे की चिता जले तो उस वक्त इंसान की तो बात दूर पत्थर से भी आंसू निकल पड़ते है। एक ऐसा ही मामला



कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौना निवासी 72 वर्षीय रामयश सिंह के 42 वर्षीय पुत्र मनोज सुधाकर के साथ घटित हुई।

**बहन से मिलकर लौट रहा था घरः** मृतक के पिता के अनुसार यह घटना तब घटी जब मनोज सुधाकर अपनी 18 वर्षीय बड़ी पुत्री सादगी किरण जो इंटर की परीक्षा पास कर सेमेस्टर वन में पढ़ रही है । उसी को सासाराम हॉस्टल में पहुंचाने सुधाकर गए हुए थे । उसके उपरांत सुधाकर अपनी पुत्री को पहुंचा कर पर्व को लेकर कुछ कपड़ों की खरीदारी किए। उसके बाद सुधाकर देर होने की वजह से वे अपने रिश्तेदार के घर ठहर गए। अगले दिन वे अपने रिश्तेदार के घर से चलकर दूसरे रिश्तेदार दहियाड़ी निवासी कंचन कुमार के साथ कपड़ा लेकर बाइक से सुधाकर अपने गांव आ रहे थे।

**तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला :** तेज रफ्तार से आ रहे बालू लदे 18 चक्का ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वे सड़क पर गिर पड़े । जैसे ही सड़क पर सुधाकर गिरे तब तक से वे ट्रक के अगला चक्का के समीप आ गए। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर सवार उनके रिश्तेदार कंचन कुमार घटना से बाल-बाल बच गए। जैसे ही यह घटना घटी उसी वक्त आसपास के लोग घटना स्थल पर जुट गए । घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़ को देख चालक ट्रक को छोड़कर भाग निकला। तत्पश्चात घटित घटना की सूचना आसपास के लोगों ने मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन जैसे ही घटना स्थल पर पहुंचे तो सड़क पर पड़े शव को देखकर दहाड़ मार कर रोने लगे । सूत्रों के अनुसार यह घटना काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरावरपुर के समीप घटित होने की बात बताई जा रही है ।

**मृतक चलाता था कपड़े की दुकानः** मृतक मनोज सुधाकर अपने मां और बाप के एकलौते पुत्र थे । जो करीब 15 वर्षो से अपने ही गांव अमौना में रेडीमेंट का दुकान चलाता था। उनकी शादी 2004 में नासरीगंज थाना क्षेत्र के अमियावर निवासी ललन सिंह की पुत्री कविता देवी के साथ हुई थी। वे अपने पीछे 72 वर्षीय वृद्ध पिता रामयश सिंह , 40 वर्षीय अभागीन पत्नी कविता देवी , 18 वर्षीय बड़ी पुत्री सादगी किरण व 14 वर्षीय छोटी पुत्री सुहानी किरण को छोड़कर चल बसे। आपको बताते चले कि अब इस बेसहारा परिवारों का भरण पोषण करने वाला कोई नहीं बचा है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### आरा में पंखे के कुंडी से लटका महिला का शव बरामद

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर मोहल्ले में मंगलवार की देर शाम पंखे के कुंडी से लटका एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मृतका कैमूर जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के सुहावन गांव निवासी सतीश सिंह की 32 वर्षीय पत्नी बंधन देवी है एवं वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर मोहल्ले में 2 वर्षों से किराए के मकान में रहती थी। इधर मृतका के पति सतीश सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम उसने बोला कि मेरी तबीयत ठीक नहीं है। जिसके बाद उसने उसे खाना दिया। खाना खाने के बाद वह दवा खाकर अपने कमरे में सोने चली गई और वह जीरो माइल काम करने चला गया। इसी बीच उसने पंखे के कुंडी से लटक कर फांसी लगा ली। इसके बाद उसके छोटे बेटे चाहत ने देखा कि उसकी मां पंखे के कुंडी से लटक रही है। जिसके बाद उसने इसकी सूचना अपने पिता को दी। सूचना पाकर वह घर आया तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ी है। जिसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## लायंस क्लब ऑफ छपरा का मना स्थापना समारोह

**केटी न्यूज/छपरा**

सीपीएस विद्यालय के प्रांगण में लायंस क्लब ऑफ छपरा का भव्य और गरिमामय स्थापना समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन गणवंत कुमार मल्लिक, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सीपीएस की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ, जिसने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंस्टॉलिंग ऑफिसर के रूप में लायन अनुपम सिंघानिया उपस्थित रहे, जबकि इंडक्टिंग ऑफिसर की भूमिका शहर के प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सक लायन डॉ. एसके. पांडेय ने निभाई। ध्वज वंदना का पाठ लायन वरुण प्रकाश द्वारा किया गया, और प्रार्थना का पाठ लायन देवव्रत पांडे ने किया।क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लायन सुशील वर्मा ने पिछले वर्ष की कोषाध्यक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की और अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों को साझा किया, जिसे उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने करतल ध्वनि से सराहा। तत्पश्चात, वर्ष 2024-25 के लिए लायन डॉ. विकास कुमार सिंह ने क्लब के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला। उन्होंने अपने पिछले तीन महीनों में किए गए सेवा कार्यों की जानकारी मंच से दी। जिसे उपस्थित अतिथियों और पदाधिकारियों ने खूब सराहा। इस समारोह में लायन राकेश मिश्रा ने सचिव पद की शपथ ली। लायन रवि भूषण श्रीवास्तव ने कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ओम इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अभिषेक सिंह व्यवसाय प्रीतेश नारायण सिंह लायंस क्लब की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में विशेष रूप से लायन मनोज कुमार वर्मा संकल्प और लायन विक्की आनंद की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

# डीएम ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

♦ घाटों की साफ सफाई सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

छठ महापर्व के मध्य नजर डीएम अलंकृत पांडे ने प्रमुख एवं घाटों की जांच की गई। संबंधित पदाधिकारी को जरूरी निर्देश जारी किए गए। डीएम ने सर्वप्रथम नगर परिषद क्षेत्र के गौरक्षिणी, ठाकुर बाड़ी, संगम घाट की जांच की। इस दौरान नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि घाटों की साफ सफाई सुनिश्चित कर ली जाए तथा प्रकाश, बैरिकेडिंग की भी समुचित व्यवस्था छठ पर्व से पूर्व ही पूर्ण कर ली जाये। साथ ही निर्देशित किया गया कि संगम घाट जैसे खतरनाक घाटों के पास नोटिस लगा दी जाए। जिससे कि आमजन



वहां न जाए। नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही जन संवाद सिस्टम की व्यवस्था तथा चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने का भी निर्देश दिया गया है।जिला पदाधिकारी के द्वारा इस दौरान काको के सूर्य मंदिर स्थित घाट का भी मुआयना किया गया। उनके द्वारा स्थल पर उपलब्ध कार्यपालक पदाधिकारी, काको नगर पंचायत ,प्रेम स्वरूपम को निर्देश दिया गया कि साफ सफाई दुरुस्त रखी जाए। साथ ही व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम की समुचित व्यवस्था कर ली जाए एवं घाट एवं आवागमन के स्थल पर लाइटिंग की व्यवस्था छठ के आगमन के पूर्व ही सुनिश्चित कर ली जाए। बताते चले कि जिला स्तर पर आगामी छठ पर्व के आयोजन के दौरान व्यवस्था हो एवं वृत्तियों को बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं और इसकी तैयारी विगत कई सप्ताह से की जा रही है। घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए मनमोहन पेंटिंग बनाने का भी निर्देश दिया।

## टीबी से पीड़ित व्यक्तियों और उनकी देखभाल करने वालों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करें

# टीबी से पीड़ित लोगों का जमीनी स्तर पर करेंगे मदद : डॉ रत्नेश्वर

♦ इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के तहत चैंपियन को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**केटी न्यूज/छपरा**

जिले में अब टीबी के कलंक को मिटाने के लिए आरोग्य मंदिर स्तर पर टीबी चैंपियन को तैनात किया जायेगा। इसको लेकर सदर अस्पताल के जीएनएम हाल में केएचपीटी संस्था के द्वारा टीबी सर्वाइवर्स को टीबी चैंपियन के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह और केएचपीटी के स्टेट लीड पंकज कुमार शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया। डॉ रत्नेश प्रसाद सिंह ने टीबी चैंपियंस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीबी चैंपियंस सेवा भाव से यक्ष्मा मरीजों के लिए काम करें और समाज में उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के तहत टीबी चैंपियंस के माध्यम से यह एक सार्थक कदम है। उन्होंने बताया कि ऐसे टीबी मरीज जो टीबी से पूर्ण रूप से ठीक हो गए हैं और समाज की लिए कुछ करना चाहते है उन्हें टीबी चैंपियंस के रूप में चयन किया गया है वे प्रत्येक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगों के बीच प्रचार प्रसार का काम करेंगे। यह आम जनता को इसके बारे में पूरी जानकारी अवगत सकते है। ताकि लोग सतर्क हो सके।



### टीबी चैंपियंस सबसे बड़े संदेशवाहक

इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के स्टेट लीड पंकज शर्मा ने कहा कि इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य टीबी के प्रसार को कम करना तथा टीबी से होने वाले मौत में कमी लाना है। टीबी मुक्त पंचायत के लिए टीबी चैंपियंस सबसे बड़े संदेशवाहक का काम कर सकते हैं। ग्रामीण स्तर पर टीबी चैंपियंस टीबी मुक्त पंचायत के लिए काम करें और लोगों को जागरूक करें। टीबी चैंपियंस को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के स्तर पर तैनात किया जाएगा। जो ग्राम पंचायत में सामुदायिक बैठकों में भाग लेकर ग्राम पंचायत के सदस्यों को बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ा सकते है।

### बाल और नाखून को छोड़कर किसी भी अंग को कर सकता है प्रभावित

टीबी डीपीसी हिमांशु शेखर द्वारा टीबी के फैलाब, रोकथाम एबं उपचार से सम्बंधित विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। क्षय रोग एक वायुजनित बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होती है। यह एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है जो फेफड़ों को प्रभावित करती है, यह शरीर के किसी भी हिस्से (बालों और नाखूनों को छोड़कर) को प्रभावित कर सकती है। जब पल्मोनरी टीबी वाला कोई पीड़ित कोई व्यक्ति खांसता है, थूकता है या छींकता है, तो टीबी के कीटाणुओं को ले जाने वाली श्लेष्मा की बूंदें हवा में फैल सकती हैं। चूंकि टीबी वायुजनित है, इसलिए जो कोई भी बैक्टीरिया को सांस के माध्यम से ग्रहण करता है, वह टीबी से संक्रमित हो सकता है ।क्षय रोग (टीबी) एक वायुजनित बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस (एम. ट्यूबरकुलोसिस) के कारण होती है। यह एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है जो फेफड़ों को प्रभावित करती है। मौके पर सीडीओ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह, डीपीसी हिमांशु शेखर, केएचपीटी के स्टेट लीड पंकज कुमार शर्मा, डिस्ट्रिक्ट लीड रमेश कुमार, एसटीएलएस कुमार अमित, एसटीएस मुकेश कुमार, अनंत कुमार, रतन संजय टीबी मुक्ति वाहिनी के राजू रंजन समेत अन्य मौजूद थे।

# बलिया में 750 जिन्दा कारतूस के साथ युवती गिरफ्तार

- डाउन वाराणसी-छपरा पैसेंजर ट्रेन से ट्राली बैग में मिला कारतूस
- प्लेटफार्म नम्बर-2 से बलिया जीआरपी ने किया गिरफ्तार
- वांछित दो अभियुक्तों के विरुद्ध जीआरपी ने दर्ज किया मुकदमा



**केटी न्यूज/बलिया**

बुधवार को बलिया जीआरपी ने प्लेट फार्म नंबर-2 के पूर्वी छोर से डाउन 05446 वाराणसी -छपरा पैसेंजर ट्रेन से मुखबीर की सूचना पर एक युवती को पकड़ा। जिसके पास मौजूद ट्राली बैग से अवैध 750 अवैध जिंदा कारतूस 315 बोर का बरामद किया। इसके बाद महिला को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। पूछताछ में अभियुक्ता ने अपना नाम व पता मनीता सिंह पुत्री जवाहिर सिंह निवासी नदिहार थाना राजगढ़ जनपद मिजार्पुर बताया। जबकि दो वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

जीआरपी के पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर बुधवार को जीआरपी बलिया ने ट्रेनों की सघन चेकिंग किया। चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर प्लेटफार्म नंबर-2 के पूर्वी छोर पर करीब 8.40 बजे पहुँची डाउन वाराणसी- छपरा ट्रेन के इंजन की तरफ से बोगी नम्बर दो में केबिन में बैठी एक युवती के सीट के नीचे रखे मैरुन कलर का ट्राली बैग पकड़ा। जिसे युवती द्वारा अपना बताया गया। जीआरपी ने चेक किया तो उसमें से 750 अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि अंकित कुमार पाण्डेय व रोशन यादव द्वारा उसे ट्राली बैग में कारतूस रख कर दिया गया था। जिसे वह छपरा स्टेशन के बाहर तक ले जा रही थी। इसके बाद जीआरपी ने युवती को पकड़ थाने आई और गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम व 111(3) भारतीय न्याय संहिता थाना जीआरपी बलिया में पंजीकृत किया गया। वही अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया गया। वही वांछित अभियुक्त अंकित कुमार पाण्डेय पुत्र सुशील कुमार पाण्डेय निवासी बाराचवर थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर एवं रोशन यादव पुत्र रामनरायन सिंह यादव निवासी नसीरपुर कटरिया, थाना करीमुद्दीनपुर, जनपद गाजीपुर के विरुद्ध जीआरपी ने संबंधीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है।

# अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए दिया जा रहा अनुदान, करें आवेदन

**केटी न्यूज/मऊ**

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रश्मि मिश्रा ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना हेतु विभागीय पोर्टल shadianudan.upsdc.gov.in पर लाभार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु वांछित अभिलेखों का होना सावश्यक है। सर्वप्रथम आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाइल नम्बर तथा बैंक खाते की पास बुक (जिसमें पूर्ण विवरण अंकित हो, पठनीय हो), आय प्रमाण-पत्र (शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु 1,00,000=00 प्रतिवर्ष से अधिक न हो), जाति प्रमाण-पत्र, उम्र का प्रमाण पत्र (पुत्री की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य है) एवं शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना अनिवार्य है। आवेदक (माता/पिता/अभिभावक) शादी अनुदान पोर्टल पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नम्बर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा।

आधार अभिप्रमाणन पूर्ण होने के उपरान्त प्राप्त रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 से आवेदक तथा पुत्री (जिसकी शादी हेतु आवेदन किया जा रहा है) दोनों का आधार ई-केवाईसी० के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा, इसलिए आधार से लिंक मोबाइल नम्बर साथ में होना अनिवार्य है।आवेदक द्वारा शादी का प्रमाण पत्र/शादी का कार्ड एंव बैंक पासबुक जिसमें खाता धारक व बैंक का नाम, बैंक खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड का विवरण अंकित हो को ऑनलाइन आवेदन में अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन को अन्तिम रूप से सबमिट करने से पूर्व कोई भी प्रविष्ट में सुधार कर सकता है।

## खबरें फटाफट

### टावर कर्मियों की हुई गोष्ठी

**बलिया।** जनपद में स्थित मोबाइल टावरों हेतु डीजल आपूर्ति आदि में अपराधियों व माफिया तत्वों द्वारा टावर कर्मियों पर सप्लाई का टेंडर दिए जाने व संचालन में दबाव बनाने के क्रम में टावरो के प्रतिनिधि व प्रबन्धको की गोष्ठी एसपी के व सीओ की मौजूदगी में पुलिस लाइन बलिया स्थित आरडी त्रिपाठी हाल में की गई। जिसमें मोबाइल टावरों के 52 प्रतिनिधि व प्रबन्धक सम्मलित हुए जिनसे विस्तृत वार्ता कर जानकारी की गई। किसी भी प्रतिनिधि व प्रबन्धक द्वारा टावरो हेतु डीजल आपूर्ति का टेण्डर दिए जाने अथवा टावरों के संचालन में किसी अपराधी प्रवृति के व्यक्ति द्वारा दबाव डालने की बात किसी भी प्रतिनिधि द्वारा कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञान में नहीं लाया गया।

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने अपरहरण के मामले में एक आरोपी को मालगोदाम रोड बलिया रेलवे स्टेशन के पास से बुधवार की दोपहर करीब पौने दो बजे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का नाम अभिषेक शाह पुत्र अजय शाह निवासी गोपालपुर सहरसपाली थाना कोतवाली है। आरोपी के खिलाफ बीते दिनों शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार की दोपहर पौने दो बजे आरोपी को मालगोदाम रोड बलिया रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया।

### दीपावली के पूर्व वेतन का होगा भुगतान

**मऊ।** वरिष्ठ कोषाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि दिनांक 31 अक्टूबर को दीपावली उसके बाद गोवर्धन पूजा त्योहारों के अवकाश के कारण माह-अक्टूबर का वेतन दिनांक 30 अक्टूबर को भुगतान किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारी अपने कार्यालय से सम्बन्धित वेतन देयक कोषागार में प्राप्त करा दें।

## बलिया जनपद का बुरा हाल, पांच सूत्री मांगपत्र सौंप बिजली विभाग को दी चेतावनी

# विद्युत आपूर्ति से नाराज युवाओं ने किया बिजली विभाग का घेराव

- लगाया आरोप- शहर में व्याप्त विद्युत व्यवस्था की समस्याओं को लेकर कई बार विभाग को आगाह कराया है फिर भी कोई कारवाई नहीं की जा रही



**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में विद्युत विभाग की उदासीनता से क्षुब्ध उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण खंड द्वितीय रामपुर कार्यालय पर छात्रनेता व सामाजिक कार्यकर्ता रिपुन्जय रमण पाठक रानू के आह्वान पर घेराव कर विभागीय कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

रानू पाठक ने 5 सूत्रीय मांगपत्र के माध्यम से जनपद की बदहाल विद्युत व्यवस्था में सुधार की चेतावनी दें डाली। बीते कुछ दिनों से शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बिजली आपूर्ति के लिए जर्जर खंभों व तारों के बदलाव की माँग को लेकर उपभोक्ता व छात्र रानू पाठक के नेतृत्व में रामपुर कार्यालय पहुंचे जहां कार्यालय पर पहुंचने के बाद अधिशासी अभियंता नदारद दिखे जिससे छात्र आक्रोशित हो नारेबाजी करने लगे। रानू पाठक ने बताया कि शहर में व्याप्त विद्युत व्यवस्था की समस्याओं को लेकर कई बार विभाग को आगाह कराया है फिर भी कोई कारवाई नहीं हो की जा रही। शहर के व्यस्ततम शहीद पार्क चौक से रेलवे स्टेशन मार्ग, चौक विजय सिनेमा रोड़ सहित शहर के कई मोहल्लों में भूमिगत बिजली सप्लाई होनी चाहिए, यहां जर्जर खंभों के सहारे नंगे तारों से बिजली सप्लाई की जा रही है जो दुर्घटना को खुली दावत दे रही है। उपभोक्ताओं ने भी छात्रों का भरपूर सहयोग किया। जिले में विद्युत आपूर्ति अभी भी पटरी पर नहीं लौट पा रही है, जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों तक ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के लिए कई बार विभाग पर घेराव प्रदर्शन किया गया, भीषण गर्मी दौर में कटौती से लोग बेहाल थे इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में पेयजल नलकूपों का संचालन प्रभावित होने से ग्रामीणों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ता है। ग्रामीण इलाकों में अनियमित कटौती के कारण बिजली का संकट बना हुआ है। घेराव के दौरान बताया कि बलिया शहर सहित ग्रामीण अंचलों में ओवरलोड, जर्जर तार, जर्जर खम्भो का बहाना बना आपूर्ति बाधित की जाती रही है, इस गंभीर समस्या के निदान व 24 घंटे आपूर्ति के लिए लगातार आगाह किया जाता रहा है, लेकिन एक तरफ जहां पूरे प्रदेश में सरकारें बेहतर आपूर्ति का दावा ठोंकती नजर आ रहीं वही यहाँ की नजीर उन्हें आंख चिढ़ा रहीं है, बलिया शहर की स्थिति तो बद से बदतर है, लोग पानी के लिए तरस रहें है है, तो वही ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि न होने से टाऊन क्षेत्र व गावों में लो वोल्टेज की समस्या से समस्या उत्पन्न हो रहीं है उपभोक्ताओं का शोषण बंद किया जाए व एकमुश्त समाधान योजना का लाभ जन जन को मिले इसके लिए इस योजना को पुनः लाया जाए, शहर के कई मार्गो पर भूमिगत बिजली आपूर्ति चालू होने के बावजूद भी पुराने जर्जर तार खंभे नही हटाए गए है,पूर्व में बलिया शहर में आंदोलन के दौरान शक्ति भवन लखनऊ द्वारा शहर के तमाम हिस्सों में भूमिगत विद्युत सपलाई ०?यवस्?था को चालू किया जाने का आश्वासन दिया गया था जिसे अभी तक धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है, जिसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। रानू पाठक ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आपूर्ति सुचार रुप से ना शुरू हुई तो वो आन्दोलन को बाध्य होंगे, जिसके बाद उसकी सारी जिम्मेदारी विभाग की होगी। इस मौके पर ऋषिराज मिश्रा, रमेश कुमार, राहुल मिश्रा, अवनीश पांडेय अनंत, बबलू यादव, भीम, मोहित गुप्ता, विवेक पांडेय, रंजीत चौहान, आयुष ओझा,अभिषेक सिंह, रवि चौबे, गोल्डी शर्मा, कृष्णा जायसवाल, रमेश चौहान, आशीष यादव, हिमांशु यादव, आर्या तिवारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सिपाह इब्राहिमाबाद में जला दशानन का पुतला



**सिपाह इब्राहिमाबाद (मऊ)।** स्थानीय श्री रामलीला समिति के संयोजन में बुधवार को रामलीला मेला परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया गया। श्रीराम और रावण की सेनाओं के मध्य घंटों चले सशस्त्र युद्ध में असुरी सेना के तमाम महारथियों के मारे जाने से लंकाधिपति अत्यंत शोकाकुल व आक्रोशित हो उठता है। किंतु विविध युद्ध कलाओं का महाज्ञाता होने के बावजूद प्रभु श्रीराम की सेना के आगे उसकी एक नहीं चलती है। अंत में वह भी काल के गाल में समा जाता है। इसके पश्चात उसका (रावण का) पुतला दहन किया गया। इसके पूर्व अंगद -रावण संवाद सुनने के लिए लोग शुरू से अंत तक जमे रहे।

### मुख्तार अंसारी के करीबी अफजाल अहमद की एक करोड़ 36लाख की संपत्ति की हुई कुर्की



**मऊ।** मुख्तार अंसारी के गिरोह से जुड़े लोगों पर कार्रवाई का दौर जारी है। पुलिस ने मुख्तार अंसारी के करीबी रिश्तेदार के नाम पर खरीदी गई जमीन को प्रशासन द्वारा कुर्क किया गया। इस दौरान पहले मुनादी कराई गई और बाद में कुर्की की कार्रवाई की गई । बताया जाता है कि मरदह निवासी अफजाल अहमद के खिलाफ गिरोहबंद एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार अपराध जगत के अर्जित धन से संपत्ति अर्जित की है और भवन का निर्माण भी कराया है। दक्षिणटोला कोतवाली पुलिस के साथ राजस्व टीम द्वारा इन दोनों भूखण्ड को कुर्क करने की कारवाई की गई ।

### उद्यान विभाग द्वारा आलू का आधारित बीज वितरित



**मऊ।** आलू के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हेतु उद्यान विभाग द्वारा जनपद मऊ में 90 कुंतल आलू का आधारित बीज का वितरण बुधवार को राजकीय अलंकृत उद्यान चंद्रभानपुर से किया गया। इस वर्ष बाजार में आलू की ज्यादा कीमत होने के कारण उद्यान विभाग द्वारा जनपद के किसानों को बीज उत्पादन के उद्देश्य एवं नया बीज संरक्षित करने के लिए आधारित प्रथम श्रेणी में कुफरी सिंदुरी प्रजाति का 45 कुंतल ,कुफरी चिप्सोना का 22 कुंतल एवं कुफरी बहार ओवर साइज का 23 कुंतल , कुल 90 कुंतल बीज, 100 से अधिक किसानों के मध्य प्रथम आवक, प्रथम पावक आधार पर नगद विक्रय किया गया। जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त ने बताया कि आधारित प्रथम कुफरी सिंदूरी और चिप्सोना प्रजाति के बीज पर रुपए 500 के छूट के उपरांत रुपया 2995 प्रति कुंतल और ओवरसाइज कुफरी बहार को रुपए 2270 प्रति कुंतल से वितरण किया गया। वितरण में किसानों को आगामी दिनों में संभावित बरसात और मौसम की जानकारी करते हुए बीज को शोधन उपरांत बुवाई करने की सलाह दी गई।

# 17 लाख रुपए गबन करने के आरोपी सोहांव उप डाकपाल को पुलिस ने पालीगंज से किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**




नरही पुलिस ने सोहांव उप डाकघर से 17 लाख रुपए का गबन करने वाले उप डाकपाल सोहांव को उसके घर ग्राम ठकुरी थाना पालीगंज जनपद पटना बिहार से मंगलवार की रात गिरफ्तार किया। जिसका खुलासा बुधवार को नरही पुलिस ने मीडिया के समक्ष किया।अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। पकड़े गए अभियुक्त उप डाकपाल सोहांव पर 17 लाख रुपए गबन करने का मुकदमा दर्ज है।

बता दें कि नरही थाने पर श्यामा चरण मिश्र पुत्र पुजारी मिश्र ग्राम केशरी छपरा जिला कुशीनगर, वर्तमान में सहायक डाक अधीक्षक उपमण्डल रसड़ा द्वारा 06 दिसम्बर 2023 को उप डाकघर सोहांव के वार्षिक निरीक्षण के दौरान सरकारी नकदी कम पायी गयी। जिसकी सूचना अधीक्षक डाकघर बलिया मण्डल बलिया को दिया गया। जिसके बाद राजेश कुमार पुत्र अशोक कुमार शर्मा उप डाकपाल सोहाव थाना नरही जिला बलिया स्थाई पता ग्राम ठकुरी पोस्ट- बनिल्ला थाना पालीगंज जिला पटना बिहार को निलंबित किया गया। गबन के मामले में अधीक्षक डाक बलिया मण्डल बलिया द्वारा जांच कमेटी का गठन किया गया। जिसमें श्यामा चरण मिश्र सहायक डाक अधीक्षक उप मण्डल रसड़ा को अध्यक्ष तथा अंगद कुमार यादव उप मण्डलीय निरीक्षक डाकघर केन्द्रीय उप मण्डल बलिया को सदस्य नामित किया गया। राजेश कुमार पुत्र अशोक कुमार शर्मा उप डाकपाल सोहांव 26 जून 2023 से 11 दिसम्बर 2023 तक (निलम्बन होने तक) के अवधि तक उप डाकपाल सोहांव के रुप में कार्य किया। इस अवधि में अनियमितता करके कुल 1700000 के गबन का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद नरही पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। इसी क्रम में नरही पुलिस ने मंगलवार की रात अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र अशोक कुमार शर्मा उप डाकपाल सोहाव थाना नरही जिला बलिया स्थाई निवासी ठकुरी थाना पालीगंज जिला पटना बिहार को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी 25 अक्टूबर को

**मऊ।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद के कृषकों को अत्याधुनिक कृषि तकनीकी ज्ञान तथा कृषि के विभिन्न पहलुओं पर रबी की उत्पादकता बढ़ाने तथा रबी मौसम में फसल अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम हेतु फसल अवशेष प्रबन्धन जागरूकता अभियान हेतु कृषि प्रसार अधिकारी/कर्मचारी, प्रगतिशील किसानो, ग्राम प्रधानों कृषि निवेश आपूर्तिकर्ता वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों के साथ जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी/प्रदर्शनी का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे, से नगर पालिका कम्यूनिटी हाल में किया गया है। जिसमें कृषि तकनीकी ज्ञान एवं फसल उत्पादकता बढ़ाए जाने की जानकारी दी जाएगी।

## निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

# पुरुष के साथ महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने में करें सहयोग: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है, जिसके अनुसार समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। तथा 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक दावे/आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी।

आयोग द्वारा उक्त अवधि में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटो के साथ पदाभिहित स्थानों पर दावे/आपत्तियां प्राप्त करने हेतु कुल चार विशेष अभियान की तिथियां, जिसमें 09 नवंबर, 10 नवंबर, 23 नवंबर एवं 24 नवंबर 2024 को निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान की तिथियों को छोड़कर शेष दिनों में भी बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर सत्यापन का कार्य किया जाएगा।

बीएलओ द्वारा भी घर-घर सत्यापन के दौरान आश्रयहीन, घुमंतू, बधूआ मजदूर, विकलांग आदि व्यक्तियों का पात्रतानुसार मतदाता सूची में शामिल किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं या पूर्ण कर चुके हैं तथा अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है वे अपना आवेदन फार्म 6 पर प्रस्तुत कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया कि पुरुष मतदाताओं के साथ-साथ महिला मतदाताओं की संख्या भी बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने मुख्य रूप से मतदाताओं के लिए बताया कि मतदाता अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके भी अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर आलेख्य के प्रकाशन पर मतदाताओं का विवरण जिसमें जनपद में कुल पुरुष मतदाता 902507 एवं कुल महिला मतदाता 805004 तथा अन्य 56 इस प्रकार कुल 1707567 मतदाता हैं।

इसके अलावा जेंडर रेसियो 892, ई0पी0 रेसियो 64.24 प्रतिशत तथा 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 31082, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 10923 एवं 100 प्लस आयु वर्ग के मतदाता 320, सर्विस मतदाताओं की संख्या 4818 तथा जनपद में कुल मतदेय स्थल की संख्या 1772 एवं मतदान केंद्र की संख्या 913 है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम की जन सामान्य की जानकारी एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु डिस्ट्रिक्ट कॉल सेंटर की स्थापना की गई है जिसका नंबर 0547-2970009 है।

# विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक सम्पन्न

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा समस्त ईआरओ के साथ बैठक बुधवार की शाम चार बजे सम्पन्न हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक एक जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन -29 अक्टूबर 2024 मंगलवार एवं दावे व आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 गुरुवार तक हैं। विशेष अभियान की तिथियां 09 नवंबर 2024 शनिवार व 10 नवंबर 2024 रविवार, 23 नवंबर 2024 शनिवार व 24 नवंबर 2024 रविवार हैं। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर 2024 मंगलवार तक तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में अवस्थित 07 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत पड़ने वाले कुल 1394 मतदान केन्द्रों (डिजीगनेटेड प्लेस) पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 को किया जायेगा। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर डिजीगनेटेड आफिसर स्टाफ, ईआरओ द्वारा नियुक्त किये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार प्रत्येक मतदेय स्थल भाग के लिए बीएलओ नियुक्त किये गये हैं। इस प्रकार जनपद में स्थापित कुल 2607 मतदेय स्थलों के लिए 2607 बीएलओ नियुक्त हैं। जिलाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए बीएलए नियुक्त कर उसकी सूची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी से कहा कि सभी बूथों पर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।

## सुभाषितम्

जो अप्राप्त वस्तु के लिए चिंता नहीं करता और प्राप्त वस्तु के लिए सम रहता है, वह संतुष्ट कहा जा सकता है। - महोपनिषद

# एआई का स्वत्वाधिकार निजी हाथों में होने से आम नागरिकों का आर्थिक और बौद्धिक शोषण

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के** क्षेत्र में निजी कंपनियों के बढ़ते प्रभुत्व ने आम लोगों के लिए नई चुनौतियाँ उत्पन्न कर दी हैं। यह तकनीकी मानव जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विकसित की गई है। वहीं इस तकनीकी के माध्यम से मुनाफा कमाने के लिए बड़े-बड़े पूंजीपतियों द्वारा इसका इस्तेमाल किया जा रहा है।इससे समाज को लाभ कम और नुकसान ज्यादा होने जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, एआई आधारित कंपनियों ने तकनीकी विकास में अपार सफलताएँ हासिल की हैं। इस प्रक्रिया में उन्होंने नए शोध और नवाचारों के माध्यम से समाज की सभी आवश्यकताओं को मशीनों के माध्यम से प्रस्तुत करने का जो काम किया जा रहा है, इसके परिणाम स्वरूप एक नया संकट पैदा हो गया है। विज्ञान एवं तकनीकी, विश्व की महत्वपूर्ण जानकारी पर कुछ ही कंपनियों और व्यक्तियों के हाथों तक सीमित रहेगा। इसका नतीजा यह होता है कि आम जनता को इन तकनीकों के लाभ लेने के लिए इन पर निर्भर हो जाना पड़ता है। मोनोपाली बनाकर यह अपने उपभोक्ता का शोषण करने लगते हैं। निजी कंपनियों का ध्यान केवल अपने अधिक से अधिक लाभ कमाने पर केंद्रित होता है। इसलिए वह किए गए शोध एवं प्रोग्रामिंग तकनीकी के नवाचारों का पेटेंट करवा कर अपने उपभोक्ताओं का जमकर आर्थिक शोषण करती हैं। इसका परिणाम यह होता है, कि आमजनता को इन तकनीकों तक पहुँचने के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। आम लोग इनके ऊपर निर्भर हो जाते हैं। निजी कंपनियाँ सरकारी और सार्वजनिक संस्थानों के विज्ञान एवं शोध परियोजनाओं के बजट में कटौती की वकालत करती हैं, जिसके कारण शोध का काम खत्म होता चला जाता है। मानवीय बौद्धिक क्षमता धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। आगे पाठ और पीछे सपाट का एक नया क्रम सारी दुनिया में शुरू हो गया है। पिछले दो दशकों में सार्वजनिक हित में किए जाने वाले अनुसंधान प्रभावित हुए हैं। वर्तमान स्थिति में आवश्यक है, कि विज्ञान और एआई के क्षेत्र में अधिक पारदर्शिता लाई जाए। तकनीकी ज्ञान और सभी जानकारी, सभी के लिए सामान्य रूप से सुलभ हो। इसके लिए सरकारों और वैश्विक संगठनों को कदम उठाने की जरूरत है। निजी कंपनियों के मुनाफे का उपयोग मानवता को लाभ पहुंचाना को प्राथमिकता मिले। विज्ञान और एआई के निजीकरण से आम लोगों को न केवल आर्थिक रूप से नुकसान हो रहा है, बल्कि इसका सामाजिक और सांस्कृतिक दुष्प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। दुनियाभर की जानकारी और बौद्धिक संपदा का उपयोग तकनीकी क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियां एकाधिकार के रूप में उपयोग में ला रहे हैं। गूगल, फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, विकिपीडिया जैसे कई डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं जिन्होंने पिछले 30 वर्षों में सारी दुनिया की जानकारी को एक जगह पर एकत्रित किया है। इसी जानकारी के बल पर एआई तकनीकी के माध्यम से सामाजिक व्यवस्था की छोटी-छोटी सी जरूरत को पूरा करने के लिए मानव की जगह मशीनों की एक नई दुनिया तैयार कर रहे हैं। मानव समाज को एआई तकनीकी के माध्यम से अपना गुलाम बनाकर शोषण करने की जो नई प्रवृत्ति देखने को मिल रही है यह सारी दुनिया के लिए बड़ी घातक है। अमेरिका जैसे देश में इसका विरोध होना शुरू हो गया है। भारत में एआई तकनीकी को बड़ी तेजी के साथ भारत में लाने की बात खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। लेकिन इसके फायदे कम और नुकसान बहुत ज्यादा हैं। आने वाली पीढ़ी पूरी तरह से मशीनों का गुलाम बनकर रह जाएगी। भारत जैसे देश में बेरोजगारी बड़ी तेजी के साथ बढ़ेगी। बौद्धिक संपदा का उपयोग कुछ ही कंपनियों तक सीमित होकर रह जाएगा। अभी जो लोग अपनी पूरी जानकारी या अपना कम्युनिकेशन सोशल मीडिया के प्लेटफार्म से करते हैं, उसमें वह अपना एकाधिकार बना लेते हैं।

## चिंतन-मनन

# भय को पहचानो

**बहुत तरह के मानसिक भय** हमें चारों तरफ से दबाए हुए हैं ।उन्हें हमें पहचान लेना पड़ेगा ।उन्हें हम बिना पहचाने छोड़ भी न सकेंगे ।जिस भय को हम पहचान लेंगे, वह छूट जाएगा ।लेकिन हम उन्हें पहचान नहीं पाते, नये-नये नाम दे देते हैं ।और नाम धोखे के हैं ।हम इतनी ज्यादा चालाकी में जिए हैं हजारों वर्षों में कि चीजों पर ठीक-ठीक नाम नहीं रहने दिये। हर डिब्बे पर नाम बदल दिया है। अंदर कुछ और है, ऊपर नाम कुछ और है ।इसलिए खोज भी बहुत मुश्किल हो गई है कि कौन सी चीज कहां है। एक आदमी को हम कहते हैं- यह बहुत अच्छा आदमी है। और सौ अच्छे आदमियों में से अठानवे अच्छे आदमी अच्छे नहीं होते ।सिर्फ डरे हुए लोग होते हैं और डर की वजह से अच्छे मालूम होते हैं। मैं कहता हूं, मैं कभी चोरी नहीं करता ।लेकिन अगर थोड़ी जांच-पड़ताल करूं तो पता चलेगा कि चोरी तो मैं भी करना चाहता हूं, लेकिन भय मुझे रोक लेता है ।तब मैं अच्छा आदमी नहीं हूं, भयभीत आदमी हूं ।लेकिन हम लेबल बदल देंगे। हमें पता ही नहीं चलता ।एक आदमी कहता है, मैं बिल्कुल ईमानदार आदमी हूं। उसे थोड़ी जांच-पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि वह बेईमान है और भयभीत है। यानी बेईमान भय, ईमानदार आदमी हो गया ।लेकिन क्या यह ईमानदार की परिभाषा हुई? अगर कल उसे पता चल जाए कि एक दिन के लिए सब कानून उठा लिए गये और सब पुलिसवालों को छुट्टी दे दी गई और एक दिन के लिए कोई अदालत नहीं है, तब उसकी सारी ईमानदारी चली गई ।यानी वह अब ईमानदार नहीं है। अच्छा आदमी इसीलिए कमजोर है ।अक्सर ऐसा होता है कि अच्छा आदमी कमजोरी की वजह से अच्छा आदमी होता है। और इससे उल्टा भी होता है कि बुरा आदमी अक्सर ताकत की वजह से बुरा हो जाता है। घर में एक बच्चा बिल्कुल गोबर गणेश हो तो मां-बाप कहेंगे-बहुत आज्ञाकारी है और दूसरा थोड़ा शक्तिशाली हो, तो कहेंगे- आज्ञा का उल्लंघन करता है, कहना मानता ही नहीं ।लेकिन समझना जरूरी है कि गोबर-गणेश होना अच्छा होना नहीं है। हमने लेबल बदल कर लगाए हुए हैं। इसलिए जहां भय हैं वहां भी हम पकड़ नहीं पाते कि यह भय है।

# संतान की मंगलकामना का पर्व है अहोई अष्टमी

योगेश कुमार गोयल

**भारत में हिन्दू समुदाय में** करवा चौथ के चार दिन पश्चात और दीवाली से ठीक एक सप्ताह पहले एक प्रमुख त्यौहार ह्यअहोई अष्टमीह्न मनाया जाता है, जो प्रायः वही स्त्रियां करती हैं, जिनके संतान होती है किन्तु अब यह व्रत निसंतान महिलाएं भी संतान की कामना के लिए करती हैं। ह्यअहोई अष्टमीह्न व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है और इस वर्ष यह पर्व 24 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती है। उसी के पास सेई और सेई के बच्चों के चित्र भी बनाए जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पूजन के बाद दीवार पर लिखी अष्टमी का पूजन किया जाता है। फिर दूध-भात का भोग लगाकर कथा कही जाती है। आधुनिक युग में अब बहुत सी महिलाएं दीवारों पर चित्र बनाने के लिए बाजार से अहोई अष्टमी के रेडीमेड चित्र खरीदकर उन्हें पूजास्थल पर स्थापित कर उनका पूजन करती हैं। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को महिलाएं अपनी संतान की दीर्घ आयु तथा उनके जीवन में समस्त संकटों या विघ्न-बाधाओं से उनकी रक्षा के लिए यह व्रत रखती हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा कंस द्वारा भेजे गए धोबी का वध करते प्रदर्शन किया जाता है। अहोई माता के रूप में अपनी-अपनी पारिवारिक परम्परानुसार लोग माता पार्वती की पूजा करते हैं।

अहोई अष्टमी व्रत के संबंध में कुछ कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथानुसार प्राचीन काल में किसी नगर में एक साहूकार रहता था। उसके सात लड़के थे। दीपावली से पहले साहूकार की स्त्री घर की लीपा-पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में गई और कुदाल से मिट्टी खोदने लगी। दैव योग से उसी जगह एक सेह की मांद थी। सहसा उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग गई, जिससे सेह का बच्चा तत्काल मर गया। अपने हाथ से हुई हत्या को लेकर साहूकार की पत्नी को बहुत दुख हुआ परन्तु अब क्या हो सकता था? वह पश्चाताप करती हुई शोकाकुल अपने घर लौट आई। कुछ दिनों बाद उसके बेटे का निधन हो



गया। फिर अकस्मात दूसरा, तीसरा और इस प्रकार वर्ष भर में उसके सभी बेटे मर गए। महिला अत्यंत व्यथित रहने लगी। एक दिन उसने अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को विलाप करते हुए बताया कि उसने जानबूझकर कभी कोई पाप नहीं किया। हां, एक बार खदान में मिट्टी खोदते हुए अनजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या अवश्य हुई है और तत्पश्चात मेरे सातों बेटों की मृत्यु हो गई। यह सुनकर पास-पड़ोस की वृद्ध औरतों ने साहूकार की पत्नी को दिलासा देते हुए कहा कि यह बात बताकर तुमने जो पश्चाताप किया है, उससे तुम्हारा आधा पाप नष्ट हो गया है। तुम उसी अष्टमी को भगवती माता की शरण लेकर सेह और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर उनकी आराधना करो और क्षमा-याचना करो। ईश्वर की कृपा से तुम्हारा पाप धुल जाएगा। साहूकार की पत्नी ने वृद्ध महिलाओं की बात मानकर कार्तिक मास की कृष्णपक्ष की अष्टमी को उपवास व पूजा-याचना की। वह हर वर्ष नियमित रूप से ऐसा करने लगी। बाद में उसे सात पुत्र रत्नों की प्राप्ति हुई। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई।

अहोई व्रत के संबंध में एक और कथा प्रचलित है। बहुत समय पहले झांसी के निकट एक नगर में चन्द्रभान नामक साहूकार रहता था। उसकी पत्नी चन्द्रिका बहुत सुंदर, सर्वगुण सम्पन्न, सती साध्वी, शीलवन्त, चरित्रवान तथा बुद्धिमान थी। उसके कई पुत्र-पुत्रियां थे परन्तु वे सभी बाल अवस्था में ही परलोक सिधार चुके थे। दोनो पति-पत्नी संतान न रह जाने से बहुत व्यथित रहते थे। वे दोनों प्रतिदिन मन ही मन सोचते कि हमारे मर जाने के बाद इस अपार धन-सम्पदा को कौन संभालेगा? एक बार उन दोनों ने निश्चय किया कि वनवास लेकर शेष जीवन प्रभु-भक्ति में व्यतीत करें।

यही विचार कर दोनों अपना घर-बार त्यागकर वनों की ओर चल दिए। रास्ते में जब थक जाते तो रूककर थोड़ा विश्राम कर लेते और फिर चल पड़ते। इस प्रकार धीरे-धीरे वे बद्रिका आश्रम के निकट शीतल कुण्ड जा पहुंचे। वहां पहुंचकर दोनों ने निराहार रहकर प्राण त्यागने का निश्चय कर लिया। निराहार व निर्जल रहते हुए जब उन्हें सात दिन हो गए तो आकाशवाणी हुई कि तुम दोनों प्राणी अपने प्राण मत त्यागो। यह सब दुख तुम्हें तुम्हारे पूर्व पापों से भोगना पड़ा है। यदि तुम्हारी पत्नी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजन करे तो अहोई देवी प्रसन्न होकर साक्षात दर्शन देंगी। तुम उनसे दीघार्यु पुत्रों का वरदान मांग लेना। व्रत के दिन तुम राधाकुण्ड में स्नान करना।

चन्द्रिका ने आकाशवाणी के बताए अनुसार विधि-विधान से अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजा-अर्चना की और तत्पश्चात राधाकुण्ड में स्नान किया। जब वे स्नान इत्यादि के बाद घर पहुंचे तो उस दम्पत्ति को अहोई माता ने साक्षात दर्शन देकर वर मांगने को कहा।

साहूकार दम्पत्ति ने हाथ जोड़कर कहा, हमारे बच्चे कम आयु में ही परलोक सिधार जाते हैं। आप हमें बच्चों की दीघार्यु का वरदान दें।

तथास्तु! कहकर अहोई माता अंतर्ध्यान हो गई। कुछ समय के बाद साहूकार दम्पत्ति को दीघार्यु पुत्रों की प्राप्ति हुई और वे सुखपूर्वक अपना गृहस्थ जीवन व्यतीत करने लगे।

देवी पार्वती को अनहोनी को होनी बनाने वाली देवी माना गया हैं, इसलिए अहोई अष्टमी पर माता पर्वती की पूजा की जाती है और संतान की दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की कामना की जाती है।

# मोदी को सराहूं या सराहूं योगी लाल को ?

राकेश अचल

**मेरी दशा इन दिनों महाकवि भूषण** जैसी हो रही है। भूषण की काव्यप्रतिभा और कशीदाकारी से प्रभावित होकर महाराजा छत्रसाल ने उनकी पालकी को कन्धा लगाया था तो महारज शिवाजी ने उन्हें मालामाल कर दिया था। लेकिन मेरे पास न महाकवि भूषण जैसी काव्य प्रतिभा है और न ही मुझे उनकी तरह ठकुरसुहाती लिखाना आती है। लेकिन हम दोनों हैं एक ही बिरादरी के हैं ,इसलिए हमारी दुविधा भी एक जैसी ही है। महाकवि भूषण को छत्रपति शिवजी और महाराज छत्रसाल ने दुविधा में डाल दिया था। दोनों महान शूरवीर थे। ये बात 400 साल पुरानी है लेकिन मुझे कलिकाल में विश्व गुरु मोदी जी और गोरखपंथी योगी आदित्यनाथ ने दुविधा में डाल दिया है। मै समझ नहीं पा रहा हूं कि मै मोदी जी को सराहूं या योगी जी को ? कलिकाल की राजनीति में मुझे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी और उत्तर परदरदेश के उत्तरदायी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा सूरमा और कोई नजर ही नहीं आता। राहुल, अखिलेश, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन जैसे नेता तो इस जुगल जोड़ी के सामने कहीं लगते ही नहीं है। इन दोनों के पास ध्रुवीकरण का जो अमोघ अस्त्र है वो किसी दूसरे के पास नहीं है। मोदी जी 2014 और 2019 के आम चुनाव में अपने इस अमोघ अस्त्र का जलवा दिखा चुके है। 2024 में उनका जलवा थोड़ा कम नजर आया। लेकिन योगी जी का जलवा कायम है भले ही 2024 में अखिलेश और राहुल की जोड़ी ने उनकी हवा टाइट कर दी थी संविधान कि प्रतियां दिखाकर।

देश को 81 साल पहले जिस तरह से महात्मा गांधी ने करो या मरो का नारा देकर देश को आजादी दिलाई थी उसी तर्ज पर महात्मा योगी ने 2024 में देश की जनता को बटोगे तो कटोगे का नारा दिया है। वे हर विधानसभा के चुनाव में अपने इसी धारदार नारे के साथ नमूदार हो रहे हैं और देश को कांग्रेस मुक्त करने के अभियान को साकार करने में जुटे हैं। लेक्म महात्मा योगी भूल गए कि वे महात्मा गांधी नहीं हैं। उनकी वाणी में वो ओज नहीं है जो गांधी की वाणी में था। महत्मा योगी जी की बात तो उनका अपना उत्तर प्रदेश नहीं सुन रहा जबकि महात्मा गांधी के नारे को पूरे देश ने अपना लिया था। अव्वल तो महात्मा योगी को महात्मा गाँधी की नकल करते हुए भारतीयों को बटोगे तो कटोगे का नारा देना ही नहीं था और यदि दे भी दिया था तो जम्मू-काश्मीर में भाजपा के हारने के बाद उसे महाराष्ट्र में दोहराना नहीं था। योगी जी को मुगालता हो गया है कि हरियाण विधानसभा चुनाव भाजपा ने उनके इसी नारे की बिना पर जीता,जबकि जीत मशीन और मशीनरी की थी। ।बहरहाल अभी महाराष्ट्र और झारखण्ड में अगले महीने विधानसभा के चुनाव होना है। इन दोनों राज्यों में माननीय महात्मा मोदी के होर्डिंग्स के बजाय महात्मा योगी के बटोगे तो कटोगे वाले हर्डिंग्स लग गए हैं। लगता है कि अब भाजपा को अपने महात्मा मोदी के ऊपर भरोसा नहीं रहां । भरोसा तो महाराष्ट्र के चित-पवन पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी नहीं है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तो भाजपा भरोसा कर ही नहीं सकती। महाराष्ट्र में अब डर के मारे देवेंद्र फडणवीस भी देवा भाऊ बन गए हैं। उनके चित-पवन ब्राम्हण होने की बात भी अब कोई नहीं कर रहा है ,क्योंकि भाजपा को आशंका है कि देवेंद्र भाऊ का ब्राम्हण होना कहीं उसे नुक्सान न करा दे। कभी-कभी मुझे लगता है कि भाजपा के मित्रों ने खासकर मोदी और शाह साहब की जोड़ी ने हमारे पुरखे कवि प्रदीप का फिल्म जागृति के लिए 1954 में लिखा गीत न सुना है और न पढ़ा है अन्यथा वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने के लिए महात्मा योगी का बटोगे तो कटोगे वाला मन्त्र इस्तेमाल नहीं करते। लगता है भाजपा महाराष्ट्र को जानता ही नहीं है। इसलिए मै भाजपा के मित्रों के लिए कविवर प्रदीप के गीत का वो खंड दुहरा रहा हूँ जो उन्होंने महाराष्ट्र के लिए लिखा था। वे लिख गए हैं कि -

देखो मुल्क मराठों का ये यहाँ शिवाजी डोला था
मुगलों की ताकत को जिसने तलवारों पे तोला था
हर पर्वत पे आग लगी थी हर पत्थर एक शोला था
बोली हर-हर महादेव की बच्चा-बच्चा बोला था
घेर शिवाजी ने रखी थी लाज हमारी शान की
इस मिट्टी से तिलक करो ये धरती है बलिदान की

बलिदान की इस धरती के प्रतीक छत्रपति शिवजी की प्रतिमा का मान-मर्दन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार के समय ही हुआ है। दरियादिल प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी इस गलती के लिए जनता से क्षमा याचना भी कर चुके हैं ,लेकिन ये पता नहीं है कि जनता ने मोदी जो को क्षमा किया या नहीं ? जनादेश तो 23 नवंबर को ही आएगा। महारष्ट्र में हालात आज भी ठीक नहीं है। यहां पर्वत-पर्वत पर आग लगी है। मुगल तो हैं नहीं लेकिन अल्पसंख्यकों की ताकत को बाजरिये लारेंस विश्नोई की बंदूकों के बल पर तौला जा रहा है। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जा चुकी है और फिल्म अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। ऐसे में महात्मा योगी का नार आग में घी डालने का काम कर रहा है। महाराष्ट्र में मोदी जी का चेहरा चल नहीं रहा। उनका चेहरा अपनी चमक खो चुका है। वैसे भी वे इस समय महाराष्ट्र को भूलकर रूस और यूक्रेन के बीच समझौता कराने में व्यस्त हैं। महात्मा शाह परदे के पीछे से मेहनत जरूर कर रहे हैं ,लेकिन उनकी मेहनत हरियाणा की तरह कामयाब होगी या नहीं कहना कठिन है। आप यकीन मानिए कि मै मोदी और शाह की जोड़ी के महारत का मुरीद हो । वे जिस शिद्दत के साथ चुनाव लड़ते हैं और अपने प्रतिद्वंदी दलों का खंडन करते हैं उसकी कोई दूसरी मिसाल नहीं है । कांग्रेस तो दलों को तोड़ना जानती ही नहीं है। यानि भाजपा की ये जुगल जोड़ी बांटने और काटने में सिद्धहस्त हो चुकी है । महाराष्ट्र और झारखण्ड की ही बात करें तो भाजपा राष्ट्रवादी कांग्रेस और शिवसेना को बाँट भी चुकी है और आपने ही बच्चे देवेंद्र फडणवीस के पर काट भी चुकी है । झारखण्ड में झामुमो को बांटकर चम्पई बाबू को कमलगट्टे खिलाने का श्रेय भी इसी जोड़ी को है।

आप तो पढ़े-लिखे हैं अतीत खंगाल लीजिये तो आपको पता चल जाएगा कि भाजपा बाँटने का काम आज से नहीं बल्कि वर्षों से कर रही है । भाजपा जिस किसी दल पर अपना हाथ रखती है उसका दोफाड़ होना अवश्यम्भावी ह। मध्यप्रदेश में ,उत्तर प्रदेश में ,राजस्थान में और न जाने कहाँ-कहां भाजपा ने कांग्रेस को बांटने की कोशिश की और जब कामयाबी नहीं मिली तो कांग्रेस को काट दिय। कभी ज्योतिरादित्य सिंध्या को काट ले गयी तो कभी जितेन प्रसाद को। कभी हेमंत विस्वा को तो कभी किसी और को। बहरहाल लौटकर महात्मा योगी के नारे पर आते है। अब महारष्ट्र की जनता को ये तय करना है कि क्या वो सचमुच बँट रही है ? या सचमुच कटने वाली है ? उसे महात्मा योगी के नारे पर ध्यान देना चाहिए या उसे इग्नोर करना चाहिए ? एक शुभचिंतक के नाते मै भाजपा हायकमान को मुफ्त का मश्विरा देना चाहता हूं कि वो महाराष्ट्र और झारखण्ड में स्थानीय मुद्दों पर,स्थानीय नेताओं के चेहरों पर विधानसभा का चुनाव लड़े और जीते । इन दोनों राज्यों में ही नहीं बल्कि किसी तीसरे राज्य को भी महात्मा योगी के बांटोगे तो काटोगे के नारे से डराने की जरूरत नहीं है । भाजपा को महात्मा योगी की बारूद का इस्तेमाल उत्तर प्रदेश में ही करना चाहिए जहां कि 2024 के लोकभा चुनाव में भाजपा की जमीन पोली हो चुकी है ।

# गांदरबल हमला लोकतंत्र को दहलाने की साजिश

ललित गर्ग

**जम्मू-कश्मीर के गांदरबल** जिले में रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे। लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए। कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा-तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

# आज का राशिफल

**मेष** आज दिन शुभ है और धीरे-धीरे भाग्य आपका साथ देगा। आपकी आर्थिक समस्याएं दूर होंगी।

**तुला** आज दिन शुभ नहीं है और आप बिना कारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे।

**वृषभ** आज दिन सफलता से भरा होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** आज लाभ होगा और आपको अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा।

**मिथुन** आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। ऑफिस में सहयोगियों को आपसे जलन होगी।

**धनु** आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा और पुरानी योजनाओं में आपको लाभ होगा।

**कर्क** करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी चिंताएं दूर होंगी। आपके करियर में तरक्की के योग हैं।

**मकर** आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। ग्रह चाल भाग्य में वृद्धि होने से आपका दिन शुभ होगा।

**सिंह** आज दिन परेशानियों से भरा रहेगा और आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से लाभ होगा। लाभ के अवसर आपको दिन भर प्राप्त होंगे।

**कन्या** दौड़भाग करने में बीतेगा और आपको शाम में सफलता मिलने से थकान का अनुभव नहीं होगा।

**मीन** आज करियर के मामले में लाभ और आपके लिए तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे।

## राजकाज

# जिसका बड़ा नाम है वही बदनाम है?

**जिसका नाम बड़ा होगा, उसी की** बदनामी होगी। एक फिल्म में भी इसी तरीके का डायलॉग बोला गया था। पिछले कुछ दिनों से नरेंद्र मोदी और अमित शाह की वैश्विक स्तर पर बदनामी हो रही है। यह आरोप विपक्ष लगा रहा है ।अमेरिका और कनाडा ने भारत सरकार के ऊपर एक्सेस ज्यूडिशरी किलिंग का आरोप लगाया है। न्यूयॉर्क की अदालत में जो मामला दर्ज हुआ है ।उसकी आंच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल तक तक पहुंच रही है। इसके बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह को जरा भी चिंता नहीं है। उनका मानना है,जिसका नाम होगा, वही बदनाम होगा। सारी दुनिया में नाम होना चाहिए, वह किसी भी तरीके से हो ।नाम नहीं है, तो कुछ भी नहीं है।

# जो काम भगवान नहीं कर पाए वह उत्तराखंड के सीएम ने किया

**जो काम भगवान नहीं कर पाए हैं।** वह काम अब भाजपाऔर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री करने जा रहे है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने करने का अंतिम मसौदा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने तैयार कर लिया है ।अब नागरिक संहिता को लागू किए जाने पर कोई रुकावट नहीं होगी ।उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य हो जाएगा ।जो देवभूमि उत्तराखंड में सभी नागरिकों को ना केवल एक समान अधिकार देगा। बल्कि समानता का अधिकार लोगों के आर्थिक अधिकार को भी जागृत कर देगा। देवभूमि उत्तराखंड में अब ना कोई गरीब होगा, ना कोई अमीर होगा। सब समान हो जाएंगे ।इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। जो काम भगवान अपने भक्तों के लिए भी नहीं कर पाए थे। वह उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने सभी के लिए करके दिखा दिया है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1577 सिख गुरू रामदास ने अमृतसर शहर की स्थापना की। 1579 भारत आनेवाले पहले अंग्रेज एस.जे.थामस गोवा पहुंचे। 1657 जहांगीर गद्दी पर बैठे। 1854 कोलकाता और डायमंड हार्बर के बीच पहली बार सेवा शुरू हुई। 1929 न्यूयार्क शेयर बाजार में शेयरों के भाव आऔंधे मुंह गिरे। 1944 द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी युद्धपोत मुसाशी को अमरीका ने डूबो दिया। 1945 संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र प्रभावी हुआ। 1945 नारे के प्रधानमंत्री विदकुक क्विजलिंग राजद्रोह के आरोप में मौत के घाट उतार दिया गया। 1964 उत्तरी रोडेशिया जाम्बिया रूप में स्वतंत्र हुआ। 1975 बंधुवा मजदूर प्रथा समाप्त करने के लिए अध्यादेश जारी हुआ। 1984 कोलकाता में मेट्रो रेल सेवा शुरू हुई थी। 1997 सिएरा लियोन के सैनिक शासकों ने इस्तीफे की पेशकश की। 1999 अर्जेन्टीना में पेरो का युग समाप्त हो गया।

## दैनिक पंचांग

**24 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.49 ब.से |
| चंद्र | कर्क में | धनु | 10.05 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मकर | 12.10 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.57 बजे से |
| गुरु | वृष में | मीन | 15.29 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मेष | 17.00 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.40 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.38 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.52 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | सिंह | 01.08 बजे से |
| | | कन्या | 03.20 बजे से |
| | | तुला | 05.30 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 298 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 01.59 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 06.16 बजे को समाप्त। **योग** साध्य 05.22 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** बालव 13.33 बजे तदनन्तर कौलव 01.59 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 51' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872142 **जूलियन दिन** 2460607.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 20 **विशेष** अहोई अष्टमी, राधा कुण्ड स्नान, संयुक्त राष्ट्र दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore



## फोटोग्राफी में इंट्रेस्टेड छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराता है निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम

**निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम फोटोग्राफी संबंधित कोर्स करने के शौकीन छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम उन छात्रों के लिए है, जो 12वीं कर चुके हैं।**

निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम फोटोग्राफी संबंधित कोर्स करने के शौकीन छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम उन छात्रों के लिए है, जो 12वीं कर चुके हैं और 3 महीने या उससे अधिक की अवधि के लिए फोटोग्राफी संबंधित कोर्स में एडमिशन लिया है। यह स्कॉलरशिप निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से शुरू की गई एक पहल है। आपको बता दें कि निकॉन कंपनी इंडिया इमेजिंग और ऑप्टिक्स के मैदान में दुनिया की दिग्गज कंपनी है।
निकॉन स्कॉलरशिप का उद्देश्य
सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के हिस्से के तौर पर निकॉन इंडिया कॉर्पोरेट स्कॉलरशिप ऑफर कर रही है। बीते कुछ सालों से शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए निकॉन कंपनी कई गतिविधियों का भी आयोजन कर रही है। निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से जो भी छात्र अच्छी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करते हैं। उनको कंपनी की तरफ से 1 लाख तक की स्क़ॉलरशिप दी जाती है। ऐसे में अगर आप भी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी के शौकीन हैं, तो आप भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### पात्रता

- बता दें कि 3 महीने या उससे ज्यादा की अवधि वाले फोटोग्राफी संबंधित कोर्स करने वाले छात्र इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।
- स्टूडेंट्स की 12वीं पास होना जरूरी है।
- छात्र की सालाना पारिवारिक आय 6 लाख रुपए से कम होनी चाहिए।
- यह योजना सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए है।

### डॉक्यूमेंट्स

- फोटो पहचान प्रमाण
- आय प्रमाण
- प्रवेश प्रमाण पत्र
- आवेदक का पासपोर्ट साइज का फोटो
- छात्रवृत्ति आवेदक का बैंक अकाउंट का विवरण
- पिछली कक्षा की मार्कशीट या ग्रेड कार्ड
- वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की शुल्क रसीद
- विकलांगता और जाति प्रमाण पत्र

### ऐसे करें आवेदन

निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ लेने के लिए सबसे पहले ईमेल/फेसबुक/जीमेल अकाउंट से लॉगिन करें। फिर निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम के डिटेल पेज पर जाएं। इसके बाद ऑनलाइन एप्लिकेशन फॉर्म में मांगी गई सभी जरूरी डिटेल्स भर दें। वहीं जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर दें। एप्लिकेशन फॉर्म चेक करने के बाद सबमिट पर क्लिक कर दें। इस तरह से आपका फॉर्म भर जाएगा।



## डिजिटल स्किल सीखकर डिजिटल सेक्टर में बना सकते हैं शानदार कॅरिअर

**मौजूदा साल में देश में करीब 5 करोड़ से भी अधिक लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। जहां देश के तमाम बेरोजगार युवाओं और छात्रों में स्किल्स की कमी देखी गई। ऐसे में देश के युवा डिजिटल स्किल सीखकर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरिअर बना सकते हैं।**

मौजूदा साल में देश में करीब 5 करोड़ से भी अधिक लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। एक आंकड़े के मुताबिक BA, B.Sc. B.Com छात्र या डिग्री कर चुके तकरीबन 19 फीसदी युवा भी इस समस्या से परेशान हैं। वहीं 10वीं-12वीं छात्रों की बेरोजगारी का प्रतिशत 10.3 फीसदी के आसपास है। एक रिपोर्ट की मानें तो भारत में बेरोजगारी दर 7 फीसद के आसपास बनी हुई है। अगर ग्रामीण भारत और शहरी भारत में बेरोजगारी दर को बांटा जाए, तो ग्रामीण भारत की तुलना में शहरी भारत में अधिक बेरोजगार मिले हैं।
आपको बता दें कि ग्रामीण भारत में 6.0 फीसदी और 7.70 फीसदी शहरी बेरोजगारी दर को आंका गया है। कोविड महामारी के दौरान यह बेरोजगारी दर 8 फीसदी थी। तो उस हिसाब से बीते दशक में यह सबसे अधिक बेरोजगारी है। जहां देश के तमाम बेरोजगार युवाओं और छात्रों में स्किल्स की कमी देखी गई। ऐसे में देश के युवा डिजिटल स्किल सीखकर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरिअर बना सकते हैं।

### सैलरी

मैंकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के मुताबिक इस साल युवाओं के लिए डिजिटल सेक्टर के अंदर 6.5 करोड़ नौकरियां उपलब्ध होंगी। वहीं साल 2026 तक भारतीय डिजिटल इंडस्ट्री के 160 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में देश के युवा डिजिटल स्किल्स को बढ़ाने के लिए एडवांस डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को आप अपने घर पर बैठकर कर सकते हैं। वहीं इस कोर्स में एक खासियत यह भी है कि इस कोर्स को करने के लिए आपको किसी भी तरह की डिग्री आदि की आवश्यकता नहीं होगी।

### पद और सैलरी

डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर- 45 हजार
सोशल मीडिया मैनेजर- 35 हजार
ईमेल मार्केटिंग मैनेजर- 30 हजार
पीपीसी एक्सपर्ट्स- 40 हजार
गूगल एड एक्सपर्ट्स- 50 हजार
इनबाउंड मार्केटिंग- 35 हजार
एसईओ मैनेजर- 40 हजार
कंटेंट मार्केटर- 40 हजार
ब्रांड मैनेजर- 60 हजार
कंटेंट राइटर- 30 हजार

### एडवांस डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की खासियत

- इस कोर्स में 100 प्रतिशत जॉब प्लेसमेंट असिस्टेंस
- 20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स
- गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण
- 8+ लाइव प्रोजेक्ट्स
- 100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास
- कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स

अगर आप ग्रेजुएशन कर चुके हैं, लेकिन अपने कॅरियर को लेकर परेशान हैं। तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे एडवांस डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर किसी भी एक फील्ड को अपना प्रोफेशन बना सकते हैं। इस कोर्स में ग्राफिक डिजाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई अन्य कोर्स मौजूद हैं।







## अब विदेश में पूरा होगा पढ़ाई का सपना मिलेगी स्कॉलरशिप

**जो भी स्टूडेंट आर्ट्स एंड सोशल साइंस में विश्वविद्यालय से यूजी प्रोग्राम करना चाहते हैं, तो वह फैकल्टी ऑफ आर्ट्स ऐंड सोशल साइंसेस इंटरनैशनल अंडरग्रैजुएट कमेंसिंग स्कॉलरशिप में अप्लाई कर सकते हैं।**

बहुत सारे छात्र विदेश में पढ़ने के इच्छुक होते हैं। ऐसे में अगर आप भी विदेश में पढ़ने का सपना रखते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी में पढ़ने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट के लिए यूनिवर्सिटी ने खास स्कॉलरशिप प्रोग्राम जारी किया है। ऐसे में जो भी स्टूडेंट आर्ट्स एंड सोशल साइंस में विश्वविद्यालय से यूजी प्रोग्राम करना चाहते हैं, तो वह फैकल्टी ऑफ आर्ट्स ऐंड सोशल साइंसेस इंटरनैशनल अंडरग्रैजुएट कमेंसिंग स्कॉलरशिप में अप्लाई कर सकते हैं।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस प्रोग्राम के तहत छात्रों को कोर्स की अवधि के दौरान AUD 5,000 रुपए हर साल दिए जाएंगे। आपको बता दें कि AUD 5,000 भारतीय मुद्रा में 2,45,389.43 रुपए होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस प्रोग्राम के तहत आप किस तरह से अप्लाई कर सकते हैं।

### ऐसे करें अप्लाई

- इस प्रोग्राम के लिए यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट की एप्लिकेशन सर्च करें।
- फिर एप्लिकेशन का लिंक खोलने के बाद उसमें पूछी गई जानकारी और डॉक्यूमेंट्स को अटैच करें।
- इसके बाद फाइनल सबमिट करने से पहले पूरी जानकारी को अटैच्ड डॉक्यूमेंट्स को अच्छी तरह से जांच लें।

### कैसे होगा सिलेक्शन

- इस स्कॉलरशिप के लिए सिलेक्शन का मुख्य आधार मेरिट बेसिस पर होगा। अंक और पर्सेंट के आधार पर स्टूडेंट को स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए चुना जाएगा।

### टर्म्स और कंडीशन

- बता दें कि स्कॉलरशिप की तय राशि साल के दो सेमेस्टर में आधा-आधा दिया जाएगा।
- हर सेमेस्टर में स्टूडेंट को कम से कम 65% एवरेज मार्क्स लाना होगा।
- स्कॉलरशिप खारिज होने के बाद फिर से बहाल नहीं किया जाएगा। जब तक ऐसा यूनिवर्सिटी की गलती से न हुआ हो।
- स्कॉलरशिप के अलावा अन्य कोई भी अमाउंट स्टूडेंट को नहीं दिया जाएगा।



## पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी में गोल्डन करियर

**ऊर्जा का अहम स्त्रोत होने के नाते पेट्रोलियम की उपयोगिता से सभी वाकिफ हैं। भारत पेट्रोलियम पदार्थों की अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। अगर आंकड़ों की मानें तो पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में भारत विश्व का आठवां बड़ा देश है। एचपीसीएल, बीपीसीएल, रिलायंस, इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों से सरकार को भारी-भरकम राजस्व मिलता है।**

### संभावनाएं

पहले इस क्षेत्र में जियोलॉजिस्ट की काफी मांग थी, समय बदलने के साथ मैकेनिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों ने इस इंडस्ट्री में अपनी धाक जमाई। करियर की अनेक संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रबंधन से लेकर इंजीनियरिंग तक के कोर्स शुरू हुए हैं। पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी ने बीबीए, एमबीए, एमटेक, बीटेक, एमएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। इसके अलावा देश के चुनिंदा संस्थानों ने पेट्रोलियम के क्षेत्र में बीई, बीटेक, एमई, एमटेक, एमएससी और बीएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। ये सभी कोर्स पेट्रोकैमिकल इंजीनियरिंग, पेट्रोटेक्नोलॉजी, गैस इंजीनियरिंग, पेट्रोमार्केटिंग आदि में शुरू किए हैं।

### स्टडी कोर्स

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में छात्र जियोलॉजी, भौतिकी और इंजीनियरिंग के सिद्घांतों द्वारा पेट्रोलियम की रिकवरी, डेवलपमेंट और प्रोसेसिंग के बारे में जानते हैं। इसके अलावा ड्रिलिंग, मैकेनिक्स, पर्यावरण संरक्षण और पेट्रोलियम जैसे विषयों पर छात्रों की पकड़ बनाई जाती है। पेट्रोलियम इंडस्ट्री को मुख्य तौर पर दो भागों में बांट कर देख सकते हैं- अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सेक्टर। अपस्ट्रीम सेक्टर में खोज, उत्पादन व तेल और प्राकृतिक गैसों का दोहन कैसे किया जाए, इसकी शिक्षा व ट्रेनिंग दी जाती है। डाउनस्ट्रीम सेक्टर में रिफाइनिंग, मार्केटिंग और वितरण से संबंधित पूरी जानकारी दी जाती है। पेट्रोलियम के क्षेत्र में टीम की भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण होती है। एक पेट्रोलियम इंजीनियर को जियोलॉजिस्ट, अन्वेषणकर्ता, इंजीनियर, पर्यावरण क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ काम करना पड़ता है।

### योग्यता

बारहवीं की परीक्षा भौतिक विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों से पास करने के बाद आप इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैमिकल और पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बीई और बीटेक कर चुके छात्र पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एमटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीबीए में प्रवेश के लिए बारहवीं किसी भी संकाय से उत्तीर्ण होना जरूरी है।

### अवसर

पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। लगभग आठ लाख लोगों को रोजगार देने वाला यह क्षेत्र अवसरों से भरा पड़ा है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस, ओएनजीसी, पेट्रोनेट जैसी नामी-गिरामी कंपनियों के द्वार आपके लिए खुले हैं। जिस तरह पेट्रोल के नए भंडार और क्षेत्र मिल रहे हैं, उससे यह क्षेत्र आने वाले समय में बड़ा लाभकारी साबित होगा।

# रेमंड लाइफस्टाइल अपने कुछ वर्षों में करीब 9 हजार लोगों को नौकरी देगी

## यह भर्ती कंपनी अपने नए स्टोर और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए करेगी

### रेमंड लाइफस्टाइल कंपनी अपने कारोबार का विस्तार करना चाहती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेडीमेड कपड़ों के लिए फेमस कंपनी रेमंड लाइफस्टाइल करीब 9 हजार लोगों को नौकरी देगी। यह जॉब नए स्टोर में दी जाएगी। रेमंड का प्लान अगले तीन साल में सैकड़ों नए स्टोर खोलने का है। ऐसे में इन स्टोर में करीब 9 हजार लोगों की भर्ती की जाएगी। यह जानकारी ग्रुप के चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने दी। ग्रुप का प्लान अगले तीन वर्षों में देशभर में करीब 900 नए स्टोर खोलने का है। ऐसे में प्रत्येक स्टोर पर 10 लोगों की भर्ती की जाएगी। बता दें कि कंपनी ने इस साल की शुरुआत में अपने लाइफस्टाइल डिवीजन को अलग कर दिया था। इसका उद्देश्य ग्रुप के स्ट्रक्चर को सरल बनाने, ज्यादा से ज्यादा निवेशकों को आकर्षित करने और अलग यूनिट को ज्यादा पूंजी पहुंचाने में मदद करना है।

रेमंड कपड़ों के कारोबार में जाना-पहचाना नाम है। कंपनी अब अपने इस सेगमेंट को आगे बढ़ा रही है। मौजूदा समय में कंपनी के करीब 1500 स्टोर हैं जहां रेडीमेड कपड़े मिलते हैं। नए स्टोर के अलावा रेमंड लाइफस्टाइल अपनी फैक्टरी के लिए भी हायरिंग करेगी।




### कई बड़े विदेशी ब्रांड शामिल

रेमंड लाइफस्टाइल अपने स्टोर में विदेशी ब्रांड के कपड़ों को भी बढ़ावा दे सकती है। इस बारे में सिंघानिया ने कहा कि कंपनी के ग्राहकों में जे. सी. पेनी और मैसी जैसी कपड़ों की चेन शामिल हैं। इन ब्रांड के ग्लोबल कस्टमर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में इन ब्रांड ने कपड़ों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आने का फैसला किया है। कंपनी अमेरिका, यूरोप और जापान को कपड़े निर्यात करती है। इन्होंने पिछले साल करीब 1140 करोड़ रुपये की बिक्री की। यह ग्रुप के रेवेन्यू का कुल 10वां हिस्सा है। सिंघानिया ने कहा कि रेमंड लाइफस्टाइल पुरुषों के सूट के लिए लोकप्रिय है। लेकिन अब कंपनी अपने फैशन सेगमेंट में नई चीजों को शामिल कर रही है।

### क्या बांग्लादेश संकट का पड़ा असर?

बता दें कि रेडीमेड गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग में बांग्लादेश दुनिया में सबसे आगे है। लेकिन अभी यह देश राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। पिछले कई महीनों से यहां कपड़ा फैक्टरियों समेत लगभग सभी उद्योग बुरे दौर से गुजर रहे हैं। यहां की सरकार का तख्तापलट हो चुका है। प्रधानमंत्री शेख हसीना देश छोड़कर जा चुकी हैं। देश अभी अंतरिम सरकार के हवाले है। हालांकि कई जगह दंगे अभी भी जारी हैं। ऐसे में बांग्लादेश में मौजूद काफी कपड़ा फैक्टरी भारत की ओर देख रही हैं। वहीं भारत सरकार भी इसे लेकर पूरी तरह तैयार है। सिंघानिया ने बांग्लादेश को लेकर तो कुछ नहीं कहा, लेकिन इनका इशारा साफ है। जो विदेशी ब्रांड बांग्लादेश में अपने कपड़ों की मैन्युफैक्चरिंग करा रहे हैं, उनमें से कुछ भारत आने के लिए तैयार हैं।

## सरकार ने उसना चावल और भूरा चावल को निर्यात शुल्क से छूट दी, वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने उसना चावल और भूरा चावल को निर्यात शुल्क से छूट दे दी है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार की देर रात जारी अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। अधिसूचना के अनुसार, उसना चावल, भूरा चावल (ब्राउन राइस) और धान पर निर्यात शुल्क 10 प्रतिशत से घटाकर ''शून्य'' कर दिया गया है। यह छूट 22 अक्टूबर से प्रभावी हो गई। सूत्रों के अनुसार इस शुल्क कटौती पर निर्वाचन आयोग की मंजूरी मिल गई है, बशर्ते कि इससे कोई राजनीतिक लाभ न उठाया जाए। झारखंड और महाराष्ट्र में अगले महीने चुनाव होने वाले हैं। सरकार ने पिछले महीने गैर-बासमती सफेद चावल को निर्यात शुल्क से छूट दे दी थी। इसके अलावा उसना चावल, भूरा चावल (ब्राउन राइस) और धान पर भी निर्यात शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया था। वहीं निर्यात को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य को भी समाप्त कर दिया गया है।

## सोने की कीमतों में उछाल जारी, चांदी हुई सस्ती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बना रहे सोने के दाम अब रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार (23 अक्टूबर) को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 0.08 फीसदी की बढ़त के साथ 78,715 रुपए जबकि चांदी 0.31 फीसदी गिरकर 99,666 रुपए पर कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में इनके भाव में सुस्ती देखी जाने लगी। सोना 2,762.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,759.80 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 6.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,753.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव 35.05 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 35.04 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.25 डॉलर की गिरावट के साथ 34.79 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### चांदी एक लाख रुपए के पार

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 350 रुपए की तेजी के साथ 81,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमत 1,500 रुपए के उछाल के साथ एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम के भाव को पार कर गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। चांदी की कीमतों में लगातार पांचवे दिन बढ़त जारी रही और यह 1,500 रुपए के उछाल के साथ 1.01 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीं। भारत में आभूषणों के थोक और खुदरा विक्रेताओं का मानना है कि इस धनतेरस पर मांग कम रहेगी, विशेषकर मात्रा में। सोने की कीमतें दिल्ली में 80,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास और चांदी की कीमत एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम को पार कर गई है।

## दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है भारत, आईएमएफ ने कहा- रोजगार सृजन जरूरी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और देश की वृहद आर्थिक बुनियाद अच्छी है।आईएमएफ में एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने एक साक्षात्कार में कहा, ''भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। कृष्णा श्रीनिवासन ने कहा कि हम वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगा रहे हैं, जिसे ग्रामीण खपत में सुधार से समर्थन मिलेगा क्योंकि फसलें अनुकूल रही हैं। खाद्य कीमतों के सामान्य होने से कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।'' अन्य बुनियादी बातों के बारे में उन्होंने कहा, ''चुनाव के बावजूद राजकोषीय स्थिति बेहतर है। 'फॉरेक्स रिजर्व' की स्थिति काफी अच्छी है। भारत के लिए सामान्य तौर पर वृहद बुनियादी बातें अच्छी हैं।''

उन्होंने सुझाव दिया कि चुनाव के बाद देश की सुधार संबंधी प्राथमिकताएं तीन क्षेत्रों में होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''पहली तो यह कि भारत में रोजगार सृजन को लेकर कई सवाल खड़े हैं। मुझे लगता है कि 2019-20 में स्वीकृत श्रम संहिताओं को लागू करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए श्रम बाजारों को मजबूत बनाने का मौका देगी।'' उन्होंने कहा, ''दूसरी बात यह है कि यदि आप प्रतिस्पर्धी बनना चाहते हैं, तो आपको व्यापार पर से कुछ पाबंदियों को हटाना होगा... क्योंकि जब आप व्यापार को उदार बनाते हैं, तो आप उत्पादक कंपनियों को जीवित रहने की अनुमति देते हैं।

## बायजू के खिलाफ दिवालियापन की कार्यवाही रोकने का एनसीएलएटी का फैसला खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एड-टेक कंपनी बायजू के खिलाफ दिवालियेपन की कार्यवाही बंद करने के राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के फैसले को खारिज कर दिया है। न्यायाधिकरण ने बायजू और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच करीब 158 करोड़ रुपये के समझौते को भी स्वीकार कर लिया था, अदालत ने उस फैसले को भी पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 158 करोड़ रुपये की राशि लेनदारों की समिति के एस्क्रो खाते में जमा की जाएगी और इसे लेनदारों की ओर से नियंत्रित किया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनसीएलएटी के आदेश के खिलाफ अमेरिकी कंपनी ग्लास ट्रस्ट कंपनी एलएलसी की याचिका पर अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने कहा कि एनसीएलएटी ने शिक्षा क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्यवाही बंद करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया और मामले में नए सिरे से निर्णय लेने का आदेश दिया।

# ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स में अंबानी की पोजिशन काफी नीचे आई

### वह दुनिया के 11वें सबसे अमीर से खिसककर 17वें नंबर पर आ गए हैं

### मुकेश अंबानी की दौलत में पिछले कुछ दिनों काफी गिरावट आई है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश और एशिया के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी की अमीरी को लगता है नजर लग गई है। दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में वह लगातार नीचे खिसकते जा रहे हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार मुकेश अंबानी इस समय दुनिया के सबसे अमीरों की लिस्ट में 17वें स्थान पर आ गए हैं। इससे पहले इस लिस्ट में वह 11वें नंबर पर काफी समय तक रहे हैं।

अमीरों की लिस्ट में नीचे आने के साथ-साथ मुकेश अंबानी की दौलत में भी कमी आ रही है। मुकेश अंबानी की नेटवर्थ घटकर 101 बिलियन डॉलर रह गई है। ऐसे में इनके ऊपर 100 बिलियन डॉलर के



क्लब से बाहर होने का भी खतरा मंडरा रहा है। एक दिन पहले ही मुकेश अंबानी की दौलत में 2.18 बिलियन डॉलर की कमी आई है।

करीब दो महीने पहले मुकेश अंबानी अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर थे। उस समय इनकी नेटवर्थ 112 अरब डॉलर थी। वह काफी समय तक इस नंबर पर बने रहे। बाद में दूसरे अमीरों की दौलत तेजी से बढ़ी और अंबानी की दौलत में गिरावट आई। इस कारण वह इस लिस्ट में नीचे आते गए।

### क्यों आई ऐसी स्थिति?

भारतीय शेयर मार्केट में पिछले कुछ हफ्तों ने लगातार गिरावट आ रही है। काफी बड़ी-बड़ी कंपनियों के शेयर नीचे आ गए हैं। इसी में मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज भी शामिल है। पिछले एक महीने में रिलायंस के शेयरों में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। ऐसे में मुकेश अंबानी की दौलत भी कम हुई है।

### कौन आया 11वें नंबर पर?

मुकेश अंबानी जिस 11वें नंबर पर काफी समय तक बने रहे, अब उस पर एनवीडिया कंपनी के फाउंडर जेसन हुआंग हैं। जेसन हुआंग की नेटवर्थ 125 बिलियन डॉलर है। एनवीडिया दुनिया की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनी है। साथ ही वह एप्पल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मूल्यवान कंपनी भी है।


### टॉप पर कौन है?

इस लिस्ट में टॉप पर एलन मस्क का नाम है। टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क की नेटवर्थ 240 बिलियन डॉलर है। मुकेश अंबानी की कुल नेटवर्थ के मुकाबले दोगुने से ज्यादा। इस लिस्ट में मस्क काफी समय से नंबर एक के स्थान पर बने हुए हैं। दूसरे नंबर पर अमेजन के जेफ बेजोस (212 बिलियन डॉलर) और तीसरे नंबर पर फेसबुक के मार्क जकरबर्ग (206 बिलियन डॉलर) हैं।

# बीएसएनएल कॉल पर नहीं पड़ेगी महंगाई की मार, कंपनी ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप बीएसएनएल कंपनी का सिम इस्तेमाल करते हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। बीएसएनएल यूजर्स पर महंगाई की मार नहीं पड़ेगी। कंपनी ने कहा है कि वह टैरिफ प्लान में फिलहाल कोई बढ़ोतरी नहीं करेगी। एक तरफ जहां प्राइवेट कंपनियां अपने टैरिफ प्लान को महंगा कर रही हैं, ऐसे में बीएसएनएल का यह फैसला यूजर्स के लिए राहत भरी खबर है।

पब्लिक सेक्टर की टेलिकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी रॉबर्ट रवि ने कहा है कि निकट भविष्य में टैरिफ में बढ़ोतरी का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, आज हमारा मेन फोकस अपने यूजर्स को खुश रखने और उनका भरोसा जीतने पर है। इसलिए हमें निकट भविष्य में शुल्क बढ़ोतरी की कोई जरूरत नहीं लगती। बीएसएनएल का यह रुख इसलिए अहम है क्योंकि रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया सहित भारत में प्राइवेट कंपनियों ने इस साल की शुरुआत में शुल्क दरों में वृद्धि की है।




### इस साल शुरू होगी यह खास सेवा

रॉबर्ट रवि ने बीएसएनएल की 4जी सर्विस के बारे में भी अपनी बात रही। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल ने पहले ही टेस्ट के तौर पर 4जी सेवाएं देना शुरू कर दिया है। अब कस्टमर को आने वाली परेशानियों को दुरुस्त करने और उन्हें बेहतर सेवाएं देने पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल में ही 4जी की पूरी तरह कमर्शियल सर्विस शुरू हो सकती हैं।

### सात नई सेवाओं की शुरुआत

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कुल सात नई सेवाओं की शुरुआत की है। इनमें स्पैम ब्लॉकर्स से लेकर ऑटोमैटिक सिम कियोस्क और डायरेक्ट-टू-डिवाइस सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने स्पैम-ब्लॉकिंग सॉल्यूशन की भी घोषणा की। अब ग्राहकों कों ठगी या फिशिंग के लिए जो भी कॉल किया जाएगा, वह पहले से ही फिल्टर होकर ब्लॉक हो जाएगा। इसके साथ ही ऐसे मैसेज को भी सिस्टम अपने आप ही फिल्टर और ब्लॉक करेगा।

### यूजर्स की संख्या में बढ़ोतरी

पिछले कुछ समय से बीएसएनएल के यूजर्स की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में आई भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में बीएसएनएल से करीब 30 लाख नए यूजर्स जुड़े हैं। वहीं दूसरी ओर प्राइवेट कंपनियों (जियो, एयरटेल और वीआई यानी वोडाफोन आइडिया) के यूजर्स की संख्या में कमी आई है। बीएसएनएल के यूजर्स में बढ़ोतरी का कारण है इसके टैरिफ प्लान सस्ते होना।

## दिवाली के दौरान लगातार चार दिनों तक बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली आने वाली है। दिवाली और उससे जुड़े त्यौहारों के कारण कई राज्यों में कुछ खास दिनों पर बैंक बंद रहेंगे। राज्यवार बैंक की छुट्टियां अलग-अलग होंगी। कुछ राज्यों में अलग-अलग त्यौहारों के कारण चार दिनों दिनों तक बैंक शाखाएं बंद रहेंगी।

31 अक्टूबर (गुरुवार)- दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को छुट्टी 31 अक्टूबर यानी गुरुवार को दिवाली के मौके पर आंध्र प्रदेश, गोवा, कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, तेलंगाना और तमिलनाडु, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में दिवाली की छुट्टी रहेगी। वहीं, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, सिक्किम, मणिपुर, मेघालय में इस दिन छुट्टी नहीं रहेगी।

# थ्रेट गेम से 1500 करोड़ रुपये का नुकसान, एयरलाइंस को महंगी पड़ रहीं बम की धमकियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले हफ्ते से रोजाना लगभग हर एयरलाइंस को धमकी भरी कॉल और मैसेज आ रहे हैं। इनमें विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी जाती है। इसके बाद जो होता है, वह पूरे सिस्टम को हिला कर रख देता है। इससे न केवल यात्रियों को परेशानी होती है बल्कि एयरलाइंस को भी काफी नुकसान उठाना पड़ता है। हाल ही में बताया गया था कि अमेरिका जा रही एक फ्लाइट को किस प्रकार 3 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

धमकी भरी इन कॉल्स और मैसेज से लोगों में अब डर का माहौल बनता जा रहा है। हाल यह है कि इस थ्रेट गेम से इस साल अभी तक 500 से अधिक फ्लाइटों को धमकी मिल चुकी है। इसका असर तकरीबन दो हजार फ्लाइटों और 3.5 लाख यात्रियों पर पड़ा है। साथ ही एयरलाइंस को करीब 15 अरब (1500 करोड़) रुपये के घाटे के रूप में देश की अर्थव्यवस्था को जो नुकसान उठाना पड़ा, वह अलग।



### गड़बड़ हो जाता है पूरा शेड्यूल

एयरलाइंस अधिकारियों का कहना है कि जब भी किसी फ्लाइट को धमकी मिलती है तो लोगों को लगता होगा कि एक ही तो फ्लाइट है, कोई बात नहीं। बाकी तो सही हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। किसी भी एक फ्लाइट को धमकी मिलने का उस एयरलाइंस के 24 घंटे के एयर शेड्यूल सिस्टम में चेन रिएक्शन होता है।

ऐसा इसलिए क्योंकि धमकी भले ही एक एयरक्राफ्ट को मिलती है, लेकिन एक एयरक्राफ्ट 24 घंटे में कम से कम छोटी दूरी की चार से छह उड़ान भरता है। ऐसे में अगर एक फ्लाइट को धमकी मिली तो उस एयरक्राफ्ट के आगे की जितनी भी उड़ाने होंगी, उसका असर उन सभी उड़ानों पर लेट होने, कैंसिल होने या री-शेड्यूल होने के रूप में सामने आता है।

हर फ्लाइट में औसतन 180 यात्री होते हैं। ऐसे में इस साल अभी तक करीब 500 फ्लाइटों को धमकी मिलने का मतलब है कि कम से कम दो हजार फ्लाइट और इन फ्लाइटों से उड़ान भरने वाले 3.5 लाख से अधिक यात्री सीधे रूप से प्रभावित हुए। प्रति फ्लाइट चेन रिएक्शन को देखते हुए तीन करोड़ रुपये के नुकसान के हिसाब से अभी तक देश की विभिन्न एयरलाइंस को करीब 1500 करोड़ यानी 15 अरब रुपये का घाटा उठाना पड़ा है।

### ऐसे लगता है 3 करोड़ का फटका

14 अक्टूबर को एयर इंडिया के विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी। इसमें करीब 200 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। इस विमान में करीब 130 टन जेट ईंधन भरा हुआ था। उड़ान भरने के तुरंत बाद इसमें बम होने की सूचना मिली। दो घंटे बाद इस विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरना पड़ा। ईंधन, यात्री, सामान आदि को मिलाकर इस विमान का वजन करीब 340 से 350 टन के बीच था। एयर इंडिया का यह विमान अधिकतम 250 टन के वजन के साथ ही लैंड कर सकता था। ऐसे में विमान में मौजूद करीब 100 टन ईंधन को हवा में फूंका गया। इसके बाद इस प्लेन को दिल्ली लैंड कराया गया।

## छोटे शहर से निकल जमा दिया सिक्का, अब 750 करोड़ के मालिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंकित प्रसाद बॉबल एआई के संस्थापक और सीईओ हैं। वह झारखंड के एक छोटे से शहर चाईबासा से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने न सिर्फ सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अलबत्ता, ग्लोबल टेक स्टार्टअप जगत में भी अपना परचम लहराया है। 2012 में आईआईटी दिल्ली के मैथमेटिक्स और कंप्यूटिंग प्रोग्राम को छोड़कर उन्होंने अपने सपनों को पूरा करने का फैसला किया। इसी फैसले ने बॉबल एआई को जन्म दिया। यह इनोवेटिव एआई कीबोर्ड प्लेटफॉर्म है। इसके 10 करोड़ से भी ज्यादा यूजर्स हैं। 2023 में इस कंपनी का रेवेन्यू 750 करोड़ रुपये का था। आइए, यहां अंकित प्रसाद की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

अंकित का जन्म झारखंड के छोटे से शहर चाईबासा में हुआ था। उनके पिता रंजीत प्रसाद एनआईटी जमशेदपुर में प्रोफेसर थे। अंकित को बचपन से ही कंप्यूटर का बहुत शौक था। 1995 में उनके पिता ने उन्हें एक कंप्यूटर गिफ्ट किया था। अंकित ने सिर्फ 6 साल की उम्र से ही प्रोग्रामिंग में रुचि दिखानी शुरू कर दी थी। 2005 में अंकित और उनके भाई ने मिलकर वेब डिजाइन का छोटा सा व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में वह होटल, सर्विस बिजनेस और रेस्टोरेंट के लिए वेबसाइट बनाते थे। धीरे-धीरे उनका यह व्यवसाय चल पड़ा और आमदनी होने लगी।

### शुरू से पढ़ाई-लिखाई में थे अव्वल

2005 में ही अंकित ने 10वीं कक्षा में अपने स्कूल में टॉप 3 में जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने आईआईटी की प्रवेश परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। हालांकि, आंखों की समस्याओं के कारण उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। 2007 में उन्होंने पहली बार आईआईटी प्रवेश परीक्षा दी और 5000 से ज्यादा रैंक हासिल की। उन्हें आईआईटी में जगह नहीं मिली, बल्कि एनआईटी जमशेदपुर में दाखिला मिला। अंकित ने हार नहीं मानी और दूसरे प्रयास में 400 रैंक हासिल की। आखिरकार, 2008 में उन्हें आईआईटी दिल्ली में प्रवेश मिल गया।

### ऐसे रखी बॉबल एआई की नींव

आईआईटी दिल्ली में दाखिला मिलने के बाद भी अंकित ने काम करना जारी रखा। 2009 से 2010 के बीच उन्होंने कई कंपनियों के साथ काम किया। 2012 में फ्लिपकार्ट, स्नैपडील और जोमैटो की सफलता से प्रेरित होकर अंकित और उनके भाई ने अपने हॉस्टल के कमरे में ही टच टैलेंट नाम की एक ऑनलाइन कम्युनिटी की शुरुआत की। यह प्लेटफॉर्म लोगों को अपनी कलाकृतियां शेयर करने, प्रदर्शित करने और उनसे पैसे कमाने का अवसर देता है।

# भारत-न्यूजीलैंड टेस्टः फिर तीन स्पिनर्स के साथ उतरेगी भारतीय टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला कल से पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में शुरू होगा। भारत को पहले टेस्ट में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी।

दूसरे टेस्ट में भी भारतीय टीम का कम्पोजीशन वही रह सकता है जो पहले मैच में था, लेकिन इस बार कुछ नाम बदल सकते हैं। टीम फिर पांच बल्लेबाज, एक विकेटकीपर, तीन स्पिनर और दो फास्ट बॉलर के साथ उतरेगी। हालांकि, अंतिम-11 फाइनल करने से पहले टीम मैनेजमेंट को तीन सवालों के जवाब तलाशने होंगे।

**पहला सवाल–** शुभमन गिल या केएल राहुल में से कोई एक खेलेगा? गिल चोटिल होने के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। अब वो फिट हैं। राहुल पहले टेस्ट में फेल रहे थे।

**दूसरा सवाल–** रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के साथ तीसरे स्पिनर कुलदीप यादव होंगे या अक्षर पटेल? पहले टेस्ट में कुलदीप कुछ खास नहीं कर सके थे। अक्षर आते हैं तो बैटिंग मजबूत होगी।

**तीसरा सवाल–** बुमराह के साथ सिराज होंगे या आकाशदीप? सिराज अपनी पुरानी लय में नहीं हैं। आकाशदीप नई गेंद से विकेट ले रहे हैं। बैटिंग भी कर सकते हैं।

सरफराज ने पक्की कर ली जगह बेंगलुरु टेस्ट में गिल को नंबर तीन पर खेलना था, लेकिन मैच से ठीक पहले वे इंजर्ड हो गए। उनकी जगह सरफराज खान को मौका मिला। सरफराज ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए सेंचुरी जमा दी। उनको अब बाहर रखना टीम मैनेजमेंट के लिए बहुत मुश्किल होगा। ऐसे में अगर गिल को प्लेइंग-11 में लाना है तो केएल राहुल को बाहर बैठना ही होगा। यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा, विराट कोहली ऋषभ पंत को तो ड्रॉप किया नहीं जा सकता है। ऐसे में बाहर होने का नंबर केएल राहुल का ही आता है। राहुल को अगर एक मौका और दिया गया तो गिल इस बार भी बेंच पर ही रह जाएंगे।। बैटिंग में गहराई लाने के लिए 3 ऑलराउंडर्स के साथ उतर सकती है टीम पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत की पूरी बल्लेबाजी ढह गई थी। दूसरी पारी में टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर ने अच्छा खेल दिखाया था, लेकिन लोअर ऑर्डर कोई संघर्ष नहीं कर सका था। दूसरी पारी में भारत ने 3 विकेट पर 408 रन बना लिए थे, लेकिन आखिरी 6 विकेट 54 रन जोड़ने में गंवा दिए और टीम 462 पर ऑलआउट हो गई थी। इस बार ऐसी स्थिति न हो इसके लिए भारतीय टीम तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव की जगह अक्षर पटेल को मौका दे सकती है।

2 तेज गेंदबाजों को मिल सकता है मौका टीम इंडिया प्लेइंग-11 में फिर 2 तेज गेंदबाजों को मौका दे सकती है। जसप्रीत बुमराह का खेलना पक्का है। दूसरे पेस बॉलर के लिए मोहम्मद सिराज को आकाश दीप से चैलेंज मिल रहा है। पिछले मैच में मोहम्मद सिराज पेसर्स-फ्रेंडली पिच पर भी ज्यादा असरदार साबित नहीं हुए थे। सिराज ने इस साल 7 घरेलू टेस्ट खेले हैं और 42.83 की औसत से केवल 12 विकेट लिए हैं। यह जसप्रीत बुमराह के बिल्कुल विपरीत है जिन्होंने 7 मैचों में 33 विकेट लिए हैं। आकाश दीप ने अब तक भारत के लिए 3 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 23.12 की औसत से 8 विकेट लिए हैं। आकाश दीप की बैटिंग भी सिराज के मुकाबले स्ट्रॉन्ग है।

जुरेल, कुलदीप समेत 5 खिलाड़ी नहीं होंगे प्लेइंग-11 का हिस्सा टीम इंडिया के 16 मेंबर्स स्क्वॉड में 5 प्लेयर्स बेंच पर बैठेंगे। इनमें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल, राहुल या गिल में से कोई एक और कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज व वॉशिंगटन सुंदर की बाहर बैठने की संभावना ज्यादा है।

गिल या राहुल में से किसी एक को मौका, दूसरे टेस्ट के लिए पॉसिबल प्लेइंग-11





## शतरंज ओलंपियाड ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण की कमी काफी हद तक की पूरी: कुंटे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के नाम एक भी गोल्ड नहीं रहा। लेकिन बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पुरुष और महिला शतरंज टीमों ने दोनों श्रेणियों में स्वर्ण पदक हासिल करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस जीत से पूरा देश खुशी से झूम उठा। महिला टीम के कोच अभिजीत कुंटे के अनुसार, उनकी सफलता ने ओलंपिक में मिली हार की भरपाई कर दी है। उन्होंने कहा, मैंने टीम से कहा कि हम 2022 वाली गलतियां नहीं दोहराएंगे, हम दबाव में नहीं आएंगे और दोहरा स्वर्ण जीतकर नया इतिहास रचेंगे। यह स्वर्ण पदक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण था। हमने ओलंपिक में एक भी स्वर्ण नहीं जीता था और भले ही टूर्नामेंट में हमारे बारे में ज्यादा हाइप नहीं थी, लेकिन हमने ओलंपिक की काफी हद तक भरपाई की। मुझे लगता है कि इससे कई भारतीय बहुत खुश हुए होंगे। डी.गुकेश, आर. प्रागनानंदा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और पी.हरिकृष्णा की युवा भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओपन वर्ग में 11 राउंड में अपराजित रहते हुए ओलंपियाड में भारत का पहला खिताब जीता।महिला वर्ग में डी.हरिका, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, तानिया सचदेव और वंतिका अग्रवाल की भारतीय टीम ने आठवें राउंड में पोलैंड से मिली हार के बाद जोरदार वापसी की और अंतिम राउंड में अजरबैजान पर जीत के साथ खिताब जीता। एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024 में अपने कोच के साथ मौजूद वंतिका ने दोहरी पदक विजेता होने के अपने व्यक्तिगत अनुभव के बारे में भी बात की। वंतिका ने बताया, दो स्वर्ण पदक जीतना बहुत गर्व का क्षण था, पुरुष और महिला टीम ने 100 साल बाद स्वर्ण पदक जीता।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने लगाई जीत की हैट्रिक, मेजबान मलेशिया को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए शारदा नंद तिवारी (11वें ), अर्शदीप सिंह (13वें), तालेम प्रियाव्रत (39वें) और रोहित (40वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मलयेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमन (8वां मिनट) और हैरिस उस्मान (9वां मिनट) ने गोल किए। तीन बार के चैंपियन भारत ने सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान मलयेशिया को 4-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा। भारत की यह लगातार तीसरी जीत है। भारत नौ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है, जबकि न्यूजीलैंड पांच अंकों के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए शारदा नंद तिवारी (11वें ), अर्शदीप सिंह (13वें), तालेम प्रियाव्रत (39वें) और रोहित (40वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मलयेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमन (8वां मिनट) और हैरिस उस्मान (9वां मिनट) ने गोल किए। मलयेशिया ने इस मुकाबले में जोरदार शुरुआत कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। घरेलू टीम ने कप्तान मुहम्मद अदी जाजमी जमलुस के बनाए मौके पर मुहम्मद दानिश ऐमन के मैदानी गोल से बढ़त हासिल कर ली।

## पुणे टेस्टः विराट कोहली की नजर 4 बड़े रिकॉर्ड तोड़ने पर

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में व्यस्त है, जहां मेजबान टीम पुणे के मैदान पर होने वाले दूसरे टेस्ट मैच होना है। अगर हम इस मैदान पर उनके पिछले प्रदर्शन पर गौर करें तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर नजरें रहेंगी। कोहली ने महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में दो टेस्ट खेले हैं, जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 254 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया था। पुणे में मेहमान टीम के खिलाफ खेलते हुए कोहली कई रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करेंगे।

कोहली ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 2404 रन बना लिए हैं। वह डेविड वॉर्नर के कुल 2403 रन का रिकॉर्ड तोड़ने से सिर्फ 20 रन कम हैं।

कोहली वर्तमान में महान डॉन ब्रैडमैन के साथ बैठते हैं क्योंकि दोनों के नाम 29 टेस्ट शतक हैं। अपना 30वां टेस्ट शतक बनाने से कोहली डॉन से आगे निकल जाएंगे, जो उनके करियर में कोहली के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

कोहली 31 टेस्ट अर्धशतकों के साथ सनथ जयसूर्या, तमीम इकबाल, ब्रेंडन मैकुलम जैसे खिलाड़ियों की बराबरी पर हैं। पुणे टेस्ट में 50 या उससे अधिक रन बनाने पर उन्हें सर्वाधिक टेस्ट अर्द्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में उच्च स्थान मिलेगा।

कोहली के पास वर्तमान में न्यूजीलैंड के खिलाफ 936 रन हैं, जो उन्हें भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में 5वें स्थान पर रखता है। यदि वह 29 रन और बना लेते हैं, तो वह ग्राहम डाउलिंग से आगे निकल जाएंगे जिनके नाम न्यूजीलैंड के खिलाफ 964 रन हैं।

## आईसीसी रैंकिंगः टेस्ट में विराट कोहली से आगे निकले ऋषभ पंत



**दुबई, एजेंसी।** ऋषभ पंत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ। दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (36 पायदान ऊपर 18वें स्थान पर) और डेवोन कॉनवे (12 पायदान ऊपर 36वें स्थान पर) ने बल्लेबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई जबकि उनके साथी मैट हेनरी (दो पायदान ऊपर नौवें स्थान पर) गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड की भारतीय धरती पर लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज विल ओरूर्के दो पायदान ऊपर 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को इंग्लैंड के खिलाफ दो पारियों में 11 विकेट लेने का फायदा मिला है। उन्होंने 17वें स्थान पर फिर से गेंदबाजी रैंकिंग में अपनी जगह बनाई। उनके साथी स्पिनर साजिद खान को 22 स्थान का फायदा हुआ और वह 50वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके बाद रविचंद्रन अश्विन का नंबर आता है जबकि रविंद्र जडेजा पहले की तरह सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

## भारत एक मजबूत टीम, जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहतीः ली



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने भारतीय टीम को एक ऐसी 'मजबूत टीम बताया है जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती। उन्होंने साथ ही अपने हमवतन खिलाड़ियों को आगाह किया जो आगामी पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में टीम इंडिया से भिड़ेंगे। बेंगलुरू में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की आठ विकेट की हार के बाद ली की यह प्रतिक्रिया आई है। भारत की नजरें लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी हैं और टीम बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने खिताब की रक्षा के लिए अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। ली ने कहा, 'आज के दिन और पीढ़ी में भारत शक्तिशाली टीम है जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती। उन्हें पता है कि कैसे जीत दर्ज करनी है और उन्हें पता है कि वे ऑस्ट्रेलिया को कैसे हरा सकते हैं। उन्हें पता है कि वे न्यूजीलैंड को कैसे हरा सकते हैं। उन्हें पता है कि वे किसी भी दिन किसी भी टीम को हरा सकते हैं। बेंगलुरू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के प्रदर्शन पर ली ने कहा कि उन्हें लगता है कि वे शायद 'बैजबॉल (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) से प्रभावित हो गए थे जिसके कारण कुछ खराब शॉट खेले। ली ने कहा, 'भारत रक्षात्मक होकर नहीं खेलना चाहता। शायद बैजबॉल दुनिया भर के अन्य क्रिकेटरों को भी प्रभावित कर रहा है। उन्हेंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत जिस तरह खेला उस पर उन्हें गर्व नहीं होगा। उन्होंने कुछ बेहद ढीले शॉट खेले। आसमान में छाए बादलों के बीच पहले बल्लेबाजी करने का भारत का फैसला टीम पर भारी पड़ा जो पहली पारी में सिर्फ 46 रन पर ढेर हो गई। यह घरेलू सरजमीं पर एक पारी में टीम का सबसे कम स्कोर है। ली ने कहा कि टीम को 'जोखिम कारक पर विचार करने की आवश्यकता है और उन्होंने कहा कि भारतीयों को परिस्थितियों का बेहतर आकलन करना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'आपको जोखिम कारक पर भी विचार करना होगा। कई बार ऐसा होता है जब आपको सोचना पड़ता है, 'ठीक है, शायद आज बड़े शॉट काम नहीं कर रहे हैं।

## जिम्बाब्वे ने टी20 इंटरनेशनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

### कप्तान सिकंदर रजा ने 33 गेंद में ठोकी सेंचुरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 7 चौके और 15 छक्के की मदद से 43 गेंद में 133 रन की नाबाद पारी खेली। उनके साथी क्लाइव मडांडे ने 17 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। जिम्बाब्वे ने 23 अक्तूबर 2024 को नैरोबी के रुआराका स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड पर इतिहास रचा। उसने टी20 इंटरनेशनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। जिम्बाब्वे ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप सब रीजनल अफ्रीका क्वालिफायर ग्रुप बी के मैच में गाम्बिया के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 344 रन बनाये। यह पुरुष टी20 इंटरनेशनल मैच में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड नेपाल के नाम था। नेपाल ने 27 सितंबर 2023 को मंगोलिया के खिलाफ 20 ओवर में 3 विकेट पर 314 रन बनाये थे। टी20 इंटरनेशनल में अब तक सिर्फ नेपाल और जिम्बाब्वे ने ही 300 या उससे ज्यादा रन का स्कोर किया है। जिम्बाब्वे की ओर से कप्तान सिकंदर रजा, विकेटकीपर बल्लेबाज तदिवानाशे मरुमानी, ब्रायन बेनेट और क्लाइव मडांडे ने गाम्बिया के गेंदबाजों की जमकर बखिया उधेड़ी। सिकंदर रजा ने 7 चौके और 15 छक्के की मदद से 43 गेंद में 133 रन की नाबाद पारी खेली। उनके साथी क्लाइव मडांडे ने 17 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने कितनी तेज बल्लेबाजी की इसका अंदाजा इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसके सिर्फ एक बल्लेबाज ने 200 से कम (ब्रायन बेनेट/192.31) के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। ब्रायन बेनेट के अलावा जिम्बाब्वे के हर बल्लेबाज ने 220 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। तदिवानाशे मरुमानी ने 9 चौके और 4 छक्के की मदद से 19 गेंद में 62 रन बनाये। डायोन मायर्स एक चौके और एक छक्के की मदद से 5 गेंद में 12 रन बनाकर पवेलियन लौटे।



## ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी थिएम ने संन्यास लिया, फेडरर , नडाल ने उन्हें 'शानदार करियर' के लिए बधाई दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने डोमिनिक थिएम को उनके संन्यास पर बधाई दी, क्योंकि ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने एर्स्टे बैंक ओपन में लुसियानो डार्डेरी के खिलाफ पहले दौर में हारकर अपने पेशेवर करियर को समाप्त कर दिया। ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने 2020 यूएस ओपन में एक प्रमुख खिताब जीता। वह तीन अन्य स्लैम के फाइनल में भी पहुंचे, 17 एटीपी एकल खिताब जीते; करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग नंबर 3 हासिल की; और छह साल के बेहतर हिस्से के लिए शीर्ष 10 में शामिल रहे। फेडरर ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, एक शानदार करियर का अंत हो गया। बधाई डोमी। चाहे कोई भी सतह हो, आपने हमेशा अपने शानदार बैकहैंड से मुझे हराने का एक तरीका ढूंढ लिया। उन्होंने कहा, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपने इसे शालीनता और खेल भावना के साथ किया। थिएम ने फेडरर के खिलाफ अपने सात एटीपी हेड2हेड मुकाबलों में से पांच जीते। उनकी एकमात्र चैंपियनशिप भिड़ंत 2019 परीबा ओपन में हुई, जहां ऑस्ट्रियाई ने अपना एकमात्र एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता।



नडाल, जिन्होंने अपनी सीरीज़ 10-6 से जीती (थिएम ने चार क्ले-कोर्ट जीत हासिल की) ने भी एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की, जिसमें कई लोगों की तरह ही भावना साझा की गई- डैंके डोमी। थिएम ने बिग थ्री - नोवाक जोकोविच, नडाल और फेडरर के खिलाफ़ एक दुर्जेय, यहां तक कि चौंकाने वाला रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने बिग थ्री के खिलाफ़ 16-19 के रिकॉर्ड के साथ करियर समाप्त किया, जिसमें उन्होंने 46 प्रतिशत मैच जीते। उन्होंने फेडरर पर 5-2 की बढ़त हासिल की (जिसमें 2016 में स्टटगार्ट में घास पर जीत भी शामिल है, (संयोग से थिएम की सबसे खराब सतह); एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, जोकोविच (ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने टूर पर नौसिखिया रहते हुए अपने पहले पांच मैच गंवाए थे); और नडाल के खिलाफ 6-10 से हारे (जिसमें स्पेन के खिलाड़ी पर उनकी पसंदीदा लाल मिट्टी पर चार जीत शामिल हैं)।

अपने करियर के अंतिम प्रो मैच में, थिएम ने पहले सेट में शानदार प्रदर्शन किया, खासकर अपने ट्रेडमार्क बैकहैंड के साथ। लगातार पॉइंट जीते गए। थिएम न केवल दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी के साथ बने रहने में सक्षम थे, बल्कि ब्रेक के साथ बढ़त भी हासिल की। हालांकि, डार्डेरी ने स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया, जिसके बाद दोनों खिलाड़ी अपनी सर्विस बचाने में सफल रहे। टाई-ब्रेक में, थिएम के पास पहले से ही 4-2 की बढ़त और 6-5 पर एक सेट पॉइंट था। डार्डेरी ने वापसी की और पहला सेट 7-6 (6) से अपने नाम किया। डार्डेरी ने दूसरे सेट की शुरुआत ब्रेक के साथ की और इस बढ़त को अपने हाथ से जाने नहीं दिया। अंत में, यह 7-6 (6), 6-2 से इतालवी खिलाड़ी के लिए था और थिएम को पेशेवर टेनिस से विदाई में सनसनी से वंचित कर दिया गया। मैच प्वाइंट के बाद लोअर ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी के लिए खड़े होकर तालियां बजाई गईं

# ये हसीनाएं रह चुकी हैं सलमान की जान

**सलमान खान ने भले ही अब तक शादी ना की हो, लेकिन उनके अफेयर के चर्चे कई अभिनेत्रियों के साथ रह चुके हैं। अभिनेता का नाम कई हसीनाओं के साथ जुड़ चुका है। हाल ही में उनकी पूर्व-प्रेमिका सोमी अली उनके बचाव में उतरीं। दरअसल, लॉरेंस बिश्नोई गैंग द्वारा सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद वह सामने आईं। आइए जानते हैं सलमान खान का नाम किन अभिनेत्रियों के साथ जुड़ चुका है?**





### संगीता बिजलानी

80 के दशक के अंत में सलमान खान और संगीता बिजलानी का नाम जुड़ चुका है। दोनों के प्यार के चर्चे चारों तरफ थे। हालांकि, कुछ समय बाद दोनों के बीच दूरियां आ गईं। अंत में सलमान और संगीता एक-दूसरे से अलग हो गए, लेकिन आज भी वह एक अच्छे दोस्त हैं और दोनों एक-दूजे का सम्मान करते हैं।



### सोमी अली

सलमान खान ने प्यार में सरहदें भी पार कर दी। उनके प्यार के चर्चे पाकिस्तानी अभिनेत्री सोमी अली के साथ भी खूब उड़े। 90 के दशक में दोनों का प्यार परवान चढ़ा। हालांकि, कुछ दिनों बाद दोनों ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए.




### कैटरीना कैफ

सलमान खान और कैटरीना कैफ के रिश्ते ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं। वह दोनों आज भी बहुत अच्छे दोस्त हैं। हालांकि, इन दोनों ने अपने रिश्ते को हमेशा एक अच्छी दोस्ती का रिश्ता ही बताया।



### ऐश्वर्या राय बच्चन

ऐश्वर्या राय और सलमान खान के प्यार के चर्चे तो बच्चे-बच्चे की जुबान पर है। शायद ही कोई ऐसा हो जो उन दोनों के बारे में ना जानता हो। सलमान खान और ऐश्वर्या की नजदीकियों को सबसे गहरा माना जाता है। हालांकि, इन दोनों का भी साथ ज्यादा दिनों तक नहीं रहा।



### यूलिया वंतूर

सलमान खान और यूलिया वंतूर की डेटिंग की खबरें भी खूब उड़ीं। दोनों को कई बार एक साथ भी देखा गया। यूलिया को सलमान के परिवार के साथ भी कई बार स्पॉट किया गया था। हालांकि, अब दोनों एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं।

## पान मसाला का विज्ञापन करने से अनिल कपूर का इनकार



**अभिनेता** अनिल कपूर ने एक बड़ा उदाहरण पेश किया है। उन्हें लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने पान मसाला का विज्ञापन करने से साफ इनकार कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अनिल कपूर को पान मसाला का विज्ञापन करने का प्रस्ताव दिया गया और इसके लिए करीब 10 करोड़ रुपये ऑफर किए गए। हालांकि, नैतिक मूल्यों के चलते अनिल कपूर ने इस प्रस्ताव को तुरंत ठुकरा दिया।

अनिल कपूर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए जाने जाते हैं। अनिल कपूर का कहना है कि इस तरह के प्रोडक्ट्स का समर्थन का और विज्ञापन करना एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में उनके नैतिक मूल्यों के विपरीत है।

अनिल कपूर के इस फैसले पर उनके फैंस बेहद खुश हैं और उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। सोशल मीडिया पर अनिल कपूर को अपने इस फैसले के लिए जमकर प्रशंसा मिल रही हैं। एक यूजर ने लिखा, इंसान की पहचान उसके कर्मों से होती है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कलाकारों को इस मामले में अनिल कपूर से सीखना चाहिए। एक यूजर ने लिखा है, ये हुई हीरो वाली बात। गलत का साथ ही नहीं देना।

अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और शाहरुख खान तक कई नामी सितारे पान मसाला के विज्ञापन कर चुके हैं और इस तरह के प्रोडक्ट का प्रमोशन कर चुके हैं। इसके लिए उन्हें प्रशंसकों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी है। वहीं, दूसरी तरफ कई सितारे ऐसे हैं, जिन्होंने पान मसाला के विज्ञापन से साफ मना कर दिया। अनिल कपूर से पहले आर माधवन भी यह मिसाल पेश कर चुके हैं।

### 'हम लोग 2 साल में शादी कर लेंगे'

## काजल राघवानी ने खेसारी पर लगाए शादी का झांसा देने का आरोप, पत्नी को देने वाले थे तलाक



**भोजपुरी** सिनेमा में इन दिनों स्टार्स के बीच काफी विवाद उभरकर सामने आ रहे हैं। खेसारी लाल यादव अक्सर विवादों में रहते हैं। पवन सिंह और काजल राघवानी के साथ उनकी काफी कॉन्ट्रोवर्सी रही है। ऐसे में अब एक्टर पर उनकी एक्स गर्लफ्रेंड काजल ने गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों के बीच पिछले साल पैचअप हो गया था लेकिन, एक बार फिर से उनके रिश्ते में मनमुटाव हो गया है।

काजल ने हाल ही में एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में खेसारी पर गंभीर आरोप लगाए और दावा किया कि उन्होंने उनसे झूठा शादी का वादा किया था और पत्नी को तलाक देने की बात भी कही थी। हालांकि, इस मामले पर एक्टर की ओर से कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। दरअसल, काजल राघवानी इन दिनों हेडलाइन्स में हैं। हाल ही में उन्होंने एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया, जिसे बाद में हटा दिया गया। लेकिन, यूट्यूब पर इस इंटरव्यू की ढेरों क्लिप्स वायरल हो रही हैं। इसी में से एक क्लिप ये भी वायरल हो रही है, जिसमें काजल खेसारी के साथ अपने रिश्ते और शादी के वादे का खुलासा करते हुए नजर आ रही हैं। इन सबके बीच एक्ट्रेस ने जी बिहार झारखंड चैनल से बात भी की थी। इस दौरान बताया था कि वो करीब 5 साल तक खेसारी के साथ रिलेशनशिप में रही थीं और अब दोनों अलग हो चुके हैं। एक्ट्रेस ने ये भी दावा किया कि उन्होंने पब्लिकली उन्हें बदनाम किया है।

**पत्नी से अलग होने की कही थी बात- काजल राघवानी**

इसके अलावा यूट्यूब पर वायरल रही क्लिप की मानें तो इसमें काजल राघवानी को कहते हुए देखा सकता है, 'उनका रोना धोना अलग। ये सारी चीजें होती हैं। इसके बाद उनका ये स्टेटमेंट कि मेरा मेरी बीवी से कोई रिश्ता नहीं है। मेरी बीवी मुझे कुत्तों की तरह ट्रीट करती है। मेरे बचे पैसों के लालची हैं। उन लोगों को बस पैसा चाहिए बाप नहीं चाहिए। बीवी को भी बस पैसा चाहिए मतलब पति नहीं चाहिए और मैं बहुत जल्दी अलग हो जाऊंगा। हम लोग 2 साल में शादी कर लेंगे।'

**शादी करने का किया था वादा**

काजल आगे दावा करती हैं, 'जैसे ही दो साल हुए तो मैंने उनसे बोला दो साल हो गए हैं अब क्या करना है, शादी कर लें? जवाब देते हैं, अभी तो करियर शुरू हुआ है।

बाबू करियर पर ध्यान दो। अभी तो करियर शुरू हुआ है लोग हमें कितना पसंद करने लगे हैं तो काम करते हैं। वो तो साथ रहना ही है। शादी तो करना ही है। शादी तो करूंगा ही। ये बातें होती हैं। वो ऐसे लड़कियां पटाते हैं। आज वो जो अपनी बीवी के लिए इतना अछे जो बन रहे हैं, बिल्कुल भी अछा नहीं हैं। दिखावे के लिए बन रहे हो भई।'

**लड़कियों के अश्लील वीडियो और फोटोज रखने भी किया था दावा**

इतना ही नहीं, काजल राघवानी खेसारी को लेकर काफी कुछ बयां कर चुकी हैं। यहां तक कि उन्होंने ये भी दावा किया है कि वो अपने फोन में लड़कियों की अश्लील वीडियो और फोटोज रखते हैं। हालांकि, इन सभी आरोपों पर अभी तक खेसारी की ओर से कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है।

वहीं, काजल सोशल मीडिया के जरिए भी खेसारी पर निशाना साधने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं।



### ये नियति होती है...

## शादी के सवाल पर निमरत ने कही ऐसी बात

निमरत कौर इंडस्ट्री की एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जो हमेशा अपने ही अंदाज में काम करती हैं, बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अनोखे प्रोजेक्ट्स से दर्शकों का मनोरंजन करती रहती हैं। लंच बॉक्स जैसी ऑफबीट फिल्मों से लेकर एयरलिफ्ट, दसवीं और सजनी शिंदे का वायरल वीडियो जैसी लोकप्रिय हिट फिल्मों तक, उन्होंने साबित कर दिया है कि वह किसी भी श्रेणी में नहीं बंध सकतीं।

हालांकि, ऐसा नहीं है कि सिर्फ उनका काम ही प्रशंसकों को आकर्षित करता है। 2016 के एक पुराने साक्षात्कार में, निमरत ने शादी के बारे में अपने विचार साझा किए थे। अभिनेत्री का यह बयान तब वायरल हो रहा है, जब उनका नाम अभिनेता अभिषेक बचन के साथ जोड़ा जा रहा है।

शादी के बारे में उनके विचार पूछे जाने पर, निमरत ने बताया, मुझसे पूछा गया कि मैं शादी क्यों नहीं करना चाहती, सिर्फ इसलिए कि मेरी अभी शादी नहीं हुई है। मैंने कहा, मुझे नहीं पता कि तुम्हारे दिमाग में यह बात कैसे आई! इसका इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि मैं कुछ नहीं करना चाहती, सिर्फ इसलिए कि मेरी अभी शादी नहीं हुई है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि शादी एक ऐसी चीज है, जो नियति पर निर्भर करती है और यह अपने समय पर होती है, जब आप सही व्यक्ति से मिलते हैं। मुझे नहीं लगता कि ये चीजें पहले से तय की जा सकती हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक बचन की फिल्म दसवीं और सजनी शिंदे का वायरल वीडियो की सफलता के बाद, निमरत अपने अगले प्रोजेक्ट, सेक्शन 84 के लिए कमर कस रही हैं, जो कि महानायक अमिताभ बचन की एक कोर्टरूम ड्रामा है और इसका निर्देशन रिभु दासगुप्ता ने किया है, जो कि टीई3एन में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि वह आगे स्क्रीन पर क्या लेकर आएंगी।

## वॉर 2 में कैमियो भूमिका में नजर आ सकता है पठान



**ऋतिक** रोशन और जूनियर एनटीआर की अपकमिंग फिल्म 'वॉर 2' को लेकर खूब चर्चे हैं। इस एक्इुशन ड्रामा फिल्म की शूटिंग जारी है। पिछले दिनों शूटिंग के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। अब टेलीचक्कर की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में सुपरस्टार शाहरुख खान कैमियो कर सकते हैं। वे 'पठान' लुक में नजर आएंगे। इससे फैंस काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि इस बात की अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

गौरतलब है कि शाहरुख पिछले साल तीन फिल्मों 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' में नजर आए थे। तीनों ने ही बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ बिजनेस किया था। वे इन दिनों 'किंग' फिल्म में बिजी हैं। बता दें साल 2019 में रिलीज हुई वॉर को सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया था। इसमें ऋतिक, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर थे।

इसके सीक्वल की जिम्मेदारी ब्रह्मास्त्र फेम अयान मुखर्जी ने संभाली है। 'वॉर 2' की रिलीज डेट का ऐलान किया जा चुका है। फिल्म अगले साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म को यशराज फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है। 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर', 'पठान' और 'टाइगर 3' के बाद यह स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इसमें कियारा आडवाणी लीड एक्ट्रेस होगीं।

## एमिलिया पेरेज के ऑडिशन के दौरान सेलेना गोमेज बेहोश



**लॉस एंजिलिस।**

अभिनेत्री-गायिका सेलेना गोमेज ने स्वीकार किया है कि एक ऑडिशन के दौरान वह बेहोश हो गई थीं। गायिका ने बताया कि यह सब ऑस्कर पुरस्कार विजेता ओपेरा संगीत 'एमिलिया पेरेज' के ऑडिशन के दौरान हुआ। रपोर्ट के अनुसार, सेलेना लॉस एंजिल्स में फिल्म के प्रीमियर में एली साब की ब्लैक ऑफ-द-शोल्डर गाउन पहनकर पहुंचीं। उन्होंने अपने सह-कलाकारों ज़ो सलदाना, कार्ला सोफिया गैसकॉन, एड्रियाना पाज़ और एडगर रामिरेज़ के साथ शानदार पार्टी के ब्लैक कार्पेट पर पोज दिया।

## 39 की उम्र में मां बनीं टीवी की मधुबाला




**टीवी** की मधुबाला यानि एक्ट्रेस दृष्टि धामी मां बन गई हैं। दृष्टि धामी और उनके पति नीरज खेमका के घर पहले बच्चे की किलकारियां गूंजी हैं। एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी के 10वें महीने डिलीवरी हुई है। 22 अक्टूबर को दृष्टि धामी ने प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। जैस ही उन्होंने फैंस को सोशल मीडिया पर ये गुड न्यूज सुनाई तो उनके चाहने वाले खुशी से उछल पड़े। बधाइयों का तांता लग गया। इससे पहले दृष्टि धामी ने एक फनी पोस्ट शेयर किया था कि 41 हफ्ते हो गए हैं और अभी तक बेबी बाहर नहीं आया है। अब तो वो भी इरिटेट हो गई हैं। इसी पोस्ट पर राहुल वैद्य की वाइफ दिशा ने बताया कि उनका बेबी तो इतनी जल्दी में था कि 37वें हफ्ते में ही बाहर आ गया था। करियर की बात करें तो दृष्टि डांस इंस्ट्रक्टर थीं। फिर मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की। उन्होंने दिल मिल गए, गीत, मधुबाला, एक था राजा एक थी रानी और सिलसिला बदलते रिश्तों का जैसे टीवी सीरियल्स में काम किया है।

### ज्योतिष ने की भविष्यवाणी...

## 2 साल से ज्यादा नहीं चलेगी सोनाक्षी-जहीर की शादी!

**एक्ट्रेस** सोनाक्षी सिन्हा ने इसी साल 23 जून को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग शादी रचाई थी। शादी के बाद कपल एक दूजे संग हैप्पी मैरिड लाइफ जी रहा है। इसी बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता नजर आ रहा है, जिसमे एक एस्ट्रोलॉजर सोनाक्षी सिन्हा की मैरिड लाइफ को लेकर भविष्यवाणी कर रहे हैं।



एस्ट्रोलॉजर सुशील कुमार सिंह को देखा जा सकता है। वह एक पॉडकास्ट के दौरान सोनाक्षी सिन्हा और उनके शादीशुदा जीवन को लेकर भविष्यवाणी करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोनाक्षी सिन्हा की कुंडली में यह शादी 2 साल से ज्यादा चलती हुई नहीं दिखाई दे रही है। एस्ट्रोलॉजर ने आगे कहा कि सोनाक्षी सिंह का जो माथा है वह बहुत ऊंचा है, बाल यहां गए हैं। ऐसा माथा वैवाहिक सुख प्रदान नहीं करता है। जहीर इकबाल की आंखें भी अलग है। इसलिए सोनाक्षी सिन्हा की कुंडली में टाइम तो मुझे नहीं पता, लेकिन मेरी विद्या में टाइम की कोई जरूरत नहीं है।